# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 16-06-2022

# सड़क सुरक्षा में इमरजेंसी प्लान जरूरी : डीएम

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने कहा कि सड़क सुरक्षा शासन/ प्रशासन की प्राथमिकताओं में से है। सड़क सुरक्षा प्लान बनाते समय इमरजेंसी प्लान भी तैयार किये जायें और 20 जून तक 16 ब्लैक स्पाट पर की गयी सुधारात्मक कार्यवाही की डिजीटल डायरी प्रस्तुत की जाये। उन्होंने यह भी कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर रोड सुरक्षा कार्यों को प्रमुखता के आधार पर पूर्ण करें।

**महानगर में पार्किंग के लिए 16 स्थान चिह्नित**

उक्त निर्देश जिलाधिकारी ने विकास भवन सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह बैठक अति महत्वपूर्ण है सभी सम्बंधित अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता के साथ करें। ब्लैक स्पाट की चिन्हीकरण एवं सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 16 ब्लैक स्पाट पर सुधारात्मक कार्यवाही कर दी गयी है तथा जनपद में 10 ब्लैक स्पाट चिन्हित किये गये है। जिलाधिकारी ने कहा कि 16 ब्लैक स्पाट पर किये गये सुधारात्मक कार्यवाही के फोटोग्राफ्स तथा डिजीटल डायरी प्रस्तुत की जाये तथा चिन्हित 10 ब्लैक स्पाट की कार्य योजना 20 जून तक तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। उन्होंने कहा कि सड़कों को सुगम यातायात के दृष्टिगत गढ़ामुक्त किया जाये ताकि सार्वजनिक परिवहन दुर्घटना विहीन एवं सहज बन सके।जनपद में संचालित होने वाले प्राइवेट बसों हेतु बस स्टैण्ड के चिन्हीकरण के संबंध मे बताया गया कि महानगर में 16 स्थानों पार्किंग के स्थान चिन्हित किये गये है और इसकी ईन्टेण्डरिंग की कार्यवाही भी की जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सड़क सुरक्षा विषय पर जागरूकता हेतु स्थानीय स्तर पर ग्राम पंचायत, ब्लाक एवं तहसील स्तर पर रोड सुरक्षा की बैठकें आयोजित की जाये तथा सुरक्षा के व्यापक प्रचार प्रसार कराने के साथ ही लोगो को जागरूक किया जाये ताकि वे स्वयं ही सड़क सुरक्षा जैसे मुद्दों के प्रति शासन के प्रयासों में सहभागी बन सकें। लोक निर्माण विभाग द्वारा 10 करोड़ रूपये से अधिक के सड़क निर्माण सम्बंधी परियोजनाओं में अनिवार्य रूप से थर्ड पार्टी आडिट कराने के निर्देश जिलधिकारी ने देते हुए कहा कि कृत कार्यवाही की आख्या समय से उपलब्ध करायी जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर विनीत कुमार सिंह, एसपी ट्रैफिक सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी, ट्रांसपोटर्स आदि उपस्थित रहे।

## सड़क-मोहल्लों में पानी भरा तो होगी जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई

**देवरिया रोड पर निर्माणाीन नाले के निरीक्षण के दौरान डीएम ने दी चेतावनी**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जलभराव की समस्या के निस्तारण को लेकर डीएम कृष्णा करूणेश ने काफी गंभीरता दिखाई है। बुधवार की सुबह उन्होंने कई निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। शुरूआत देवरिया रोड पर आठ साल से बन रहे नाले से हुई। जिलाधिकारी ने सिंघड़िया से रामनगर कड़जहा तुर्रा नाला तक बन रहे नाले का जायजा लिया और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को चेताया कि किसी भी कीमत पर इस बार जलभराव नहीं होना चाहिए। सड़क या मोहल्लों में पानी भरा तो जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि काम जल्द पूरा कर लिया जाए। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने डीएम को बताया कि नाला का निर्माण बरसात शुरू होने से पहले पूरा कर लिया जाएगा। इस बार पिछले वर्षों की तरह स्थिति नहीं होने पाएगी। डीएम ने सिंघड़िया में बन रहे सैंपवेल का भी निरीक्षण किया। डीएम ने प्रौद्योगिकी वि विद्यालय चौकी के पास भी नाले का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने उन्हें नाले के रूट के बारे में जानकारी दी। बताया कि तुर्रा नाले की सफाई भी कराई गई है। डीएम ने कहा कि जल्द से जल्द निर्माण पूरा कर लिया जाए। वह एक सप्ताह के भीतर दोबारा निरीक्षण करने आएंगे।

**सीएम से हुई थी फरियाद न सुनने की फरियाद, एसएसपी ने की डॉक्टर की भूमिका में ऑपरेशन**

# चिलुआताल-बासगांव थानेदार समेत चार सिपाही लाइन हाजिर

**फरियादियों और पुलिसवालों का कप्तान ने कराया आमना-सामना**

**एसएसपी के एक्शन लेने के बाद पुलिस विभाग में बढ़ी हलचल**

**कई दारोगा को चेतावनी, बड़हलगंज के एसएसआई सहित कई सस्पेंड**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एसएसपी डा. विपिन ताड़ा चिकित्सक की भूमिका में बुधवार को नजर आए । फरियादियों की समस्याओं का थाने स्तर पर समाधान नहीं हो रहा था। सीएम के जनता दरबार में फरियादियों की लगातार बढ़ रही संख्या पर सीएम के तल्ख तेवर को देखते हुए लाईलाज हो रहे इस रोग को नियंत्रित करने के लिए एसएसपी ने बुधवार को खुद अपने डायग्नोसिस के आधार पर कड़वी दवा लिखी। पुलिस वाले और फरियादियों का आमना सामना कराया गया तो खाकी वालों की कलई खुल गयी। फरियादियों की समस्याओं के समाधान करने में बरती गयी लापरवाही को देखते हुए एसएसपी ने चिलुआताल, बासगांव थानेदार और चार सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया।

एसएसपी डा. विपिन ताडा ने फरियादियों और पुलिसकर्मियों को आमने सामने बैठाकर शिकायतों के निस्तारण में हो रही लापरवाही की समीक्षा की। इस दौरान कई दरोगा और पुलिसकर्मी सस्पेंड कर दिए गए और कई थानेदार लाइन हाजिर हो गए। सबसे बड़ी बात यह थी मीटिंग के दौरान ही मीडिया के सामने एसएसपी लाइन हाजिर और निलंबन का मौखिक आदेश देते रहे और चंद मिनट में ही उनके सामने आदेश टाइप होकर हस्ताक्षर के लिए आ जाता। इस दौरान एसएसपी ने मीडिया के कैमरों के सामने और फरियादियों की उपस्थिति में ही पुलिसकर्मियों को फटकार लगाई।एसएसपी ने बुधवार की दोपहर 3 बजे से 150 फरियादियों और उनके शिकायतों से संबंधित थानेदार, चौकी इंचार्ज, हल्का दरोगा और बीट सिपाहियों को बुलाया था। उनको आमने सामने बैठाकर शिकायतों की समीक्षा शुरू हो गई। जो देर रात तक जारी है।

इस दौरान सबसे अधिक शिकायतों के आने के बाद भी बैठक में मौजूद न रहने पर चिलुआताल इंस्पेक्टर विनोद अगिहोत्री, इंस्पेक्टर बांसगांव विवेक मलिक और दरोगा छोटेलाल समेत 3 को लाइन हाजिर कर दिया। इसके अलावा खजनी के उनवल चौकी इंचार्ज बब्लू कुमार,बड़हलगंज के हेड कांस्टेबल बृजेंद्र कुमार सिंह,गोला के एसआई दिनेश चौधरी और बांसगांव के दरोगा गोपाल यादव को सस्पेंड कर दिया।

इसके अलावा एसएसपी ने खजनी के हल्का नंबर चार के दरोगा बांकेलाल यादव, बड़हलंगज के इंस्पेक्टर मुधपनाथ मिश्रा, खजनी इंस्पेक्टर इकरार, दरोगा घनश्याम को व्यग्तिगत चेतावनी दिया। वहीं एसओ गगहा के प्राइवेट व्यवहार पंजिका पर चेतावनी दर्ज किया साथ ही गोरखनाथ के बीट सिपाही अनंत कुमार पर ओआर लगाया। दरअसल पिछले कई महीने से सीएम के जनता दर्शन में पुलिस की शिकायतें पहुंच रही थीं कि थाने पर सुनवाई नहीं होती। 10 तारिख को सीएम के पास 800 शिकायतें पहुंची थीं। जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई थी। वही पुलिस अधिकारियों के पास भी रोजाना फरियादियों की संख्या बढ़ने लगी।

सोमवार को एसएसपी के पास एक साथ 200 फरियादी पहुंच गए। जिसके बाद एसएसपी ने जिले के सभी थानों से फरियादियों और उनसे संबंधित पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइंस में बुलाया था।एक एक कर एसएपी ने पहले फरियादियों से उनकी समस्या पूछा। पूछा कि कब शिकायत किए थे थाने या चौकी पर फिर संबंधित पुलिसकर्मी से पूछा कि इसम आप ने क्या कार्रवाई की ताकि मामले का थाना और चौकी स्तर से निस्तारण हो सके और फरियादी अफसरों के पास न जाएं। अधिकांश पुलिसकर्मी एसएसपी के प्रश्नों पर संतोषजन उत्तर नहीं दे पा रहे थे।



फरियादियों की समस्याओं का थाने स्तर पर समाधान कराते अधिकारी।

एसएसपी के सामने पुलिस लाइंस में कुल 112 फरियादी आए थे जिनकी थाने पर शिकायत गई थी। इसमें चिलुआताल से 13, कैंट से 7, बांसगांव से 7, झंगहा 7, गोला 6, पिपराइच 6, गुलरिहा 6, खजनी 6, बड़हलगंज 6, रामगढ़ताल 6, सिकरीगंज 5, चौरीचौरा 5, गगहा 5, सहजनवां 4, कैंपियरगंज 3, खोराबार 3, गोरखनाथ 3, शाहपुर 2 , पीपीगंज 2,बेलघाट 2, कोतवाली 1 और हरपुर बुदहट से 1 केस आया था। खजनी के वृद्ध व्यक्ति ने बताया कि एक युवक उनके साथ जालसाजी किया है और पुलिस सुन नहीं रही है। जालसाज ने एक लाख 3 हजार रुपये ले लिया है। दरोगा ने 6 के खिलाफ केस दर्ज किया और चार्जशीट दाखिल किया। लेकिन उसके बावजूद पासपोर्ट बनवा कर एक आरोपी विदेश चला गया। जिस पर एसएसपी ने दरोगा बांकेलाल यादव को खूब फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि फरियादियों को आप लोग जान बूझकर परेशान करते हैं और अधिकारियों के पास भेजते हैं। ये कल्चर अपने अंदर से निकाल दें कि जाओ जहां जाना है अंत में आओगे तो मेरे पास थाने पर ही। एसएसपी ने पासपोर्ट निरस्त करने की कार्रवाई का निर्देश दिया।

**उनवल चौकी इंचार्ज ने मारपीट में दर्ज किया एनसीआर , सस्पेंड :** उनवल के हरिराम यादव ने बताया कि 12 जून को मारपीट हुई। पुलिस ने केवल एनसीआर किया है। जबकि विपक्षी का लड़का वीनीत पर 11 मुकदमे हैं। हत्या में आजीवन कारावास की सजा काट चुका है। जेल में भी आगजनी किया है। जिसपर एसएपी ने चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया। और थानेदार को कहा कि घ्उसकी क्रिमिनल हिस्ट्री निकाली जाए, जिला बदर किया जाए और भूमि विवाद का टीम बनाकर वीडियो के साथ भूमि विवाद रजिस्टर में दर्ज कर निस्तारण कराया जाए।इसी प्रकार एसएसपी के सामने बड़हलगंज के जयलाल ने बताया कि विदेश भेजने के नाम पर 1 लाख 80 हजार ले लिया गया। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और न ही केस दर्ज किया।इस पर उन्होंने हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया। वहीं गोला की चंदा देवी का रास्ते को लेकर अपने पट्टीदारों से विवाद है। उसकी उंगली काट दी गई है लेकिन एसआई ने कोई कार्रवाई नहीं की। केवल 107 और 116 किया। जिसके बाद एसएसपी ने एसआई अजय कुमार को सस्पेंड कर दिया।एडीजी सीबीसीआईडी की पत्नी सुधा देवी ने एक जमीन खरीदी। जिसपर बेचने वाला अब मकान नहीं बनवाने दे रहा है। जिसपर एसएसपी ने शाहपुर इंस्पेक्टर को फटकार लगाई और चौकी इंचार्ज रामप्रवेश को मौके पर बुलाया।कहा कि मकान न बनने देने वाली दोनों महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई करें।

इसी प्रकार गोला के रामजीत आए थे। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी को ससुराल में जहर देकर मारने का प्रयास किया गया। पुलिस ने मेडिकल ग्राउंड पर धारा 307 और 328 निकाल दिया। साथ ही एक आरोपी धर्मेंद्र का नाम निकाल दिया। जबकि धर्मेंद्र फर्जी पासपोर्ट बनवाकर हरमेंदर के नाम से विदेश में है। उसका कहना है कि वह घटना के समय विदेश में था जबकि वादी ने सबूत पेश किया कि वह घटना के समय यहीं था। यह घटना 2019 की है। साथ ही वादी ने बताया कि सीमा ने धर्मेंद्र की पत्नी बनकर पहले उसकी जमानत कराई और बाद में हरमेंद्र की पत्नी बनकर उसकी जमानत कराई। वहीं कुछ ऐसे मामले भी आए जिसमें पुलिस की लापरवाही से कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद आरोपी ही फरियाद करने लगे। जैसे की गगहा की संगीता देवी आई थीं। उन्होंने खुद एक जमीन कब्जा किया है। जिसमें एसडीएम ने एक लाख का जुर्माना भी उसपर लगाया है। अब वह पति पर हमला करने का आरोप लगाकर फरियाद कर रही है। पुलिस ने उसके खिलाफ जांच कर पूरी लिखित कार्रवाई का निर्देश दिया। इसी प्रकार बांसगांव की एक लड़की भाग गई थी। जिसमें पुलिस ने लड़की को बरामद किया था। पता चला कि एक लड़की लड़का बनकर उसके साथ रहती थी। पुलिस बरामद कर लाई लेकिन आरोपी पर केस दर्ज नहीं किया। जिसके कारण अब आरोपी लड़की फरियाद लेकर आइ थी कि उसके साथ मारपीट हुआ। जिसपर एसएसपी ने बांसगांव थानेदार को लाइनहाजिर किया और दोनों पक्षों पर केस दर्ज करने को कहा।

**-107 और 116 में अधिकांश कर रहे कार्रवाई :** एसएसपी के सामने आया कि पुलिस निस्तारण और कार्रवाई के नाम पर केवल 107,116 और 151 की कार्रवाई कर रही है। तहरीर के आधार पर कड़ी कार्रवाई दोषी पर नहीं कर रही है। साथ ही अधिकांश जमीन मामले में सुलह या पाबंद तक ही सीमित है। वहीं भूमि विवाद रजिस्टर पर दर्ज नहीं कर रही है। जिसपर एसएसपी ने खूब फटकार लगाई। और तहरीर के गुण दोष के आधार पर आरोपी पक्ष पर सख्त कार्रवाई करते हुए केस दर्ज करने और जेल भेजने का निर्देश दिया।

# अपहृत युवती बरामद

रकहट। गगहा क्षेत्र से अपहृत युवती को पुलिस ने 48 घंटे में बरामद कर लिया। क्षेत्र के एक गांव की युवती की मां ने सोमवार को थाने पहुंच कर गांव के ही युवक पर पुत्री का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस शिकायत के आधार पर नागेंद्र पुत्र लाल बिहारी के खिलाफ अपहरण व मारपीट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। बुधवार को एसआई अनीत राय की टीम ने युवती को सकुशल बरामद कर लिया।

# गीता प्रेस इलाके की ड्रोन कैमरे से निगरानी

गोरखपुर (एसएनबी)। भाजपा से निलंबित नुपूर शर्मा के वयान से उपजे विवाद को देखते हुए शुक्रवार को शहर में अमन चैन कामय करने के लिए बुधवार को एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने गीता प्रेस इलाके की ड्रोन कैमरे से निगरानी की है।



एसपी सिटी ने वताया कि शहर में पुलिस को सर्तक रखने के साथ ही छतो पर ईंट पत्थर रकने की निगरानी तेज कर दी है। उन्होंने वताया कि कोतवाली इलाके में ड्रोन कैमरे से निगरानी के दौरान यह पाया था कि दर्जनों मकानों के छतों पर ईंट के टुकड़े मिले थे। मकान मालिक को मकान की छत की सफाई करने के लिए प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को जुमे की नमाज को देखते हुए अभी से पुलिस की सर्तकता वढ़ा दी गयी है। एसपी सिटी ने गीता प्रेस इलाके में ड्रोन कैमरे से छतों की निगरानी की गयी हैं।

उन्होंने वताया कि नगर क्षेत्र के संवेदनशील स्थानो का ड्रोन कैमरे से निरीक्षण किया गया । जहाँ पर भी ईंट,पत्थर अथवा आपत्तिजनक सामाग्री छत पर पायी गयी तत्काल सख्त चेतावनी देते हुए साफ कराया गया तथा सभी को हिदायत दिया गया किं किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक सामाग्री अपने छत पर इकट्ठा न करें अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी ।

# बच्चों को सिखाया यातायात नियमों का पाठ

चौरीचौरा (एसएनबी)। सरैया पंचायत भवन पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र व लाइफ केयर सोसाइटी के संयोजक सचिन गौरी वर्मा द्वारा गरीब परिवार के बच्चों के लिए फ्री स्पोकन इंग्लिश का निशुल्क क्लास शुरू किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में स्ट्रीट क्लास की संस्थापिका स्वेच्छा श्रीवास्तव द्वारा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। कार्यक्रम के दौरान सब इंस्पेक्टर रामवृक्ष यादव ने उपस्थित छात्रछात्राओ को सम्बोधित करते हुए यातायात नियमों का पाठ पढाया। स्वेच्छा श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों को कभी भी रटना नहीं चाहिए, बल्कि समझ कर पढ़ना चाहिए। सचिन गौरी वर्मा ने बताया कि वो गरीब परिवार के 50 बच्चों को निशुल्क इंग्लिश बोलना सिखाएंगे, उनको ट्रेनिंग देंगे। सचिन ने बताया कि उनको शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा सब इंस्पेक्टर रामवृक्ष यादव, सुग्रीव ओझा एवं लाइफ केयर सोसाइटी के प्रवंधक संजय जायसवाल से मिली है। युवा समाजसेवी आजाद पांडेय का भी इसमें विशेष सहयोग रहा । कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान सरैया आलोक यादव ने किया। कार्यक्रम में बबलू, मयंक, अनमोल, अमन, दिव्यम, यश, मनीषा, मोनालिशा, दीपशिखा, हैप्पी, अंतिमा, हा, शालिनी इत्यादि उपस्थित रही।



पुरस्कार वितरित करते सब इंस्पेक्टर रामबृक्ष यादव व अन्य।

# पुलिसकर्मी मामले को लंबित न करें : एसडीएम

कैंपियरगंज (एसएनबी)। कैंपियरगंज थाना परिसर में एसडीएम पंकज दीक्षित व पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय सिंह ने संयुक्त रुप से पुलिसकर्मियों के साथ वैठक किया। वैठक में पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में शांति व्यवस्था वनाये रखने के लिए ड्यूटी के प्रति मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया। पुलिस कर्मी मामले को लंवित कत्तई न करे। मामले को तत्काल निस्तारित करें। एसडीएम और सीओ ने जंगलवव्वन गांव में चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया। संवाद के दौरान अधिकारी द्वय ने कहा कि गांव स्तर के मामले गांव में ही निपटायें, जिसके लिए राजस्व लेखपाल व पुलिस कर्मी आपके साथ हैं। क्षेत्र में शांति व्यवस्था वनाये रखने के लिए प्रशासन का सहयोग करें। एसडीएम ने कहा कि गांव में लेखपाल पहुंच कर समस्या का समाधान करेंगे।गांव के विकास के लिए व्लाक कर्मचारी अपने दायित्व का भी निर्वहन करेंगे। वैठक में प्रभारी निरीक्षक रंजीत सिंह सहित ग्रामीण व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# महिला से 50 हजार की टप्पेबाजी

कुसम्ही बाजार। खोराबार थाना क्षेत्र के कुसम्ही बाजार में बैंक से पैसा निकालने आई महिला के साथ टप्पेबाजों ने कागज की गड्डी थमाकर रुपये लेकर गायब कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गुड्डी देवी पत्नी नागेंद्र विश्वकर्मा कुसम्ही बाजार में ओमप्रकाश गुप्ता के मकान में किराये पर रहती है।

बुधवार को दिन में कुसम्ही बाजार स्थित एक बैंक में पैसा निकालने आयी थी। बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर ज्योही बाहर निकली की दो टप्पेबाज पासबुक देखने के बात में उलझाकर कागज की गड्डी थमा कर पैसा लेकर गायब हो गए।

# दुकान से 50 हजार के सिक्के हुए चोरी

घघसरा, हिन्दुस्तान संवाद। सहजनवा थाना के घघसरा चौकी से 500 मीटर दूर कोड़री उर्फ हड़ही स्थित बिल्डिंग मटेरियल की दुकान से मंगलवार की रात दुकान में घुसे चोरों ने 50 हजार के सिक्के चुरा ले गए।

बुधवार सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो चोरी की जानकारी हुई। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन कर चोरों के तलाश में जुट गई है। घघसरा चौकी क्षेत्र के कोड़री उर्फ हड़ही गांव के मोलहू गुप्ता बिल्डिंग मटेरियल की दुकान चलाते हैं। सड़क के किनारे दुकान है और पीछे मकान बनवाकर परिवार रहता है। उन्होंने बताया कि सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो एक तरफ से शटर उठा हुआ था। दुकान खोलकर अन्दर गए तो देखा की काउंटर से करीब 50 हजार के सिक्के चोर उठा ले गए।

## गगहा क्षेत्र का राउतपार कस्बा सन्न रह गया, नहीं पहुंचे जिम्मेदार

# चंदा लगा हुआ झीनक का अंतिम संस्कार

गगहा, हिन्दुस्तान संवाद। झीनक की मौत ने जहां जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल खड़ा कर दिया, वहीं व्यवस्था पर गहरी चोट की है। झीनक की मौत की जानकारी होने के बावजूद बुधवार को भी कोई जिम्मेदार मासूमों के पास नहीं पहुंचा। राउतपार चौराहे के लोगों ने चंदा इकठ्ठा किया व झीनक के मौसेरे भाई ने हाथ बंटाया। सुबह स्थानीय लोगों ने सहयोग कर झीनक का शव रकहट स्थित राप्ती तट पर पहुंचाया जहां मासूम करन ने मुखाग्नि दी।

मंगलवार की देर शाम 12 वर्षीय झीनक की मौत की खबर से गगहा क्षेत्र का राउतपार कस्बा सन्न रह गया। लोग भागकर बेबस-लाचार और मासूम भाइयों के पास पहुंचे। झीनक के दोनों छोटे भाई 7 वर्षीय करन और 5 वर्षीय अजय का करुण क्रंदन सुनकर लोगों की आंखें भर आईं। रात में आसपास के लोग करन और अजय को ढांढस बंधाते रहे। लोगों को उम्मीद थी कि सुबह तक कोई न कोई जिम्मेदार जरूर पहुंचेगा और दोनों मासूम भाइयों की मदद करेगा। बुधवार की सुबह भी जब कोई जिम्मेदार नहीं पहुंचा तो चौराहे के लोगों ने चंदा लगाया और झीनक के दाह संस्कार की तैयारी शुरू की।

- झीनक का शव रकहट स्थित राप्ती तट पर हुआ दाह संस्कार
- रात में आसपास के लोग करन और अजय को ढांढस बंधाते रहे

### चार ग्रामसभाओं की सीमा पर रहता था यह परिवार

आस-पास के लोग दबी जुबान से कह रहे हैं कि राजकुमार और उसका परिवार अतायर, राउतपार, बेलादार और कहला ग्रामसभाओं की सीमा पर रहता था। बावजूद इसके इस परिवार में कोई वोटर नहीं बन पाया था। वोटर न होने की वजह से इस परिवार की तरफ कभी किसी ने ध्यान ही नहीं दिया। और तो और अभी तक कोई जिम्मेदार जन प्रतिनिधि या अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

### कुपोषण और नशे के शिकार हैं मासूम

गोरखपुर। गगहा के रावतपार-बेलादार गांव में लावारिस दोनों बच्चों में कोई बीमारी नहीं मिली है। वे कुपोषण व नशे के शिकार पाए गए हैं। उनकी टीबी, कोरोना व टाइफायड की रिपोर्ट निगेटिव आई है। एचआइवी जांच गुरुवार को की जाएगी। एक दिन पहले बच्चों के बड़े भाई की मौत हो गई थी। इसके पूर्व उनके माता-पिता व बहन की भी मौत हो गई थी। सीएमओ के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गगहा की टीम ने गांव में पहुंचकर बच्चों के शरीर का तापमान लिया, जो सामान्य था। उनके खून व बलगम के नमूने भी लिए गए। टाइफाइड, टीबी व रक्त की सामान्य जांच की गई। सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि बच्चों को नशे की लत है और वे कुपोषण के शिकार पाए गए हैं।

अलबत्ता एक युवक वहां रोता-बिलखता पहुंचा। वहां इकट्ठी भीड़ को बताया कि वह झीनक का मौसेरा भाई है। उसने करन और अजय के साथ झीनक के दाह-संस्कार के कार्यों में हाथ बंटाना शुरू किया। भीड़ ने झीनक का शव राप्ती तट पर पहुंचाया जहां करन ने मुखाग्नि दी। करन ने जब बड़े भाई को मुखाग्नि दी तो वहां हर शख्स की आंख भर आई। अंतिम संस्कार के बाद लोग उसके दोनों मासूम भाइयों को साथ लेकर राउतपार चौराहे पर पहुंचे।

# योग दिवस पर तारामंडल में योग कर सकते हैं मुख्यमंत्री

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। विश्व योग दिवस इस बार प्रदेश के लिए यादगार साबित होगा। जिले में आठ लाख लोग योग करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तारामंडल में योग दिवस के मौके पर योग कर इसका उद्घाटन कर सकते हैं। इसकी तैयारी स्वास्थ्य विभाग ने भी शुरू कर दी है।

पूरे देश में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के तहत आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसके तहत अमृत योग सप्ताह की शुरुआत भी 15 जून से शुरू की गई है। विश्व योग दिवस के मौके पर 21 जून को एक साथ जिले आठ लाख लोगों को योग कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए समितियां भी बनाते हुए जिम्मेदारियां भी सौंप दी गई है।

सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि योग दिवस की तैयारियां पूरी कर ली गई है। योग करने वालों से यह निवेदन भी किया जा रहा है कि लोग आयुष कवच एप पर फोटो अपलोड करें, जिससे की जिला रिकॉर्ड बना सके।



## योगी सोमनाथ व प्रमोद यादव ने कराया अभ्यास

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर में बुधवार को योगी सोमनाथ एवं योगाचार्य प्रमोद यादव ने योगाभ्यास कराया। शुरुआत प्रार्थना से हुई उसके बाद ग्रीवा चालन, सकंध संचालन, कटि संचालन, घुटना संचालन कराया गया। कपालभाति एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए योगी सोमनाथ ने फायदे भी गिनाए।

# ऑटो चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने ऑटो चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो ऑटो बरामद कर लिया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान सहजनवा के भीटी रावत निवासी मनीष चौहान, पिपराइच के तुर्रा बाजार निवासी सलीम और गोला के भूपगढ़ निवासी विकास सिंह के रूप में हुई है। एसपी सिटी कृष्ण विश्नोई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। एसपी सिटी ने बताया कि शाहपुर के नारायणपुर से मंगलवार की रात ऑटो चोरी की जानकारी मिली थी।

# मामलों का निस्तारण नहीं हुआ तो रुकेगा वेतन

गोरखपर, वरिष्ठ संवाददाता। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने कहा कि समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ कराएं। यदि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही हुई या निस्तारण को लेकर गलत रिपोर्ट दी गई तो संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डिफाल्टर संदर्भ बढ़ने पर यानी तय समय से निस्तारण न होने पर संबंधित अधिकारी का एक दिन का वेतन बाधित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने मंगलवार की शाम अधिकारियों के साथ आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी डिफाल्टर संदर्भ को देखें। अगले तीन दिनों में डिफाल्टर संदर्भ में जाने वाली शिकायतें भी नजर आती हैं, उसे भी समय से निस्तारित कराएं। उन्होंने कहा कि निस्तारण में खानापूरी नहीं चलेगी। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना चाहिए। कई बार ऐसे मामले आते हैं जिसमें निस्तारण के लिए एक से अधिक विभागों की जरूरत होती है लेकिन निस्तारण के समय दूसरे विभाग से संपर्क करने को लिख दिया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए।

पुलिस एवं राजस्व, दोनों विभागों की जरूरत है तो दोनों विभागों की टीम संयुक्त रूप से जाकर प्रकरण का निस्तारण करे।

# महज 13 मिनट में मेडिकल कॉलेज पहुंची एंबुलेंस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। आपात स्थिति में एंबुलेंस से जिला अस्पताल से मरीज को मेडिकल कॉलेज पहुंचाने के लिए बुधवार को ट्रैफिक पुलिस ने ग्रीन कॉरिडोर का रिहर्सल किया। जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज तक करीब 13 मिनट में ग्रीन कॉरिडोर के रास्ते एंबुलेंस को पहुंचाया। इस रिहर्सल में ट्रैफिक पुलिस के अलावा स्वास्थ्य विभाग और आईटीएमएस कंट्रोल रूम के कर्मचारी भी शामिल रहे।

**रिहर्सल**

- इमरजेंसी जरूरत के लिए ग्रीन कॉरिडोर का किया रिहर्सल
- जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज के लिए निकली थी एम्बुलेंस



बुधवार को ट्रैफिक पुलिस ने शहर में ग्रीन कॉरीडोर का रिहर्सल किया।

दरअसल, इमरजेंसी मरीज को न्यूनतम समय में बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर व्यवस्था का अभ्यास एसपी ट्रैफिक के नेतृत्व में रिहर्सल किया गया, जिसमें एम्बुलेंस संख्या यूपी 32 ईजी 4464 को जिला चिकित्सालय से 13.45 बजे प्रस्थान कर बीआरडी मेडिकल कॉलेज तक पहुंचाने में कुल 13 मिनट लगे। इस ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था में एम्बुलेंस सेवा के जिला प्रभारी प्रवीण और जिला चिकित्सालय से मेडिकल कॉलेज के मार्ग में पड़ने वाले शहर के विभिन्न थाने व चौकियों के तालेमल से सफलता मिली।

जिला अस्पताल से कचहरी चौराहा, जटेपुर पुलिस चौकी, गणेश चौराहा, काली मन्दिर तिराहा, असुरन पुलिस चौकी, असुरन चौराहा से शाहपुर थाना होते हुए खजांची चौराहे से पुलिस चौकी मेडिकल कॉलेज के रास्ते बीआरडी कैम्पस तक कम समय में पहुंच गए। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि भविष्य में एम्बुलेंस जैसे आपतकालीन वाहन को समय से पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। स्थानीय स्तर पर इसका नेतृत्व टीआई मनोज कुमार राय, श्यामानन्द राय व विनोद कुमार एवं उपनिरीक्षक राहुल राव, मय यातायात कर्मचारियों ने किया तो वहीं मार्ग व्यवस्था से सम्बन्धित चौकी, थानों के पुलिस कर्मियों ने भी इसे सफल बनाया।

ग्रीन कॉरिडोर बनाने का उद्देश्य गंभीर मरीज को समय से उपचार उपलब्ध कराना होता है। शहर में आमतौर पर एम्बुलेन्स को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज पहुंचने में 50 मिनट का समय लगता था।



बुधवार को गीता प्रेस की छत से संवेदनशील स्थानों की ड्रोन कैमरे से निगरानी करते पुलिसकर्मी।

# संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी

गोरखपुर। शहर में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी शुरू कर दी गई है ।कोतवाली व राजघाट क्षेत्र में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने शाम को फोर्स के साथ गश्त किया। दुकानदारों के साथ ही स्थानीय लोगों से बातचीत कर उपद्रवियों के बारे में पुलिस को सूचना देने को कहा। शाम छह बजे ड्रोन के साथ एसपी सिटी गीता प्रेस पहुंचे। यहां छत से ड्रोन उड़ाकर घंटाघर, रेती, लालडिग्गी, साहबगंज बाजार की निगरानी की।

चिलुआताल व बांसगांव के थानेदार और एक दरोगा लाइन हाजिर, फरियादियों के सामने ही एसएसपी ने की कार्रवाई

# तीन दरोगा सस्पेंड, दो थानेदार लाइन हाजिर

## गाज गिरी

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** पीड़ितों की फरियाद सुनने में लापरवाही पर एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बुधवार की रात में उनवल चौकी इंचार्ज सहित तीन दरोगा और एक हेड कांस्टेबल को निलम्बित कर दिया। इनके खिलाफ विभागीय जांच भी की जाएगी। वहीं बांसगांव और चिलुआताल थानेदार सहित तीन दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया। यह कार्रवाई फरियादियों और संबंधित पुलिसवालों को चौपाल में आमने सामने बैठाकर की।

बुधवार को एसएसपी ने पुलिस लाइन में फरियादियों की चौपाल लगाई और उनकी समस्या सुनीं। यह सभी फरियादी सोमवार को एसएसपी दफ्तर पर पहुंचे थे। एसएसपी ने उनकी समस्या सुनी तो पता चला कि इसमें ज्यादातर का समाधान थाने स्तर से ही हो सकता था। एसएसपी ने इन सभी के प्रार्थनापत्र अलग कराए और संबंधित फरियादियों को बुधवार को पुलिस लाइंस में बुलाया। फरियादियों के साथ संबंधित दरोगा, बीट पुलिस अफसर (बीपीओ) और जहां से सबसे ज्यादा शिकायत आई थी। वहां के थानेदारों को भी बुलाया था। हाल यह था कि 112 से ज्यादा फरियादी पुलिस लाइंस में पहुंचे थे। एसएसपी ने इनकी फरियाद सुनने के साथ ही संबंधित थाने से आए पुलिसकर्मियों से बात की।

दरोगाओं की लापरवाही सामने आने पर वहीं पर कार्रवाई का फैसला भी सुना दिया। सबसे ज्यादा फरियाद चिलुआताल थाने से आई थी और वहां के थानेदार चौपाल में नहीं आए थे, लिहाजा उन्हें लाइन हाजिर किया। वहीं बांसगांव के प्रार्थनपत्रों पर कार्रवाई में लापरवाही पर वहां के थानेदार को भी हटा दिया है।

**200 शिकायतें पहुंची एसएसपी के यहां :** पिछले कई महीने से सीएम के जनता दर्शन में पुलिस की शिकायतें पहुंच रही थीं कि थाने पर सुनवाई नहीं होती। 10 तारिख को सीएम के पास 800 शिकायतें पहुंची थीं। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई थी। वहीं सोमवार को एसएसपी के पास एक साथ 200 फरियादी पहुंच गए। एसएसपी ने जिले के सभी थानों से 112 फरियादियों और उनसे संबंधित पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइंस में बुलाया था।

**112** फरियादी पहुंचे थे एसएसपी के पास



### इन पर हुई कार्रवाई

- चिलुआताल इंस्पेक्टर विनोद अग्निहोत्री, इंस्पेक्टर बांसगांव विवेक मलिक, दरोगा छोटेलाल लाइन हाजिर हुए।
- खजनी थाने के उनवल चौकी इंचार्ज बब्लू कुमार, बांसगांव के दरोगा गोपाल यादव, गोला थाने के दरोगा दिनेश चौधरी, बड़हलगंज के हेड कांस्टेबल (बीपीओ) बृजेन्द्र कुमार सिंह सस्पेंड हुए।
- प्रभारी निरीक्षक बड़हलगंज, प्रभारी निरीक्षक खजनी और खजनी के दरोगा बांकेलाल यादव को व्यक्तिगत चेतावनी दी है।

## पीड़ित की सुनवाई पर एसएसपी का ऑन द स्पॉट फैसला

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** बुधवार को फरियादियों की गोष्ठी में जिस तरह से एसएसपी ने ऑन द स्पॉट कार्रवाई का फैसला सुनाया उससे एक साथ पूरे जिले के पुलिस कर्मियों को भी साफ मैसेज दिया है। संदेश साफ है कि अगर पीड़ितों के मामले में लापरवाही होगी तो इसी तरह की कार्रवाई झेलनी पड़ेगी। मीटिंग के दौरान ही मीडिया के सामने एसएसपी लाइन हाजिर और निलंबन का मौखिक आदेश देते रहे और चंद मिनट में ही उनके सामने आदेश टाइप होकर हस्ताक्षर के लिए आ जाता। इस दौरान एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को फटकार भी लगाई।

एसएसपी ने बुधवार की दोपहर 3 बजे से 112 फरियादियों और उनके शिकायतों से संबंधित थानेदार, चौकी इंचार्ज, हल्का दरोगा और बीट सिपाहियों को बुलाया था। उनको आमने-सामने बैठाकर शिकायतों की समीक्षा शुरू हो गई और यह सिलसिला रात साढ़े नौ बजे तक चला। इस दौरान सबसे अधिक शिकायतों के आने के बाद भी बैठक में मौजूद न रहने पर चिलुआताल इंस्पेक्टर विनोद अग्निहोत्री, इंस्पेक्टर बांसगांव विवेक मलिक समेत तीन पुलिसकर्मियों को भी लाइन हाजिर कर दिया। इसके अलावा खजनी के उनवल चौकी इंचार्ज बब्लू कुमार, बड़हलगंज के हेड कांस्टेबल बीपीओ वीरेंद्र कुमार सिंह, एसआई गोला आशीष कुमार, गोला के एसआई दिनेश चौधरी को सस्पेंड कर दिया।

एसएसपी ने खजनी के हल्का नंबर चार के दरोगा बांकेलाल यादव, बड़हलंगज के दरोगा घनश्याम, एसओ गगहा के प्राइवेट व्यवहार पंजिका पर चेतावनी दर्ज किया साथ ही गोरखनाथ के बीट सिपाही अनंत कुमार पर ओआर लगाया। एसएसपी के सामने आया कि पुलिस निस्तारण और कार्रवाई के नाम पर केवल 107, 116 और 151 की कार्रवाई कर रही है।

**यहां से आई इतनी शिकायतें:** एसएसपी के सामने पुलिस लाइंस में कुल 112 फरियादी आए थे जिनकी थाने पर शिकायत गई थी। इसमें चिलुआताल से 13, कैंट से 7, बांसगांव से 7, झंगहा 7, गोला 6, पिपराइच 6, गुलरिहा 6, खजनी 6, बड़हलगंज 6, रामगढ़ताल 6, सिकरीगंज 5, चौरीचौरा 5, गगहा 5, सहजनवां 4, कैंपियरगंज 3, खोराबार 3, गोरखनाथ 3, शाहपुर 2, पीपीगंज 2, बेलघाट 2, कोतवाली 1 और हरपुर बुदहट से 1 केस आया था।

### सख्त रुख

- अफसरों के दफ्तर या मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में फरियाद की अब आएगी कमी
- अब थानों पर कार्रवाई में तेजी नहीं दिखी तो आगे भी इसी तरह की कार्रवाई



बुधवार को एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने पुलिस लाइन में फरियादियों की गोष्ठी में पुलिसकर्मियों पर ऑन द स्पॉट कार्रवाई की। • हिन्दुस्तान

### खजनी के दरोगा को फटकार फिर निलम्बित

खजनी के वृद्ध व्यक्ति ने बताया कि एक युवक ने उनके साथ जालसाजी की है और पुलिस सुन नहीं रही है। जालसाज ने 1.03 हजार रुपये ले लिया है। दरोगा ने 6 के खिलाफ केस दर्ज किया और चार्जशीट दाखिल किया। उसके बावजूद पासपोर्ट बनावार कर एक आरोपी विदेश चला गया। इसपर एसएसपी ने दरोगा बांकेलाल यादव को जमकर फटकारा। एसएसपी ने पासपोर्ट निरस्त करने की कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने दरोगा को निलम्बित भी कर दिया।

### उनवल चौकी इंचार्ज को भी किया सस्पेंड

उनवल के हरिराम यादव ने बताया कि 12 जून को मारपीट हुई। पुलिस ने केवल एनसीआर किया है। जबकि विपक्षी का लड़का विनीत पर 11 केस हैं। हत्या में आजीवन कारावास की सजा काट चुका है। जेल में भी आगजनी किया है। इतना सुनने के बाद एसएपी ने चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया और थानेदार को कहा कि उसकी क्रिमिनल हिस्ट्री निकाली जाए, जिला बदर किया जाए और टीम बनाकर वीडियो ग्राफी के साथ भूमि विवाद रजिस्टर में दर्ज कर निस्तारण कराए।

### बड़हलगंज व गोला दरोगा पर भी गिरी गाज

एसएसपी के सामने बड़हलगंज के जयलाल ने बताया कि विदेश भेजने के नाम पर 1.80 लाख ले लिया गया। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और न ही केस दर्ज किया। इस पर एसएसपी ने हेड कांस्टेबल वीरेंद सिंह को सस्पेंड कर दिया। वहीं गोला की चंदा देवी का रास्ते को लेकर अपने पट्टीदारों से विवाद है। उनकी उंगली काट दी गई है लेकिन एसआई ने कोई कार्रवाई नहीं की। केवल 107 और 116 किया। इसके बाद एसएसपी ने एसआई अजय कुमार को सस्पेंड कर दिया।

# हत्या की कोशिश के आरोपित को पुलिस ने दबोचा

खजनी। खजनी पुलिस ने बुधवार दोपहर में हत्या की कोशिश करने के आरोपित को खजनी तहसील के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान क्षैत्र के नैपुरा गांव निवासी अंकित उर्फ सिपाही के रूप में हुई। खजनी पुलिस उसके खिलाफ धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

# पश्चिम बंगाल में मिल रही जालसाज की लोकेशन

- डीएम की डीपी लगाकर अधिकारियों से की थी ठगी की कोशिश
- आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है पुलिस

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : वाट्सएप पर डीएम की डीपी लगाने वाले जालसाज की लोकेशन साइबर सेल ने ट्रेस कर ली है। जालसाज का नंबर पश्चिम बंगाल में सक्रिय दिख रहा है। साइबर सेल की टीम आरोपित के संबंध में अन्य जानकारी जुटाने में जुटी हुई है।

दो दिन पूर्व जालसाज ने जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश की डीपी अपने वाट्सएप नंबर 8250128869 पर लगाकर उस पर उन्हीं का नाम लिख दिया। उसी नंबर से उसने प्रशासनिक अधिकारियों को मैसेज किया और उनकी लोकेशन पूछी। मोबाइल पर जिलाधिकारी की डीपी व उनका नाम देखकर हर किसी ने यही समझा कि यह नये जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश का नंबर है। अधिकारियों ने मैसेज का जवाब देकर अपनी लोकेशन भी बताई।

जालसाज ने एक एडीएम को वाट्सएप मैसेज किया और बताया कि वह एयरफोर्स पर एक जरूरी मीटिंग में हैं। वह न तो काल कर सकता है और न ही काल रिसीव कर सकता है। उसने एडीएम से अमेजन का एक लाख रुपये का गिफ्ट वाउचर खरीदकर देने को कहा। अमेजन गिफ्ट वाउचर को भी कहीं से कैश किया जा सकता है।

एडीएम को संदेह हुआ तो उन्होंने जिलाधिकारी को फोन करके इसकी जानकारी दी। एसएसपी के निर्देश पर साइबर सेल की टीम ने जांच शुरू की तो 8250128869 नंबर पश्चिम बंगाल में सक्रिय दिखा। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई को इसका नोडल बनाया गया है।

## हर दिन वाट्सएप पर डीपी बदल रहा जालसाज

जालसाज वाट्सएप पर रोजाना नई डीपी लगा रहा है। मंगलवार को उसने किसी महिला की डीपी लगा रखी थी। इससे लोग कयास लगा रहे हैं कि किसी जिले में महिला अधिकारी की पोस्टिंग हुई होगी और जालसाज ने वहां अधिकारियों को ठगने की नीयत से यह किया है। बुधवार को जालसाज की डीपी पर असम के किसी अधिकारी की फोटो दिखी।

> साइबर सेल की टीम इस पर काम कर रही है। जालसाज का नंबर पश्चिम बंगाल में सक्रिय दिखा है। टीम अन्य आवश्यक जानकारियां एकत्रित कर रही है। आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसे गिरफ्तार किया जाएगा।
>
> कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी सिटी

# दो थानेदार लाइन हाजिर, चार निलंबित

## जनसुनवाई में फरियादियों के सामने पुलिसकर्मियों को बैठाकर एसएसपी ने की कार्रवाई

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : थानेदार व चौकी प्रभारियों की लचर कार्यप्रणाली को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बुधवार को पुलिस लाइन में जनसुनवाई की। फरियादियों व पुलिसकर्मियों को आमने-सामने बैठाकर मामले का निराकरण कराया। कार्य में लापरवाही बरतने पर बांसगांव, चिलुआताल व एक दारोगा को लाइन हाजिर कर दिया। उनवल चौकी प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को उन्होंने तत्काल निलंबन का आदेश पकड़ा दिया। खजनी, गगहा व बड़हलगंज थानेदार को चेतावनी देकर छोड़ा। एसएसपी के एक्शन से पुलिस महकमे में हड़कंप की स्थिति रही है।

एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बुधवार को 150 फरियादियों के साथ संबंधित थानेदार, चौकी प्रभारी, हलका दारोगा और बीट सिपाही को बुलाया था। दोपहर तीन बजे पुलिस लाइन सभागार में आमने-सामने बैठाकर शिकायतों की समीक्षा शुरू हुई। सबसे अधिक शिकायत आने के बाद भी बैठक में मौजूद न रहने पर एसएसपी ने चिलुआताल थानेदार विनोद अग्निहोत्री को लाइन हाजिर कर दिया।

युवती के अपहरण के मामले में मुकदमा दर्ज न करने और पीड़ित से अभद्रता करने का आरोप लगने पर बांसगांव थानेदार विवेक मलिक व दारोगा छोटेलाल को लाइन हाजिर कर



पुलिस लाइन में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे फरियादियों से बातचित करते एसएसपी डा. विपिन ताडा • जागरण

- पुलिस लाइन में रात 10 बजे तक चली जनसुनवाई में पहुंचे 150 लोग
- बांसगांव, चिलुआताल व एक दारोगा हुए लाइन हाजिर, कई को चेतावनी

दिया। जमीन पर कब्जे को लेकर चल रहे विवाद में एकतरफा कार्रवाई करने वाले खजनी के उनवल चौकी प्रभारी बबलू कुमार, विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले को बचाने की कोशिश करने वाले बड़हलगंज थाने के मुख्य आरक्षी वीरेंद्र सिंह, विवेचना में लापरवाही करने और बैठक में न आने वाले गोला थाने के दारोगा दिनेश चौधरी और बांसगांव के दारोगा गोपाल यादव को निलंबित कर दिया। इसके अलावा एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक खजनी इकरार, हलका नंबर चार के दारोगा बांकेलाल यादव, बड़हलगंज के थानेदार मधुपनाथ मिश्रा, दारोगा घनश्याम व गगहा के थानेदार संजय यादव को व्यक्तिगत चेतावनी दी।

### किस थाने से कितने फरियादी आए

**किस थाने से कितने फरियादी आए** : जनसुनवाई में चिलुआताल से 13, कैंट से 7, बांसगांव से 7, झंगहा 7, गोला 6, पिपराइच 6, गुलरिहा 6, खजनी 6, बड़हलगंज 6, रामगढ़ताल 6, सिकरीगंज 5, चौरीचौरा 5, गगहा 5, सहजनवां 4, कैंपियरगंज 3, खोराबार 3, गोरखनाथ 3, शाहपुर 2 , पीपीगंज 2, बेलघाट 2, कोतवाली 1 और हरपुर बुदहट से आए 1 फरियादी से एसएसपी ने बात की। अन्य फरियादियों से एसपी नार्थ मनोज अवस्थी, एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बातचीत कर समस्या का समाधान कराया।

### आए थे थाने की गाड़ी से, गए पैदल

बांसगांव थानेदार विवेक मलिक व थाने में तैनात दारोगा गोपाल यादव व छोटेलाल थाने की जीप से बैठक में पहुंचे थे। लाइन हाजिर व निलंबन की कार्रवाई होने के बाद तीनों लोग पुलिस लाइन से पैदल ही निकले।

**पारिवारिक विवाद में तत्काल करें कार्रवाई** : जनुसनवाई में मौजूद थानेदार व चौकी प्रभारियों से एसएसपी ने कहा कि पारिवारिक विवाद के मामले में तत्काल कार्रवाई करें। बार-बार विवाद होने पर मुकदमा दर्ज करने के साथ ही 151 में जेल भेजकर आरोपितों को पाबंद कराएं, क्योंकि छोटे विवाद ही आगे चलकर हिंसक रूप ले रहे हैं।

**झूठी शिकायत करने वाली महिला पर कार्रवाई का निर्देश** : गगहा की संगीता देवी पुलिसकर्मियों पर मनमानी करने की शिकायत लेकर पुलिस लाइन में पहुंची थी। बातचीत में पता चला कि उन्होंने गांव की जमीन पर अवैध कब्जा किया है, जिसमें एसडीएम ने तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अपने पट्टीदारों की भी जमीन वह कब्जा करने की कोशिश कर रही है। एसएसपी ने इस पर नाराजगी जताते हुए आरोपित महिला व उसके पति पर कार्रवाई करने के निर्देश गगहा थानेदार को दिए।

# मौके पर जाएं तो शिकायत करने वाले को जरूर बताएं

**जासं, गोरखपुर :** जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने कहा कि समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आइजीआरएस) पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। किसी शिकायत के निराकरण के लिए कर्मचारी जब भी मौके पर जाएं तो शिकायतकर्ता से मिलकर उसको इस बात की जानकारी जरूर दें। यदि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही हुई या निस्तारण को लेकर गलत रिपोर्ट दी गई तो संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डिफाल्टर संदर्भ बढ़ने पर यानी तय समय से निस्तारण न होने पर संबंधित अधिकारी का एक दिन का वेतन बाधित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने मंगलवार की शाम अधिकारियों के साथ आइजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी डिफाल्टर संदर्भ को देखें। अगले तीन दिनों में डिफाल्टर संदर्भ में जाने वाली शिकायतें भी नजर आती हैं, उसे भी समय से निस्तारित कराएं। उन्होंने कहा कि निस्तारण में खानापूरी नहीं चलेगी। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना चाहिए। कई बार ऐसे मामले आते हैं जिसमें निस्तारण के लिए एक से अधिक विभागों की जरूरत होती है लेकिन निस्तारण के समय दूसरे विभाग से संपर्क करने को लिख दिया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए। पुलिस एवं राजस्व, दोनों विभागों की जरूरत है, तो दोनों विभागों की टीम संयुक्त रूप से जाकर प्रकरण का निस्तारण करे। जिलाधिकारी ने कहा कि कई बार यह देखने को मिलता है कि लेखपाल कार्यालय में बैठे-बैठे निस्तारण करते हैं। शिकायतकर्ता को धारा 24 यानी पैमाइश में जाने को कहा जाता है लेकिन यह स्थिति सही नहीं है। हर मामले में धारा 24 के लिए भेजना गलत है, अधिकतर मामलों में मौके पर जाकर निस्तारण किया जाए। मांग से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण में समय लगता है, इसकी जानकारी शिकायतकर्ता को जरूर दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि एक सप्ताह के बाद वह फिर समीक्षा करेंगे और निस्तारण में जिन अधिकारियों की लापरवाही मिलेगी, उनपर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नियंत्रण कक्ष से फीडबैक भी लिया जाएगा, यदि किसी ने गलत रिपोर्ट दी तो उसपर विभागीय कार्रवाई तय है।

# आटो चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

- शाहपुर पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से बरामद किया दो आटो
- चोरी के बाद आटो का पुर्जा खोलकर बेचते थे पकड़े गए बदमाश

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : आटो चुराकर बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को शाहपुर पुलिस ने मंगलवार की रात गिरफ्तार किया। पिपराइच, सहजनवां और गोला क्षेत्र के रहने वाले आरोपितों के कब्जे से चोरी के दो आटो बरामद हुए। दोपहर बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि शाहपुर के नारायणपुर से मंगलवार की रात 10.45 बजे आटो चोरी होने की जानकारी मिली थी। प्रभारी निरीक्षक रणधीर मिश्रा ने जेल रोड चौकी प्रभारी रामानुज सिंह यादव के साथ घेराबंदी कर चुन्नीपुर मोड़ के पास से आरोपितों को गिरफ्तार कर आटो बरामद कर लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सहजनवां के भीटी रावत निवासी मनीष चौहान, पिपराइच के तुर्रा बाजार निवासी सलीम और गोला के भूपगढ़ निवासी विकास सिंह के रूप में हुई। मनीष और विकास आटो चुराकर समीम के पास लेकर जाते थे। सलीम आटो का पुर्जा खोलकर उसे अलग करके बेच देता है।

**अपहृता बरामद :** हाटा बाजार, गगहा थाना पुलिस ने एक अपहृता को 48 घंटे के भीतर बरामद कर लिया है। उसकी मां ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर गांव के एक युवक पर अपहरण का आरोप लगाया था। पुलिस मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश में थी। बुधवार को युवती को बरामद करके आशा ज्योति केंद्र भेजा है।



पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ● जागरण

# बुजुर्ग लापता, पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

झंगहा : झंगहा थाना पुलिस ने एक बुजुर्ग की गुमशुदगी को लेकर मुकदमा दर्ज किया है। महुरकोल निवासी तवरेज खान ने झंगहा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके बाबा अख्तर हुसैन खान बीते 13 जून से लापता हैं। वह दुबौली चौराहे पर घूमने के लिए निकले थे, लेकिन उनका पता नहीं चल रहा है।

# हत्या के प्रयास में फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

खजनी : हत्या के प्रयास में फरार चल रहे आरोपित को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। आरोपित अंकित उर्फ सिपाही खजनी थाना क्षेत्र के नैपुरा गांव का रहने वाला है। बीते 28 अप्रैल को उसके पिता से किसी बात पर विवाद हो गया था। अंकित ने उन पर गोली चला दी, लेकिन गोली उन्हें न लगकर गांव के ही महंगू निषाद के पैर में लगी। गोली लगने से महंगू घायल हो गया। आरोपित तभी से फरार चल रहा है। खजनी पुलिस ने बुधवार दोपहर उसे कचहरी से गिरफ्तार करके जेल भेजा है। (जासं)

# कालोनी के लोग ढूंढ रहे चोर, पुलिस है खामोश

**जासं. गोरखपुर :** कालोनी में घूम रहे बाइक सवार चोरों की वजह से दिव्य नगर कालोनी के लोग खौफजदा हैं। सीसी कैमरा फुटेज में कैद हुई तस्वीर के जरिये छानबीन कर रहे हैं। हैरत की बात है कि चौकी पर सूचना देने के बाद भी प्रभारी को मामले की जानकारी ही नहीं है।

12 जून की रात में बाइक सवार चोर दिव्य नगर कालोनी निवासी सुनील मिश्रा के दरवाजे पर खड़ी टाटा मैजिक गाड़ी में लगा म्यूजिक सिस्टम, बैटरी व अंदर रखे एक हजार रुपये उठा ले गए।

13 जून को घटना की जानकारी उन्होंने इंजीनियरिंग कालेज पुलिस चौकी पर दी। तहरीर मिलने पर चौकी से दीवान पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर चले आए। इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस के दिलचस्पी न लेने पर कालोनी के लोगों ने खोजबीन शुरू की।

फुटेज की छानबीन करने पर बाइक सवार संदिग्ध दिखे। स्थानीय लोगों की मदद से कालोनी के लोग बाइक सवार चोरों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। दिव्य नगर कालोनी के लोगों का कहना है कि पहले भी चोरी की कई वारदात हो चुकी है।

लेकिन पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं लेती। चौकी प्रभारी इंजीनियरिंग कालेज अमित चौधरी ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

# ऑटो चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने ऑटो चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चोरी के ऑटो का पार्ट्स खोलकर बेच देते थे। पुलिस ने उनके पास से दो ऑटो बरामद किया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान सहजनवां के भीटी रावत निवासी मनीष चौहान, पिपराइच के तुर्रा बाजार निवासी सलीम और गोला के भूपगढ़ निवासी विकास सिंह के रूप में हुई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाहपुर के नारायणपुर से मंगलवार रात 10:45 बजे ऑटो चोरी की जानकारी मिली थी। इसके बाद इंस्पेक्टर रणधीर मिश्रा ने चौकी प्रभारी रामानुज सिंह यादव की टीम को लगाया। टीम ने चुन्नीपुर मोड़ के पास से तीन लोगों को गिरफ्तार कर ऑटो बरामद कर लिया। एसपी सिटी ने बताया कि मनीष और विकास वाहनों की चोरी कर समीम के पास ले जाते थे। सलीम ही ऑटो का पुर्जा-पुर्जा खोलकर उसे अलग करता था और फिर बेच दिया करता था। ब्यूरो

## ड्रोन उड़ाकर परखी सुरक्षा

गोरखपुर। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बुधवार को गीता प्रेस के पास से ड्रोन उड़ाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान छतों पर ईंट-पत्थर मिलने पर पुलिस ने चेतावनी दी है। कहा गया कि छतों से ईंट पत्थर नहीं हटाए गए तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। ब्यूरो

# कार्रवाई : दो थानेदार सहित तीन लाइनहाजिर, चार निलंबित

## गगहा थानेदार सहित सात को कारण बताओ नोटिस, एक दरोगा को चेतावनी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। थाना पुलिस की मनमानी और सुनवाई न होने की शिकायतों पर एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बुधवार को कड़ा रुख अपनाया है। एसएसपी ने पुलिस लाइंस में जनसुनवाई की और लापरवाह दो थानेदार सहित तीन पुलिस कर्मियों को तत्काल लाइनहाजिर कर दिया। तीन दरोगा और एक हेड कांस्टेबल को निलंबित करने का आदेश दिया।

यही नहीं, लाइनहाजिर और निलंबन का आदेश तत्काल टाइप हुआ और एसएसपी ने जनसुनवाई के दौरान ही हस्ताक्षर करके आगे बढ़ा दिया। जन शिकायतों के निपटारे में लापरवाही पर ही गगहा के थानेदार सहित सात पुलिस कर्मियों को कारण बताओ नोटिस भी दिया गया है। एक दरोगा को चेतावनी दी गई है। संभवतः इस तरह एसएसपी की जनसुनवाई और एक साथ इतने पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई प्रदेश में पहली बार हुआ है।

एसएसपी ने जनसुनवाई की अनूठी पहल शुरू की है। पहली बार शिकायतकर्ता व थाना पुलिस के जिम्मेदार अफसर आमने-सामने बैठाए गए। एक-एक मामला एसएसपी ने सुना और धड़ाधड़ फैसला लेते रहे। [illegible]



पुलिस लाइंस में फरियादियों की समस्याएं सुनते एसएसपी। अमर उजाला

### फरियादी और पुलिस को आमने-सामने बैठाकर एसएसपी ने की जनसुनवाई

### यहां से आईं इतनी शिकायतें

एसएसपी के सामने पुलिस लाइंस में कुल 150 फरियादी आए, जिनकी थाने पर शिकायत नहीं थी। इसमें चिलुआताल से 13, कैंट से 7, बांसगांव से 7, झंगहा 8, गोला 9, पिपराइच 9, गुलरिहा 8, खजनी 8, बड़हलगंज 9, रामगढ़ताल 6, सिकरीगंज 7, चौरीचौरा 5, गगहा 7, सहजनवां 4, कैंपियरगंज 3, खोराबार 4, गोरखनाथ 3, शाहपुर 2, पीपीगंज 5, बेलघाट 7, कोतवाली 1, बेलीपार 9 और हरपुर बुदहट से 6 मामले आए थे।

### छोटे मामलों में भी कार्रवाई नहीं

[illegible]

### सीएम के जनता दर्शन में बढ़ गए थे फरियादी

पिछले कई महीने से मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में पुलिस की शिकायतें पहुंच रही थीं। इनमें ज्यादातर मामलों में फरियादी थाने पर सुनवाई न होने की दलील दे रहे थे। 10 जून को मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में 800 शिकायतें पहुंची थीं, जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई थी। पुलिस अधिकारियों के पास भी रोजाना फरियादियों की संख्या बढ़ी थी। सोमवार को एसएसपी के पास एक साथ 200 फरियादी पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने जिले के सभी थानों से 150 फरियादियों और उनसे संबंधित पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइंस में बुलाया था।

### खुद जमीन कब्जाया, अब फरियाद

कुछ ऐसे मामले भी आए, जिसमें पुलिस की लापरवाही से कार्रवाई नहीं हुई। [illegible]

जनसुनवाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फरियादी व पुलिस कर्मियों का आमना-सामना फिर कराया जाएगा। लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई होगी। विभागीय जांच भी कराई जाएगी। पहली जनसुनवाई में लापरवाह पुलिस कर्मियों को सबक मिल रहा है। आगे सुधार होगा, ऐसी उम्मीद है। – डॉ. विपिन ताडा, एसएसपी

[illegible]

#### 151 को कानूनी हथियार बनाने पर फटकार

[illegible]

#### पहले धारा बदली, फिर आरोपित का नाम हटाया

[illegible]

#### लड़की की फरियाद पर नपे बांसगांव थानेदार

[illegible]

# आश्वासन न टालमटोल, फैसला ऑन द स्पॉट

## थानों पर फरियाद न सुनने की शिकायत पर एसएसपी ने की कार्रवाई

### बांसगांव थाने मत जाना, इन्हें लाइन में ही रोको

केस एक

[illegible]

### एसएसपी को ही गुगली देने लगे चिलुआताल थानेदार

केस दो

[illegible]

### मिस्टर चौकी इंचार्ज...बताओ तुमने क्या किया

केस तीन

[illegible]

### सुधर जाओ, नहीं तो सुधार दूंगा

केस चार

[illegible]

शिखा सिंह

गोरखपुर। अलग-अलग समस्याओं को लेकर लंबे समय से पुलिस कार्यालयों के चक्कर लगा रहे पीड़ितों के लिए बुधवार का दिन बड़ी राहत लेकर आया। [illegible]



अफसर कर रहे माथापच्ची, थानेदार मौज

अमर उजाला में 12 जून को छपी खबर।

### ताबड़तोड़ फैसले, फिल्म 'नायक' के अनिल कपूर याद आए

[illegible]

### पुलिस लाइंस में फरियादी और विवेचक को आमने-सामने बैठाकर लिया फैसला

### कर्मियों की मनमानी से रूबरू हुए एसएसपी

[illegible]

#### पुलिस महकमे में हड़कंप, कप्तान का रुख भांपते रहे

[illegible]

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 16-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि. 16/06/22

# हत्यारोपी गिरफ्तार



रुद्रपुर (एसएनबी)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महराजगंज में आपसी विवाद को लेकर धारदार हथियार से सोमवार की रात एक ही परिवार के तीन लोगों का गला रेत दिया गया था। जिसमें बाप बेटे की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी थी, जवकि एक बेटे को गंभीरावस्था में गोरखपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। जहां उसका ईलाज चल रहा है। इस मामले में मृतक शहीद के पुत्र सकील ने दो के खिलाफ नामजद तहरीर दिया है। बता दें कि देवरिया कोतवाली क्षेत्र के देवरी टोला के रहने वाले मृतक शहीद अली पुत्र सकूर मुहम्मद वर्षों पूर्व अपने ससुराल महराजगंज में आकर बस गये थे। वह गांव में कब्रिस्तान की भूमि के किनारे अपना मकान बनाकर पत्नी व बच्चों के साथ रह रहते थे। सोमवार की शाम किसी वात को लेकर शहीद के मोवाईल पर किसी से विवाद हुआ हो गया था। इसके वाद परिवार के सभी लोग खाना खाकर सोने चले गये। देर रात हमलावर धारदार हथियार लेकर शहीद अली के पास पहुंचकर उसके बेटे नजीर व सोनू पर हमला कर दिये। जिसमें शहीद व नजीर की मौके पर ही मौत हो गयी थी। वहीं सोनू को घायलावस्था में मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने सकील पुत्र शहीद अली के तहरीर पर आरोपी अमर निषाद पुत्र रामबदन निवासी सरहसबह बिकवा टोला तथा कमलेश मद्धेशिया पुत्र रामचन्द्र निवासी महराजगंज के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

## गांव में पुलिस बल तैनात बंद रहा बाजार

बुधवार को कोतवाल विजय सिंह, एसआई अरबिन्द कुमार, कां. अभय शंकर, उमेश चौहान, कुन्दन पासवान ने मुखबीर की सूचना पर अक्टहा मोड़ से आरोपी अमर निषाद पुत्र रामबदन निवासी सरहसबह बिकवा टोला तथा कमलेश मद्धेशिया पुत्र रामचन्द्र निवासी महराजगंज को हत्या में प्रयुक्त भुजाली व बाकी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उधर गांव में पुलिस बल तैनात हैं, बुधवार को गांव के बाजार व दुकानें बंद रहीं।

राष्ट्रीय सहारा दि. 16/06/22

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी महिलाओं की समस्याएं

देवरिया (एसएनबी)। बुद्धवार को सदस्य राज्य महिला आयोग, उ.प्र. लखनऊ निर्मला द्विवेदी की अध्यक्षता में मिशन शक्ति 4.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं विषयक जागरुकता कार्यक्रम, समीक्षा बैठक तथा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में सम्पादित किया गया। महिला जनसुनवाई के दौरान सदस्य निर्मला द्विवेदी के समक्ष कुल 7 प्रकरण प्रस्तुत हुये, जिसमें 5 प्रकरण घरेलू हिंसा, 01 प्रकरण अपहरण का तथा 01 प्रकरण जमीनी विवाद का था। सदस्य द्वारा समस्त प्रकरणों को गम्भीरता पूर्वक समझते हुये प्रकरण के निस्तारण हेतु महिला थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारी नगर देवरिया को निर्देशित किया गया।



महिला जनसुनवाई के दौरान उप जिलाधिकारी राजपति वर्मा, अनिल कुमार सोनकर जिला परिवीक्षा अधिकारी, क्षेत्राधिकारी नगर श्रेयश त्रिपाठी, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, दयाराम, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर, रामपाल मौर्य मनोवैज्ञानिक, थानाध्यक्ष महिला थाना, जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी व परामर्शदाता, महिला शक्ति केन्द्र के महिला कल्याण अधिकारी साधना चतुर्वेदी मौजूद रहे। इसके पश्चात् जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। महिला बंदियों के बैरक का निरीक्षण करते हुये महिला बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं का जाना गया। कार्यक्रम के अंत

## जिला कारागार का किया निरीक्षण

में विकास खण्ड देवरिया सदर में आयोजित चौपाल में प्रतिभाग करते हुये उपस्थित समस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को उ.प्र. सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी प्रदान की गयी। इसके साथ ही गोद भराई, अन्नप्रासन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शिविर में खण्ड विकास अधिकारी देवरिया सदर, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहें।

हिन्दुस्तान दि. 16/6/22

# एक वारंटी हुआ गिरफ्तार

देवरिया। मुकदमा संख्या 145/19, 125 के आरोपित शैलेन्द्र प्रताप सिंह (40) पुत्र भीम बली सिंह को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने उक्त आरोपित पर कार्रवाई का निर्देश दिया था। बताया गया कि शैलेन्द्र महुआडीह थाना क्षेत्र के पकड़ी वीरभद्र का निवासी है।

हिन्दुस्तान दि. 16/06/22

रुद्रपुर के महराजगंज गांव में सोमवार की रात पिता-पुत्र की धारदार हथियार से कर दी गई थी हत्या, गांव में अभी भी तनाव

# डबल मर्डर : गांव में सन्नाटा, फोर्स मुस्तैद

**फॉलोअप**

- गांव में आने-जाने वालों पर पुलिस की है पैनी नजर
- महराजगंज चौराहे पर दुकानें खुलीं पर आवाजाही कम रही

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। महराजगंज गांव में दोहरे हत्याकाण्ड के बाद तनाव को देखते हुए पुलिस और पीएसी के जवान कैम्प कर रहे हैं। गांव में आने जाने वाले लोगों पर पुलिस पैनी नजर रखे हुए है। हत्याकाण्ड के दूसरे दिन बुधवार को महराजगंज चौराहा पर दुकानें तो खुलीं, लेकिन दिन भर सन्नाटा पसरा रहा।

महराजगंज गांव में सोमवार की रात पिता और पुत्र की धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी गई थी जबकि एक बेटा गंभीर रूप से घायल है। दोहरे हत्याकाण्ड के बाद रात में पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। रात में ही पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, अपर पुलिस पुलिस अधीक्षक राकेश सोनकर, एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय व सीओ जितेन्द्र चौधरी भारी पुलिस बल के साथ पहुंच गए थे। जबकि सुबह डीआईजी जे रविन्दर ने भी घटनास्थल का जायजा लिए थे। बुधवार को महराजगंज चौराहे पर दुकानें तो खुलीं, लेकिन पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा।



रुद्रपुर के महराजगंज गांव में सोमवार को पिता-पुत्र की हत्या के बाद तनाव की स्थिति को देखते हुए बुधवार को महराजगंज चौराहे पर गश्त करते पीएसी के जवान।

**हत्या के नामजद आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल:** दोहरे हत्याकाण्ड के दो नामजद आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार दांव को भी बरामद कर ली है। मृतक शहीद अली के बड़े बेटे शकील अली की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को दोहरे हत्याकाण्ड में दो लोगों के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज की थी। बुधवार को पुलिस ने सरहद वा गांव के बिकवा टोला के रहने वाले अमरनाथ निषाद एवं कमलेश मद्धेशिया निवासी महराजगंज को जेल भेज दी।

## परिवार वालों के नहीं थम रहे हैं आंसू

**सदमा**

रुद्रपुर/रामलखन, हिन्दुस्तान संवाद। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज गांव में दोहरे हत्याकाण्ड के दूसरे दिन भी परिवार उबर नहीं पाया है। जबकि तीसरा मोनू अली गोरखपुर में जीवन और मौत के बीच जूझ रहा है।

महराजगंज गांव में सोमवार की रात करीब 11 बजे हमलावरों ने धारदार हथियार से जमकर खूनी जंग किया। जिसमें शहीद अली और उनके बेटे मोनू अली और नजीर अली के गले और गर्दन पर ताबड़तोड़ वार करके घायल कर दिया था। जिसमें शहीद अली और उनके छोटे बेटे नजीर अली को मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि मझला बेटा मोनू अली गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे रात में इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने भी लखनऊ पीजीआई के लिए रेफर कर दिया था। लेकिन परिजन उसे एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराए हैं, जहां वह जीवन और मौत से जूझ रहा है। घर पर उसकी पत्नी रबीना एक माह के बेटे को गोद में लेकर दुआएं मांग रही है। दूसरे दिन भी दिन भर लोगों के आने जाने का सिलसिला चलता रहा। एक ही साथ पति शहीद अली और बेटा नजीर अली की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए शहीद की पत्नी तेतरा को ढाढ़स बंधा रहे थे।



बुधवार को महराजगंज में दोहरे हत्याकाण्ड के बाद दरवाजे पर शोक में बैठी मृतक शहीद अली की पत्नी, बहुएं और बेटियां। • हिन्दुस्तान

हिन्दुस्तान दि. 16/6/22

# महिला आयोग की सदस्य के समक्ष आए 7 मामले

देवरिया, निज संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सचिव निर्मला द्विवेदी ने बुधवार को विकास भवन के गांधी सभागार में मिशन शक्ति 4.0 के तहत महिला जनसुनवाई और समीक्षा बैठक की। सदस्य सचिव ने जनसुनवाई में संबंधित अफसरों को सभी मामले तत्परता से निपटाने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने जिला कारागार का निरीक्षण करने के साथ ही देवरिया सदर ब्लॉक में आयोजित चौपाल में हिस्सा लिया।

महिला आयोग की सदस्य सचिव निर्मला द्विवेदी ने सभी मामलों को गम्भीरता के साथ समझते हुये सीओ सीटी और महिला थानाध्यक्ष को कार्रवाई के लिये कहा। इस दौरान कुल 7 मामले आये, जिसमें 5 घरेलू हिंसा, 1 अपहरण और 1 मामला जमीनी विवाद से जुड़ा था। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी ली। कहा कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिलना चाहिये। महिला जनसुनवाई में उप जिलाधिकारी राजपति वर्मा, जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर, सीओ सीटी श्रेयश त्रिपाठी, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी दयाराम, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर, मनोवैज्ञानिक रामकृपाल मौर्य, जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी, साधना चतुर्वेदी, मंशा सिंह, हरीश सिंह, वन स्टाप सेन्टर की प्रबंधक नीतू भारती समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



बुधवार को विकास भवन के गांधी सभागार में जन सुनवाई करती हुई उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य निर्मला द्विवेदी। • हिन्दुस्तान

## चौपाल में महिलाओं को दी योजनाओं की जानकारी

सदस्य सचिव ने देवरिया सदर ब्लॉक में आयोजित चौपाल में भी भाग लिया। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं के बारे बताया। वहां गोद भराई, अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। महिला कल्याण विभाग के कार्मिकों ने शिविर लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को लाभ देने के लिये उनका आवेदन लिया। वहीं शिविर में बीडीओ देवरिया सदर, बीईओ, बाल विकास परियोजना अधिकारी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

दै. जागरण दि. 16/6/22

# प्रयागराज से चोरी ट्रक लार में बरामद दो गिरफ्तार

जासं, लार, देवरिया: यूपी-बिहार बार्डर पर वाहन चेकिंग के दौरान बुधवार की शाम लार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रयागराज के फुलपुर से चोरी किए गए ट्रक को पुलिस ने बरामद कर दो चोरों को गिरफ्तार किया है।

मेहरौना चौकी प्रभारी रामगिरीश चौहान पुलिस टीम के साथ चेक पोस्ट पर शाम को वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस बीच लार रोड की तरफ से तेज गति से एक ट्रक आते हुए नजर आया।

पुलिस टीम ने ट्रक को रोक कर जांच की। ट्रक में कोई सामान नहीं था। ट्रक में सवार लोगों को नीचे उतार कर जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ शुरू की तो ट्रक में सवार लोगों ने पूरा राज उगल दिया। प्रतापगढ़ के रहने वाले चालक गयासुद्दीन व अशोक पटेल ने बताया कि यह ट्रक फुलपुर प्रयागराज से चोरी की गई है। बिहार में बेचने के लिए ले जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि पकड़े गए चोरों से पूछताछ की जा रही है। प्रयागराज पुलिस को इसकी जानकारी दे दी गई है, वहां मुकदमा भी दर्ज है।

# चटकी लाठियां, पांच घायल

**बरहज :** मंगलवार की रात नवापार में आई बरात में आर्केस्ट्रा में विवाद हो गया और लाठियां चटकी, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। घायलों का निजी अस्पताल में उपचार हुआ। बरात देऊबारी गांव से आई थी। (जासं)

# शराब तस्कर गिरफ्तार

**भाटपाररानी :** पुलिस ने रामपुर बुजुर्ग गांव में शराब तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बनकटा पुलिस ने राजेंद्र बाबू डिग्री कालेज के समीप से उसे पकड़ा। तस्कर आदित्य कुमार पुत्र रमाशंकर चौधरी बिहार के पटना का रहने वाला है। (जासं)

दैनिक जागरण दि 16/6/22

# पति से सताई गई महिलाओं का छलका दर्द

## राज्य महिला आयोग की सदस्य के सामने फफक पड़ीं महिलाएं, घरेलू हिंसा के पांच मामले आए



विकास भवन के गांधी सभागार में फरियाद सुनती राज्य महिला आयोग की सदस्य निर्मला द्विवेदी, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी (दाएं) ● जागरण

जासं, देवरिया: उनकी गोद में छोटे-छोटे बच्चे थे। पति ने दूसरी महिलाओं के फेर में उन्हें ठुकरा दिया था। घर से बेघर हुई इन महिलाओं का दर्द बुधवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य निर्मला द्विवेदी के सामने छलक पड़ा। महिलाओं की आंखों में आंसू देखकर वह भावुक हो गईं। उन्होंने पीड़ित महिलाओं को कार्रवाई का भरोसा दिया।

राज्य महिला आयोग की सदस्य निर्मला द्विवेदी विकास भवन के गांधी सभागार में जन सुनवाई कर रही थीं। पांच महिलाएं अपने पति से ठुकरा दिए जाने के कारण फरियाद लेकर पहुंची थीं।

भाटपाररानी की एक महिला दो साल की बच्ची को गोद में लेकर पहुंची थी। महिला का आरोप था कि उसके पति का दूसरी महिला से प्रेम चल रहा है। जिसके कारण उसे घर से बाहर कर दिया गया है। वह अब कहां जाए। उसे न्याय चाहिए। एक प्रकरण अपहरण व एक जमीन विवाद से जुड़ा था। उन्होंने सीओ को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों के साथ महिलाओं से जुड़ी योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। महिलाओं से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिए जाने का निर्देश दिया। इस मौके पर एसडीएम राजपति वर्मा, सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल सोनकर, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी दयाराम, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसाबर लाल बहादुर, मनोवैज्ञानिक रामकृपाल मौर्य, महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक अर्चना सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी ओमप्रकाश तिवारी, महिला शक्ति केंद्र की महिला कल्याण अधिकारी साधना चतुर्वेदी, जिला समन्वयक मंशा सिंह व हरीश सिंह, वन स्टाप सेंटर की प्रबंधक नीतू भारती आदि मौजूद रहे।

**महिला बंदियों की जानी समस्याएं**

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जिला कारागार में जाकर महिला बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने बैरक का भी निरीक्षण किया। महिलाओं से भोजन व अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सदर ब्लाक में महिलाओं की गोद भराई व बच्चों के अन्नप्राशन कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

दैनिक जागरण दि 16/6/22

# दोहरे हत्याकांड के दोनों आरोपितों को पुलिस ने भेजा जेल




पुलिस की गिरफ्त में दोनों हत्यारोपित ● जागरण

- कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज में पिता व पुत्र की गला काटकर हत्या का मामला
- गांव में पुलिस बल तैनात, स्वजन की चीख पुकार से माहौल गमगीन

जासं, रुद्रपुर: पिता पुत्र की हत्या के बाद महराजगंज गांव में मातम पसरा है। स्वजन की सिसकियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गांव में पुलिस की चहलकदमी जारी है। बुधवार को दोनों हत्यारोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

महराजगंज गांव के रहने वाले शहीद और उनके सबसे छोटे पुत्र नजीर की सोमवार की रात गला काटकर हत्या कर दी गई। घायल दूसरे पुत्र सोनू का इलाज अभी चल रहा है। पुलिस ने हत्यारोपित बगल के गांव सरसबह के बिकवां टोला निवासी अमरनाथ निषाद पुत्र रामबदन व महराजगंज गांव के कमलेश मद्धेशिया को गिरफ्तार कर लिया था। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

अमर उजाला दि. 16/6/22

# महिला आयोग की सदस्य ने बैरक का जाना हाल

## मिशन शक्ति के तहत योजनाओं की समीक्षा कीं, गोद भराई व अन्नप्राशन का भी आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। राज्य महिला आयोग की सदस्य निर्मला द्विवेदी ने बुधवार को जेल का निरीक्षण किया। महिला बंदियों की बैरक का जायजा लिया। मिशन शक्ति के तहत महिलाओं संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने विकास भवन के गांधी सभागार, विकास जनसुनवाई की। इसमें सात प्रकरण आए। इसमें पांच घरेलू हिंसा, एक अपहरण का तथा एक जमीन के विवाद रहा। उन्होंने जेल का निरीक्षण कर महिला बंदियों से जानकारी ली।

महिला आयोग की सदस्य ने समस्त विभागों के अधिकारियों से महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित किया जाए।



विकास भवन में जनसुनवाई करतीं महिला आयोग की सदस्य। संवाद

जनसुनवाई के दौरान उप जिलाधिकारी राजपति वर्मा, अनिल कुमार सोनकर जिला परिवीक्षा अधिकारी, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी दयाराम, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर, रामकृपाल मौर्य मनोवैज्ञानिक, थानाध्यक्ष महिला थाना, जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश

**महिला बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली**

तिवारी व परामर्शदाता, महिला शक्ति केंद्र के महिला कल्याण अधिकारी साधना चतुर्वेदी तथा जिला समन्वयक मंशा सिंह व हरीश सिंह, वन स्टाप सेंटर के प्रबंधक नीतू भारती आदि मौजूद रहे।

जेल में निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों के बैरक का निरीक्षण करते हुए महिला बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जाना। विकास खंड सदर में आयोजित चौपाल में प्रतिभाग करते हए कहा कि सरकार महिलाओं के हितों के लिए. कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

अमर उजाला दि. 16/06/22

# पति समेत छह लोगों पर दहेज हत्या का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। दो दिन पूर्व विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने बुधवार को पति समेत छह नामजद और अज्ञात के खिलाफ दहेज हत्या और साक्ष्य छिपाने का केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने तीन लाख रुपये, बुलेट व सोने की चेन के लिए प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

भटनी के नोनापार गांव में सोमवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। आरोप है कि घटना के कुछ देर पहले विवाहिता ने पति को गैरमहिला के साथ आपत्ति जनक हालत में पकड़ा था। उसने इसकी जानकारी मायके वालों को दी थी। जब तक भाई पहुंचता, विवाहिता की मौत हो चुकी थी।

लार थाना क्षेत्र के बलुआ गौरी एक्सरहा टोला गांव निवासी अरविंद यादव ने अपनी बहन नीतू की शादी फरवरी में नोनापार गांव में अरविंद यादव के साथ की थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि विवाह के कुछ दिनों बाद ही पति व अन्य परिवारीजन तीन लाख रुपये, बुलेट व सोने की चेन मांगने लगे। इसके लिए नीतू को आएदिन मारने-पीटने लगे। इस मामले में कई बार पंचायत भी हुई लेकिन, बात नहीं बनी। 13 जून को नीतू ने अपने भाई के पास फोन किया और पति को एक महिला के साथ पकड़ने की बात कह जल्दी अपनी ससुराल बुलाया। भाई अन्य लोगों के साथ पहुंचा तो विवाहिता की मौत हो चुकी थी।

## गैरमहिला के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े जाने के बाद हत्या का आरोप

भाई की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार को पति अरविंद यादव, राजू यादव, रीना देवी, ज्योति यादव, संदीप यादव, परविंद यादव व अन्य अज्ञात पर दहेज हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि भाई की तहरीर पर छह नामजद और अज्ञात पर दहेज हत्या आदि का केस किया गया है। जांच के बाद सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-06-2022

# प्रशासन ने सड़क के किनारे से हटवाया अतिक्रमण

**जागरण संवाददाता, खड्डा:** कस्बा के सुभाष चौक से पुराना बस स्टैंड तक सड़क के किनारे दुकान व पक्का निर्माण बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। एसडीएम उपमा पांडेय ने नगर पंचायत के कर्मचारियों व पुलिसकर्मियों के साथ कस्बे का निरीक्षण किया। अतिक्रमण चिह्नित कराकर हटवाया। लक्ष्मीबाई चौक के समीप सड़क की पटरी पर प्रतिदिन सुबह लगने वाले थोक सब्जी मंडी को सोहरौना गांव के बाजार में स्थानांतरित कराया।

सुभाष चौक पर बुलडोजर से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू होते ही दुकानदार स्वयं सामान समेटने लगे। पुराना बस स्टैंड तक अतिक्रमण हटवाने के बाद एसडीएम ने दुकानदारों को निर्देश दिया कि स्वयं अतिक्रमण हटा लें। अभियान लगातार चलेगा। दोबारा अतिक्रमण किया तो कार्रवाई की जाएगी।

# बाढ़ से बचाव के लिए पूरी कर लें तैयारी

## राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरिष्ठ सलाहकार ने की बचाव कार्यों की समीक्षा

- दी सलाह, टीम भावना से कार्य करने पर ही मिलेगी सफलता
- टीम भावना से कार्य करने के निर्देश 29 जून को होगा माकड्रिल



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते ब्रिगेडियर प्रमोद कुमार सिंह बाएं • जागरण

**जागरण संवाददाता,पडरौना:** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरिष्ठ सलाहकार ब्रिगेडियर प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए सभी तैयारियां पूर्ण होनी चाहिए, तभी हम किसी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने में सक्षम होंगे। इसके लिए टीम वर्क से कार्य करना होगा।

वह बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ आपदा रोकथाम की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर थे। कहा कि बाढ़ राहत के लिए सभी उपकरण सक्रिय होने चाहिए। नदियों में आ रहे उफान में मोटराइज्ड नाव का उपयोग किया जाए। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करने की कार्य प्रणाली अपनाने पर जोर दिया। कहा कि महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से व्यवस्था उपलब्ध रहनी चाहिए। उन्होंने सभी से दमिनी एप को डाउनलोड करने की सलाह दी। क्षमता वृद्धि के लिए माक ड्रिल कराए जाने पर जोर दिया।

इससे पहले आपदा विशेषज्ञ रवि राय ने बाढ़ आपदा संबंधित तैयारियों की जानकारी दी। बताया कि कुशीनगर में मुख्य रूप से तीन नदियों से बाढ़ आती है। बड़ी गंडक, छोटी गंडक, बांसी से तमकुही तथा खड्डा तहसील क्षेत्र के गांव विशेष रूप से प्रभावित होते हैं। उनके द्वारा बाढ़ चौकी, बांध, गोताखोर, बाढ़ शरणालय, खोज व बचाव उपकरण, खाद्य सामग्री का वितरण, बाढ़ कंट्रोल रूम, एसडीआरएफ की तैनाती, स्टेयरिंग ग्रुप की बैठक, जिला स्तरीय आपदा राहत समिति की बैठक, राज्य सरकार द्वारा प्रदान सहायता राशि आदि की विस्तार से जानकारी दी। एडीएम देवी दयाल वर्मा ने जनपद स्तर पर तैयारियों के बारे में बताया।

बाढ़ खंड के अधिशासी अधिकारी महेश कुमार सिंह ने 16 नियमित तटबंधों के बारे में बताया। इस क्रम में एसडीआरएफ से मोहन सिंह ने कुछ समस्याएं बताईं, जिसके समाधान का भरोसा दिया गया। इस मौके पर तहसीलदार समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि माकड्रिल 29 जून, पांच व सात जुलाई को प्रस्तावित है।

**परेशानी** जाम हटवाने के लिए मुस्तैद हुई पुलिस, सड़क पर जाम लगने से होती परेशानी

# जाम रोकने के लिए तैनात की गई पुलिस



जाम को रोकने के लिए नगर के कठकुईयां मोड़ पर यातायात को संचालित करती पुलिस। संवाद




15 जून के संस्करण में छपी खबर।

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** शहर में जाम रोकने के लिए पुलिस सजग नजर आई। बुधवार को जगह-जगह कांस्टेबल और होमगार्ड लगाकर ट्रैफिक को कंट्रोल किया गया। हर चौराहे पर जाम से निजात दिलाने के लिए रोजाना ड्यूटी लगाई जाएगी। नगर में जाम की समस्या के संबंध में 15 जून के अंक में अमर उजाला ने समाचार प्रकाशित किया जिसके बाद ही पुलिस हरकत में आई।

बुधवार सुबह नगर के सुभाष चौक पर एक ट्रैफिक कांस्टेबल, चार होमगार्ड और एक पीआरडी जवान की ड्यूटी लगी थी। कठकुईया मोड़ पर एक ट्रैफिक एसआई, चार होमगार्ड और एक पीआरडी जवान ट्रैफिक व्यवस्था संभालते नजर आए। तिलक चौक, स्टेशन बाईपास, बावली चौक, मुख्य नहर, छावनी सहित जगहों पर जाम को रोकने के लिए यातायात पुलिस, होमगार्ड और पीआरडी के जवान हर जगह तैनात नजर आए।

### सभी प्रमुख चौक चौराहों पर यातायात पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है

इस संबंध में यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने कहा कि जाम से निजात के लिए नगर के सभी प्रमुख चौक चौराहों पर यातायात पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है।

इसके अलावा होमगार्ड और पीआरडी के जवान भी तैनात किए गए हैं।

# जनपद में ऑपरेशन धवल, गांजा तस्करों की टूटी कमर

## अपराधियों के साथ भ्रष्ट पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई से खौफ में आया पूरा महकमा

विष्णुदत्त पांडेय

**पडरौना (कुशीनगर)।** योगी सरकार 2.0 में अपराध व अपराधियों के लिए पहले कार्यकाल की तुलना में अधिक आक्रामक नजर आ रही है। अगर कुशीनगर जिले की बात करें तो एसपी धवल जायसवाल के कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपराधियों के साथ-साथ भ्रष्ट पुलिसकर्मियों में भी खौफ भर गया है। दो महीने के भीतर नेबुआ नौरंगिया, तरयासुजान, हनुमानगंज, पटहेरवा थाना क्षेत्रों में तीन क्विंटल गांजा के साथ 18 गांजा तस्करों पर कार्रवाई की गई। जिले में एसपी के आने के बाद कई मुठभेड़ से अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं।

वहीं, कसया, तरयासुजान, विशुनपुरा, पटहेरवा, अहिरौली बाजार थाने की पुलिस और पशु तस्कर की मुठभेड़ से अपराधियों में खौफ बना हुआ है। एसपी के निर्देश पर बालू खनन के मामले में बरवापट्टी थानेदार व एक पुलिस कर्मी के खिलाफ उनके ही थाने में केस दर्ज किया गया। इसके अलावा कुशीनगर पुलिस चौकी इंचार्ज सहित 14 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर किए गए। पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियों पर जिस तरह से कार्रवाई हुई है। उससे पुलिस और अपराधियों के गठजोड़ पर भी कड़ी चोट पहुंची है। ऑपरेशन धवल कोई आधिकारिक अभियान नहीं है।

*जिले में अपराध का सफाया किया जा रहा है। लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण का निर्देश सभी थानाध्यक्षों को दिया गया है। पांच मुठभेड़ हो चुकी है। तीन क्विंटल गांजा के साथ 18 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।*

**- धवल जायसवाल, एसपी**

**थानेदार के खिलाफ उनके ही थाने में केस :** नौ मई को एसपी ने गंडक नदी से अवैध बालू खनन करने वालों को संरक्षण देने तथा अवैध वसूली के आरोप में बरवापट्टी थाने के एसओ और एक सिपाही को निलंबित कर दिया था। यही नहीं तमकुहीराज के सीओ ने एसओ और सिपाही के खिलाफ तहरीर देकर इनके ही थाने में केस दर्ज कराया था।

**कुशीनगर चौकी प्रभारी सहित 14 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर:** एसपी ने 30 मई को कुशीनगर चौकी प्रभारी सहित 14 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया था। इन पुलिसकर्मियों का एक अपराधी के साथ पुलिस चौकी पर ही फोटो वायरल होने पर कार्रवाई हुई।

### दो माह के भीतर हुई कार्रवाई

**केस 1** 22 अप्रैल को नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस ने पिपरा बुजुर्ग में नौ लाख रुपये के गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया था।

**केस 2** चार मई को नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस ने पिपरा बाजार में 40.700 किलो, कीमत करीब आठ लाख रुपये के गांजा के साथ चार तस्करों को पकड़ा था।

**केस 3** 10 मई को पटहेरवा थाने की पुलिस ने लबनिया तिराहा पर 10 किलो गांजा बरामद किया जिसकी कीमत दो लाख रुपये थी। तीन तस्कर पकड़े गए।

**केस 4** 15 मई को हनुमानगंज थाने की पुलिस ने छितौनी बाईपास के पास 15 किलो गांजा, कीमत करीब ढाई लाख रुपये के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

**केस 5** 24 मई को तरयासुजान थाने की पुलिस ने झरही नाला एनएच-28 पर 51 किलो गांजा इसकी कीमत आठ लाख रुपये के साथ छह तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

**केस 6** 13 जून को तरयासुजान थाने की पुलिस माधोपुर बुजुर्ग एक पेट्रोल पंप के एनएच-28 पर 140 किलो गांजा जिसकी कीमत 21 लाख रुपये थी। एक तस्कर को गिरफ्तार किया।

### हाल के दिनों में जिले में हुई मुठभेड़

**केस 1** दो जून की भोर में तरयासुजान थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित गाजीपुर बैरियर और बनवरिया गांव की सीमा पर तरयासुजान की पुलिस व स्वॉट टीम की पशु तस्करों से मुठभेड़ हो गई। इसमें तीन पशु तस्कर गिरफ्तार हुए। एक तस्कर के पैर में गोली लगी। ट्रक में लदे 22 गोवंशीय पशुओं को मुक्त कराया गया।

**केस 2** 19 मई को विशुनपुरा थानाक्षेत्र के गगलवा पुल के पास पुलिस और अंतरराज्यीय गिरोह के बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया।

**केस 3** आठ मई की रात पटहेरवा क्षेत्र के रामकोला चट्टी शिव सरेया नहर पटरी पर पुलिस व अंतरराज्यीय गिरोह के टप्पेबाजों से मुठभेड़ हो गई थी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक टप्पेबाज घायल हुआ। घायल सहित चार लोगों को पुलिस ने दबोचा। उनके पास से दो तमंचा, तीन कारतूस और तीन बिना नंबर की बाइक बरामद हुई थी।

**केस 4** 21 अप्रैल को कसया थाने की पुलिस की नहर की पटरी पर पशु तस्करों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए एक पशु तस्कर के पैर में गोली मारी। घायल पशु तस्कर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि पुलिस का एक सिपाही भी घायल हुआ था।

**केस 5** 29 अप्रैल की रात तरयासुजान पुलिस ने मुकुंदपुर गांव के पास हुई मुठभेड़ में बाइक सवार अंतरराज्यीय बदमाश को गिरफ्तार किया था। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी थी। यह बदमाश एक दिन पूर्व अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान भाग निकला था। उसके पास से बाइक, तमंचा, कारतूस, मोबाइल फोन एवं 19 हजार रुपये नकद बरामद हुए थे।

# पुलिस ने क्षेत्र में घूमकर साइबर अपराध से बचने के लिए किया जागरूक

## तहसील व मुख्य बाजार में भ्रमण कर लोगों से सतर्कता बरतने को कहा

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** साइबर अपराध से बचने के लिए जागरुकता ही एकमात्र उपाय है। साइबर अपराधी रोजाना नए तरीकों से लोगों से ठगी कर रहे हैं। कभी रिश्तेदार, मित्र, बैंक कर्मी, अधिकारी व सैन्य अधिकारी बन कर खातों से पैसा निकाल रहे हैं तो कभी बीमा पॉलिसी का लाभ दिलाने का झासा दे रहे हैं।

यह बात बुधवार को कसया थाने के एसआई विवेक पांडेय ने कही। वे तहसील परिसर व नगर के मुख्य बाजार में भ्रमण कर लोगों को साइबर अपराध व उससे बचने के प्रति जागरूक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लोगों को कॉल करके कहते हैं कि बैंक अधिकारी या कर्मचारी बोल रहे हैं। आपके खातों को अपडेट किया जा रहा है। एटीएम कार्ड ब्लॉक हो गया है। क्रेडिट कार्ड जारी किया जा रहा है। इसके बाद आपसे ही खाते की जानकारी मांग कर ठगी करते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी से बचने के लिए जागरूक होना बहुत जरूरी है। बैंक खाता,एटीएम कार्ड की जानकारी व ओटीपी कभी भी किसी को साथ साझा न करें। अंजान क्यूआर कोड कभी स्कैन न करें। किसी तरह का लाभ दिलाने की बात करने वालों की बातों में न आएं।



कसया तहसील परिसर में लोगों को साइबर अपराधियों से बचने के उपाय बताते एसआई विवेक पांडेय। संवाद

### बैंक खाता, एटीएम कार्ड की जानकारी व ओटीपी साझा न करें

पेंशन अधिकारी बनकर कॉल करने वालों से सावधान रहें। इस मौके पर कांस्टेबल विशाल यादव, अशोक मौर्य, संजय गुप्ता, संजय यादव आदि मौजूद थे।

वाहन चेकिंग के दौरान थाना तरयासुजान में हेडकांस्टेबल धर्मवीर यादव की पशु तस्करों की गाड़ी से कुचलने से हुई मौत

# नम आंखों से दी साथी पुलिसकर्मी को अंतिम विदाई

**दुखद**

**पडरौना, निज संवाददाता।** निष्ठा पूर्वक कर्तव्य पालन करने के दौरान पशु तस्करों के वाहन से कुचलने से जान गंवाने वाले जाबांज हेड कांस्टेबल धर्मवीर यादव की अंतिम विदाई पुलिस लाइन में की गयी। कंधा देकर साथी पुलिस कर्मी की अंतिम विदाई करते समय सभी पुलिस कर्मियों की आंखें नम हो गईं।

पुलिस लाइन में हेडकांस्टेबल धर्मवीर यादव को श्रद्धांजलि देते हुए अन्तिम विदाई दी गयी। इस दुखद घटना के कारण जनपद के पुलिस कर्मियों द्वारा गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गयी। पुलिस लाइन में मृत हेडकांस्टेबल के शव को एसपी धवल जायसवाल, एएसपी रितेश कुमार सिंह, सभी सर्किल के सीओ व अन्य पुलिस अधिकारीगण द्वारा शोक सलामी के बाद कंधा दिया गया। इस दौरान वहां मौजूद सभी की आंखें नम हो गयीं। बुधवार को भोर में चेकिंग के दौरान थाना तरयासुजान में नियुक्त हेडकांस्टेबल धर्मवीर यादव अज्ञात वाहन से टक्कर लगने के कारण गंभीर रुप से घायल हो गये, जिनको उपचार हेतु अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में उनकी मौत हो गयी। इस घटना पर तत्काल एसपी धवल जायसवाल एवं एएसपी रितेश कुमार सिंह ने जिला अस्पताल पर पहुंच कर हेडकांस्टेबल के परिजनों से मुलाकात कर सम्पूर्ण स्थिति का जायजा लिया तथा घटना के बारे में संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेते हुए कार्रवाई करने का निर्देशित दिया।



बुधवार को पुलिस लाइन में मृत हेड कांस्टेबल के शव को कंधा देते एसपी धवल जायसवाल, एएसपी रितेश कुमार सिंह व अन्य पुलिसकर्मी। • हिन्दुस्तान



घटनास्थल पर गिरा मिला कारतूस।

**धर्मवीर के साथ हुए हादसे ने ताजा कर दी अनिल पांडेय की शहादत :** तमकुहीराज। हेड कांस्टेबल धर्मवीर यादव के साथ हुए घटना को लेकर पुलिस विभाग में चर्चा है कि वह जिले के स्वाट टीम के साथ पशु तस्करों का पीछा करते हुए जोकवा तक पहुंचे थे। जहां तस्करों की गाड़ी की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। इस घटना ने तरया सुजान थाना के वर्षों पूर्व तत्कालीन थानाध्यक्ष अनिल पाण्डेय के शहादत की याद ताजा कर दी है। स्वर्गीय अनिल पाण्डेय थानाध्यक्ष रहते जंगल पार्टी के दस्युओं के खात्मा के लिए उनके खिलाफ अपनी पूरी टीम के साथ पडरौना कोतवाली थानाक्षेत्र के पचरूखिया घाट गए थे।

## फरियादी भी शोक में फरियाद किए बगैर लौट गए

तमकुहीराज। हेड कांस्टेबल की हादसे में मौत की जानकारी होते ही तरया सुजान थाना में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को क्षेत्र से फरियाद लेकर आने वाले फरियादी भी इस घटना की जानकारी होने पर शोक में बगैर फरियाद किए ही लौट गए।

## अज्ञात वाहन चालक पर हत्या का केस

फाजिलनगर। पशु तस्करों द्वारा गाड़ी से कुचलकर कर तरया सुजान के हेडकांस्टेबल धर्मवीर यादव को मार डालने वाले अज्ञात वाहन चालक पर तुकपट्टी थाने में हत्या, हत्या का प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसकी तहरीर प्रभारी निरीक्षक तरया सुजान कपिलदेव चौधरी ने दी थी। बुधवार को भोर में चार बजे के आसपास पशु तस्करों को पकड़ने के प्रयास के दौरान पशु तस्करों ने पुलिस टीम को गाड़ी से कुचलने का प्रयास किया। इसमें तरया सुजान थाने पर तैनात दीवान धर्मवीर यादव की कुचलने से मौत हो गयी। घटना के बाद प्रभारी निरीक्षक तरया सुजान कपिलदेव चौधरी ने अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ तहरीर दी।

## घटना के बाद बना रहा अनिश्चितता का माहौल

**पडरौना।** घटना की जानकारी तब हुई जब स्थानीय लोगों ने सड़क पर खून पसरा देखा। पहले तो लगा कि कोई आम आदमी दुर्घटना का शिकार हुआ है। इसके बाद मीडिया के लोग घटना की जानकारी लेने लगे तो कुछ भी नहीं पता चला। बाद में कुछ लोगों ने बताया कि भोर में काफी संख्या में यहां पुलिस की मौजूदगी थी। इसके अलावा वहां पिस्टल का एक कारतूस भी मिला। इसके बाद भी पुलिस अनभिज्ञता जताती रही। हालांकि एएसपी रितेश कुमार ने इस घटना की पुष्टि करते हुए सिपाही की मौत की जानकारी दी।

**महकमे में चर्चित थी धर्मवीर की कर्तव्य परायणता :** हेड कांस्टेबल धर्मवीर यादव संतकबीरनगर नगर जिले धनघटा थाना क्षेत्र के सियरहा खुर्द के रहने वाले थे। पुलिस विभाग मे उनकी नियुक्त 2005 में हुई थी।

उनके एक 16 वर्ष का बेटा और एक दस वर्ष की बेटी है। दोनों अभी पढ़ रहे है। परिवार की जिम्मेदारी इनके ही जिम्मे थी। विभाग के लोगों की मानें तो धर्मवीर अपने कर्तव्य के प्रति काफी निष्ठावान थे। वहीं वह अपने सभी साथी पुलिस कर्मियों में अपने हंसमुख मिजाज से काफी लोकप्रिय थे।

> दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना में तरया सुजान थाने के हेड कांस्टेबल धर्मवीर यादव का निधन हो गया है। पुलिस टीम के साथ वह तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में जोकवा बाजार के पास फोरलेन पर बुधवार को भोर में वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गयी।
>
> **रितेश कुमार सिंह,** एएसपी

# गैंगस्टर में निरुद्ध तीन चारपहिया वाहन जब्त

**पडरौना।** जिले के पटहेरवा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक अपराधी जो गैंगेस्टर में निरुद्ध है और समाज विरोधी क्रिया कलापों में भी लिप्त है, बुधवार को उसके तीन चार पहिया वाहनों को जब्त कर लिया। एसपी धवल द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को गैंगस्टर एक्ट में पंजीकृत केसों के नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत गिरोहबन्द अधिनियम के तहत कार्रवाई किये जाने के लिए निर्देश दिया गया है। सीओ तमकुहीराज फुलचन्द्र राम के नेतृत्व में डीएम के आदेश के अनुपालन में गैंगेस्टर एक्ट के अपराधी शमसुल हुदा पुत्र हदीश निवासी पिपराकनक थाना पटहेरवा के नाम से पंजीकृत तीन चार पहिया वाहनों को जब्त कर लिया गया।

# सोशल साइट पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**पडरौना।** जिले की विशुनपुरा थाने की पुलिस ने सोशल साइट पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ पहले से ही केस दर्ज किया गया था। बीते 12 जून को सोशल मीडिया साइट पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गयी। बुधवार को पुलिस टीम ने अभियुक्त शोएब अख्तर पुत्र मुस्तकीम अंसारी निवासी दुदही थाना विशुनपुरा को गिरफ्तार कर लिया।

# दो वारंटियों को पुलिस ने जेल भेजा

**नेबुआ नौरंगिया।** नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस ने बुधवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने थाना क्षेत्र के महेसरा निवासी वारंटी बलवंत सिंह व पड़री मेंहदिया के वारंटी पप्पू उर्फ महेंद्र को गिरफ्तार किया। एसओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि दोनों लंबे समय से वांछित थे, जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# लूट के केस में वांछित गिरफ्तार

**कुशीनगर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्द चलाये जा रहे अभियान में पडरौना कोतवाली ने नगर में रेलवे स्टेशन के पास से लूट के मामले में वांछित अभियुक्त गोविन्द गुप्ता पुत्र मुन्ना गुप्ता निवासी रामधाम विशुनपुरा थाना कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कट्टा–कारतूस बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई धर्मदेव चौधरी, अजय व चन्द्रमा विन्द शामिल रहे।

# पशु तस्कर एक किलो चरस व असलहे के साथ गिरफ्तार

**पडरौना, निज संवाददाता।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने पशु तस्करी के मामले में वांछित एक तस्कर को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गये तस्कर के कब्जे से एक किलो चरस एवं कट्टा-कारतूस बरामद किया है। इसके खिलाफ जिले के कई थानों में पशु तस्करी के अलावा कुल 16 मुकदमें दर्ज हैं।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के क्रम में कोतवाली पडरौना पुलिस द्वारा बसहिया गैस गोदाम तिराहा के पास से पशु तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान जवाहिर यादव पुत्र दुखी यादव निवासी विशुनपुरा बुजुर्ग नोनिया पट्टी थाना जटहा बाजार के रूप में हुई। इसके कब्जे से पुलिस ने एक किलो सौ ग्राम चरस, कट्टा-कारतूस एवं बाइक बरामद किया। पुलिस के अनुसार इसके खिलाफ पडरौना कोतवाली के अलावा हनुमानगंज, नेबुआ नौरंगिया, हाटा, सेवरही एवं खड्डा में कुल 16 मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई चन्द्रभूषण पांडेय, आनंद शंकर सिंह, रत्नेश मौर्य, हेड कांस्टेबल सच्चिदानंद प्रजापति, कांस्टेबल वीरेन्द्र यादव एवं गिरिश कुमार शामिल रहे।

# अपहरण के दोषी को छह साल की सजा

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** विशेष न्यायालय पॉक्सो कुशीनगर के न्यायाधीश अमित कुमार त्रिपाठी की अदालत ने नाबालिग के अपहरण के दोषी को छह साल की कैद व पांच हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। वह नाबालिग के अपहरण का तो दोषी पाया गया मगर पॉक्सो एक्ट का जुर्म सिद्ध नहीं हुआ।

पॉक्सो कोर्ट के विशेष शासकीय अधिवक्ता फूलबदन ने बताया कि कप्तानगंज थाने के एक गांव की निवासी पीड़िता की मां ने 13 अक्तूबर 2016 को तहरीर देकर पुलिस को बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी (16 वर्ष) को, गोरखपुर जिले के गुलरिहा थानान्तर्गत चिलबिलवा गांव निवासी राहुल पुत्र राममिलन, जो यहां अपने मामा के घर आकर रहता था। 5 अक्तूबर 2016 को ही राहुल बेटी को भगा ले गया। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला तो तहरीर दे रही हूं। पुलिस ने इस मामले में 363, 366 आईपीसी व पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज किया। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लड़की को बरामद कर लिया गया था। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी थी।

मुकदमे की तीनों धाराओं के आधार पर कोर्ट में ट्रायल शुरू हुआ। कुल आठ गवाह पेश हुए। इनमें तीन फैक्ट के आधार पर गवाही दी, जबकि पांच ने फार्मल आधार पर। विद्वान न्यायाधीश ने 363 के मुकदमे में राहुल को 4 साल की कैद व 2000 रुपये का जुर्माना तथा 366 के मुकदमे में 6 साल की कैद व 3000 रुपये के जुर्माने की सजा से दंडित किया। यानि उसे छह साल की कैद काटनी होगी तथा कुल 5000 रुपये जुर्माना देना होगा। अभियुक्त जमानत पर था।

## खड्डा पुलिस ने मौसा समेत तीन पर दर्ज किया था केस

# मासूम की जमीन हड़पने वाले को पुलिस ने दबोचा

- खड्डा की बच्ची के नाम से थी जमीन, मौसा ने बालिग दिखाकर बेच दी थी
- बच्ची के पिता की शिकायत पर एसडीएम की जांच में हुआ था खुलासा

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** कुशीनगर जिले के खड्डा कस्बे में एक दृष्टिबाधित के नाम से दर्ज हुई जमीन को फर्जी कागजात लगाकर दूसरे के हाथ बैनामा करने के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में पुलिस मुख्य आरोपी की काफी दिनों से तलाश कर रही थी।

खड्डा के शास्त्रीनगर मोहल्ला निवासी रघुनाथ शर्मा की तीन पुत्रियां हैं। इसमें बड़ी पुत्री इन्दू की शादी कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के कटया निवासी रामनरेश व दूसरी पुत्री बिन्दु की शादी प्रभुनाथ तथा तीसरी पुत्री की शादी सहजनवां गोरखपुर निवासी संजय से हुई है। रघुनाथ के मरने के बाद तीनों दामाद ससुराल खड्डा आकर रहने लगे। इसी दौरान बड़े दामाद रामनरेश की पत्नी इन्दू की मौत हो गयी तो रामनरेश की सास ने अपनी जमीन तीनों बेटियों के बीच बराबर-बराबर बंटवारा कर दिया। सास की मौत के बाद बड़े दामाद रामनरेश ने अपनी हिस्से की जमीन पुत्र डेविड व दृष्टिबाधित नाबालिग लड़की गुड़िया के नाम से वरासत करा दिया। इसी दौरान दूसरे नम्बर के दामाद प्रभुनाथ की पुत्री की शादी तय हो गयी। इसमें कटया अपने घर रह रही रामनरेश की दिव्यांग पुत्री को छोटे साढ़ू संजय एक माह पूर्व खड्डा बुला लिया और बिना उसके पिता की जानकारी में दिव्यांग गुड़िया को 22 अप्रैल 2022 को उप निबंधन कार्यालय खड्डा ले जाकर उसके नाम से वरासत हुई जमीन को कार्यालय के जिम्मेदारों से मिलकर फर्जी आधारकार्ड लगा दूसरे के नाम बैनामा करा रुपये ले लिया। जब इसकी जानकारी पिता रामनरेश को हुई तो वह पुत्री गुड़िया को तहसील मुख्यालय लेकर पहुंचे और एसडीएम उपमा पांडेय से सारी बात बताई, जहां एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उप निबंधन कार्यलय पहुंच उक्त जमीन की हुई रजिस्टरी से संबंधित कागजात की जांच की। इसमें नाबालिग लड़की की जमीन दूसरे नाम किए जाने की पुष्टि हुई तो एसडीएम ने इस मामले में संलिप्त कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए कार्रवाई हेतु अपनी जांच रिपोर्ट एआईजी स्टाम्प व डीएम को भेज दिया। पुलिस इस मामले में संलिप्त मुख्य आरोपी संजय, मौसी बिन्दु देवी समेत चार के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गए। मंगलवार की देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि दिव्यांग लड़की का जमीन बैनामा कराने वाला मुख्य आरोपी संजय शर्मा शास्त्रीनगर मोहल्ले में स्थित ससुराल आया है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घर का घेराबंदी कर आरोपी संजय को पकड़ लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने बुधवार को मुख्य आरोपी को जेल भेज दिया।

# मांस की दुकानों पर छापा, एक पर होगी कानूनी कार्रवाई

**बरवापट्टी, हिन्दुस्तान संवाद।** बरवापट्टी थाना क्षेत्र के दशाहवा में शिकायत पर पहुंचे खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मांस की दुकानों पर छापा मारा। इस दौरान एक दुकानदार को अनियमितता मिलने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि नियमों के खिलाफ कार्य करने वालों पर कार्रवाई होगी। कहा कि एक चिकन के दुकानदार पर जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बुधवार को शाम 6 बजे पहुंचे खाद सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार राणा ने मांस विक्रेताओं के अलावा किराना दुकानों की भी जांच की।

# कागज की गड्डी थमा रुपये लेकर भाग रहे युवक को महिला ने पकड़ा

- हाटा कोतवाली के सुकरौली कस्बे का मामला
- पीड़ित महिला ने दिखाया साहस जालसाज को दबोच लिया

**सुकरौली, हिन्दुस्तान संवाद।** हाटा कोतवाली के सुकरौली कस्बे के सेंटल बैंक की शाखा से पैसा निकाल कर जा रही महिला को युवक एक लाख रूपये बता कागज की गड्डी थमा कर भाग निकला। महिला को जैसे ही कागज की गड्डी होने की जानकारी हुई तत्काल कस्बे में युवक को ढूंढने लगी। इसी बीच युवक कस्बे में पीएनबी के पास खड़ा दिखा। महिला ने युवक को पकड़ को शोर मचाया तो मौके पर पहुंची पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुट गयी।

हाटा कोतवाली क्षेत्र के महादनपुर सिहुलिया निवासी कुसुम बुधवार को सुकरौली कस्बा स्थित सेंटल बैंक की शाखा में रुपया निकालने पहुंची थी। महिला ने बताया कि वे जब बैंक से दस हजार रूपये निकाल कर बाहर निकली तो बैंक के बाहर खड़े युवक ने कपड़े में लिपटा कागज की गड्डी को एक लाख रूपये बताकर दे दिया तथा बदले में महिला का दस हजार रूपये लेकर भाग निकला। जैसे ही महिला ने कपड़े में लिपटे गड्डी को खोला तो कागज की गड्डी देख दंग रह गई। शोर मचाते हुये महिला सुकरौली कस्बे में युवक को खोजने लगी। इसी बीच उक्त युवक पंजाब नेशनल बैंक के पास युवक खड़ा दिखा। मौके पर पहुंची महिला ने युवक को पकड़ कर शोर मचाने लगी। घटना की सूचना तत्काल मुकामी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को कब्जे में लेकर पूछताछ करने में जुटी हुई है।

> महिला को कागज की गड्डी थमा कर रूपये लेकर भाग रहे युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया है। युवक के पास से छह हजार रूपये बरामद हुये हैं। युवक से पूछताछ की जा रही है।
>
> **–राजेन्द्र सिंह यादव,** चौकी प्रभारी–सुकरौली

# दहेज हत्या का आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

जासं., खिरकिया बाजारः दहेज हत्या के मामले में वांछित पुर्नहां मिश्र गांव के श्रवण कुशवाहा को गिरफ्तार कर जटहां पुलिस ने जेल भेज दिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआइ विपिन यादव, कांस्टेबल सिद्धार्थ शामिल रहे।

# लूट का वांछित तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**जासं, पडरौना :** सदर कोतवाली पुलिस ने लूट के मामले में वांछित बदमाश को बुधवार को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

कोतवाली पुलिस की टीम शाम को नगर में गश्त पर थी। तभी सूचना मिली कि लूट के मामले में फरार बदमाश रेलवे स्टेशन के पास मौजूद है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक युवक भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा व कारतूस मिला। पूछताछ में उसकी पहचान गोविंद गुप्ता निवासी रामधाम किशुनपुरा थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। पुलिस टीम में दारोगा धर्मदेव चौधरी, अजय कुमार पटेल, कां. चंद्रमा विंद शामिल रहे। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि एक पखवारा पूर्व शातिर बदमाश नकदी व मोबाइल लूट कर फरार हो गया था।

# गैंगस्टर का 26 लाख का तीन वाहन जब्त

**जासं, पडरौना :** पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पटहेरवा पुलिस ने बुधवार को गैंगस्टर के विरुद्ध जब्ती की कार्रवाई करते हुए 26 लाख रुपये का तीन वाहन जब्त किया। पुलिस गैंगस्टर की अन्य संपत्तियों की जानकारी जुटा रही है।

शमशुल हुदा निवासी पिपरा कनक थाना पटहेरवा के विरुद्ध पटहेरवा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया है। विवेचना के दौरान पता चला कि उसने अवैध ढंग से संपत्ति अर्जित की है। प्रकरण की सुनवाई करते हुए जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गैंगस्टर द्वारा अर्जित की गई अवैध संपत्ति जब्त करने का आदेश पारित किया। आदेश के अनुपालन के क्रम में बुधवार को गांव पहुंच पुलिस ने शमशुल हुदा के घर से तीन बोलेरो जब्त कर लिया। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि माफिया व गैंगस्टर की सूची तैयार की जा रही। इनकी अवैध संपत्ति का आंकलन कर जब्त किया जा रहा है।

# गो-तस्करी का वांछित तमंचा व चरस के साथ गिरफ्तार

**जासं, पडरौना:** सदर कोतवाली पुलिस ने गो तस्करी के वांछित अपराधी को तमंचा व एक किलोग्राम से अधिक चरस के साथ नगर से सटे बसहिया में गैस गोदाम के पास से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे न्यायालय ले गई, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस टीम दोपहर बाद गश्त पर थी। सूचना मिली कि बसहिया में वांछित अपराधी मौजूद है। गैस गोदाम के पास दुदही मार्ग पर पुलिस का वाहन देख बाइक सवार एक संदिग्ध युवक भागना चाहा तो पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 312 बोर का तमंचा, दो कारतूस, 1.1 किलो ग्राम चरस मिला। पूछताछ में उसकी पहचान जवाहिर यादव निवासी विशुनपुरा बुजुर्ग नोनिया पट्टी थाना जटहाबाजार के रूप में हुई। पुलिस टीम में दारोगा चंद्रभूषण पांडेय, आनंद शंकर सिंह, रत्नेश मौर्य, हेकां.सच्चिदानंद प्रजापति, कां.वीरेंद्र कुमार, गिरीश कुमार शामिल रहे। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश के विरुद्ध नेबुआ-नौरंगिया, हनुमानगंज सहित कई थानों में संगीन धाराओं में 16 मुकदमे दर्ज हैं।

# मारपीट की मामले में छह के विरुद्ध मुकदमा

**जागरण संवाददाता, साखोपार :** कसया के बाड़ीपुल चौराहा पर मंगलवार की रात मारपीट की हुई दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने बुधवार को छह आरोपितों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश डाली जा रही है। रात लगभग 10 बजे दो पक्ष के युवकों के बीच हुए विवाद और मारपीट में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका गोरखपुर मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। दोनों युवक मामा के घर सेमरा धुसी आए थे।

युवकों के मामा चंद्रभान ने तहरीर में लिखा है कि बाड़ी चौराहा पर छह युवक आए और अनायास अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। मना करने पर उन्होंने गाड़ी में से तलवार निकाल कर उनके दोनों भांजों पर


दैनिक जागरण
MY EDUCATION HELPLINE
FUTURE BEGINS WITH US
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
Mob. 9839663822, 9305035020

प्रवेश प्रारम्भ (Approved By: A.I.C.T.E. & P.C.I. New Delhi) (Affiliated to : U.P.B.T.E & A.K.T.U. LUCKNOW) प्रवेश प्रारम्भ
आर.ए.एस.इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी पिपरीडीह-मऊ
बी.फॉर्मा एक वर्ष की समस्त फीस-45000
D.Pharma-2 Year (Allopathic) College Code-4874
B.Pharma-4 Year College Code- 1033
Contact : 9450825407, 9454744690, 9451610431
Email:-rasip2018@gmail.com, website : www.rasipmau.org.in

IIEIT PARAMEDICAL INSTITUTE
हरिओम नगर (गेट नं.1), सिविल लाइन्स, गोरखपुर
Diploma, Degree, Master Degree
PHYSIOTHERAPY DPT/BPT/MPT
MEDICAL LAB TECH./LT DMLT/BMLT/MMLT
OPTOMETRY D.Opt./B.Opt./M.Opt.
RADIOLOGY DRIT/BRIT/MRIT

# इंटरनेट मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**जासं, पडरौना:** इंटरनेट मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले शोएब अख्तर निवासी दुदही को विशुनपुरा पुलिस ने बुधवार को दुदही में टैक्सी स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बीते 12 जून को दुदही क्षेत्र में वाट्सएप ग्रुप व फेसबुक जैसे इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर की गई धार्मिक अभद्र टिप्पणी वायरल हो गई। पुलिस ने संबंधित व्यक्ति के एकाउंट की जांच पड़ताल शुरू हुई तो उसकी पहचान शोएब अख्तर निवासी दुदही के रूप में हुई। पुलिस ने उसके विरुद्ध आइटी एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। बुधवार को उसकी लोकेशन दुदही कस्बे में मिली। टैक्सी स्टैंड के पास से पुलिस ने उसे दबोच लिया। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर अभद्र धार्मिक टिप्पणी करने वाले को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया गया।

# साइबर अपराधियों से बचाव के लिए पुलिस ने किया जागरूक

**जागरण संवाददाता, कसया:** साइबर अपराध पुलिस के लिए चुनौती साबित हो रहा है। आए दिन जालसाज अलग-अलग तरीका अपना कर लोगों को शिकार बना रहे हैं। इन्हें पकड़ पाना चुनौतीपूर्ण होता है। इससे बचाव का उपाय मात्र जागरूक होना है। इसी उद्देश्य से बुधवार को कसया पुलिस ने अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया।

एसआई विवेक पांडेय ने अपनी टीम के साथ तहसील परिसर में लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी बैंक से खाता धारक के पास फोन नहीं आता है। अगर कोई अंजान व्यक्ति फोन कर आपसे मोबाइल पर ओटीपी, आधार कार्ड नंबर आदि मांगें तो इसकी जानकारी बिल्कुल न दें, नहीं तो आप ठगी के शिकार हो सकते हैं। कहा कि यदि आपके मोबाइल फोन पर काल या वाट्सएप मैसेज पर लक्की ड्रा चुने जाने की सूचना आए तो उस चक्कर में न पड़ें। एटीएम प्रयोग करते समय भी सावधानी बरतें। अपना कार्ड किसी अन्य व्यक्ति को न दें। कां. विशाल यादव, अभिषेक मौर्या, संजय यादव, अनीष यादव, संजय गुप्ता, विजय बहादुर राय, आलोक मणि त्रिपाठी, रामलखन आदि उपस्थित रहे।

## साइबर अपराधियों से बचाव को किया जागरूक

**जासं., नेबुआ नौरंगिया:** थाने की पुलिस ने बुधवार को चौक-चौराहों पर भ्रमण कर आमजन को यूपी काप एप्लीकेशन व साइबर अपराधियों से बचाव के लिए जागरूक किया। प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर विनायक यादव ने कांस्टेबल बीएल यादव, सुदीप शुक्ला, रोहित सिंह, सौरभ कुमार के साथ नौरंगिया तिराहा व पकड़ियार बाजार में भ्रमण किया। इस दौरान लोगों को यूपी काप एप्लीकेशन की जानकारी देते हुए बताया कि आप बिना थाने में पहुंचे कही से भी वाहन चोरी, वाहन लूट, नाबालिग बच्चों की गुमशुदगी, मोबाइल स्नेचिंग, साइबर अपराध आदि से जुड़ा मुकदमा पंजीकृत करा सकते हैं।

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-06-2022

# सोलह आरोपियों का चालान, 10 पर गुण्डा एक्ट

**पनियरा (एसएनबी)**। पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ के दिशा निर्देश में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पनियरा पुलिस ने कुल 16 आरोपियों को 151 व 107,116 सीआरपीसी के तहत चालान न्यायालय कर दिया है। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि 16 आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। इतना ही नहीं अपराधियों के पूर्व के अपराधिक इतिहास को देखते हुए 10 लोगों को गुण्डा एक्ट के तहत निरूद्ध करने की संस्तुति भेजी गयी है। थानाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक संजय यादव के द्वारा चार, उप निरीक्षक ओमजीत पटेल के द्वारा एक ,उप निरीक्षक इम्तियाज अहमद के द्वारा दो ,उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद के द्वारा तीन,, उ.नि. सीताराम यादव के द्वारा एक , महिला उप निरीक्षक निरुपमा यादव के द्वारा 5 आरोपियों को चालान किया गया। साथ ही थाना क्षेत्र के अपराधियों के पिछले अपराधिक इतिहास को खंगाल कर 10 लोगों को एक साथ गुण्डा एक्ट में निरूद्ध करने की संस्तुति कर भेजी गयी है।

# पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**परतावल (एसएनबी)**। स्थानीय ब्लारक सभागार में एसडीएम सदर मोहम्द जसीम एवं सीओ सदर अजय सिंह चौहान को उपस्थित में पीस कमेटी की बैठक हुई । इसमें भारी संख्या में पुलिस बल के साथ ही कई गांवों के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य,सम्मानित लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंस्पेक्टर श्यामदेउरवा आनंद कुमार गुप्ता ने की। बैठक केदौरान हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों के अलावा कई ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने अपनी बात को लोगों के बीच मजबूती से रखी। साथ ही हिंदू मुस्लिम एकता को बनाये रखने पर बल दिया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत परतावल देवेंद्र मणि त्रिपाठी, चौकी प्रभारी परतावल ब्रह्मा उपाध्याय, एस आई संदीप कुमार,मृत्युंजय उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य शमशाद आलम, जियाउल हक मौलाना, साबिर अली, ईश्वर यादव, दीनानाथ, हाजी कासिम, अशोक यादव, काशीनाथ सिंह, ग्राम प्रधान रामचंद्र प्रसाद, छोटेलाल,पूर्व प्रधान पंकज जयसवाल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जनसहयोग से निर्मित थाना प्रभारी कक्ष का लोकार्पण

**निचलौल (एसएनबी)**। स्थानीय थाना परिसर में जनसहयोग से बने आगंतुक कक्ष व थाना प्रभारी कक्ष का लोकार्पण आज पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने किया। थाना प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह ने बताया कि थाना में आने वाले आगंतुकों व अपनी समस्या लेकर आये पीड़ितों के बैठने की व्यवस्था नहीं थी। इससे पीड़ितों खासकर महिलाओं को ज्यादा समस्या होती थी। इस बात को देखते हुए पुलिस अधीक्षक से अनुमति लेकर क्षेत्र के व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों व आमजन से सहयोग लेकर आगंतुक कक्ष व प्रभारी निरीक्षक कक्ष का निर्माण कराया गया है। जिसका लोकार्पण उपजिलाधिकारी सत्यप्रकाश मिश्रा व क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे ने किया। अब थाना पर आने वाले लोगों को बैठने, पानी पीने व शौचालय की व्यवस्था आगंतुक कक्ष में मिलेगी। साथ ही थाना कार्यालय से अलग प्रभारी कक्ष में पीड़ित अपनी शिकायत कर सकेंगे।



# लड़की भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**बृजमनगंज (एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम झिगुजरीजोत से कुछ दिनों पूर्व एक नाबालिग बालिका को गांव के ही युवक द्वारा भगा ले जाया गया था। इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर बालिका की बरामदगी व आरोपी की गिरफ्तारी में जुटी हुई थी। अन्ततः पुलिस को सफलता मिल गयी और भगायी गयी बालिका को पुलिस ने बरामद कर लिया तथा आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। ग्राम झिगुरीजोत से कुछ दिनों पूर्व एक नाबालिग बालिका को भगा ले जाया गया था। इस मामले में थानाध्यक्ष चन्द्रहास मिश्रा ने बताया कि बालिका भगाये जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा धारा 363 के तहत केस दर्ज किया था और आरोपी की तलाश में जुटी थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में आरोपी रामकरन पुत्र भुलई निवासी बरडाड़ टोला झिगुरीजोत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और बालिका को भी बरामद किया गया है।

# पीस कमेटी की बैठक में शांति-सौहार्द की अपील

**नौतनवा।** नौतनवा थाना परिसर में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें सभी समुदाय के लोगों ने शामिल होकर देश में अमन व शांति की अपील की। एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय भी मौजूद रहे।

एसडीएम ने कहा कि कस्बा सहित क्षेत्रों में शांति व्यवस्था कायम रहे इसको लेकर सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से लोग अफवाहें फैलाकर लोगों को भ्रमित कर देते हैं और जब तक सच्चाई का पता चलता है तब काफी देर हो चुकी होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे अफवाह पर बिल्कुल ध्यान ना दें। उसके लिए पुलिस प्रशासन कार्रवाई के लिए तैयार है। सीओ ने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से प्रशासन निपटेलेगा।

# अपहरण के वांछित आरोपी को जेल

**बृजमनगंज।** बृजमनगंज पुलिस ने बुधवार को अपहरण के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी एक गांव से एक किशोरी को लेकर फरार हो गया था। एसओ चंद्रहास मिश्रा ने बताया कि पुलिस दोनों की तलाश में जुटी थी। बुधवार को किशोरी को बरामद कर आरोपी रामकरन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# एसएसबी और कस्टम की टीम ने पकड़ी 63 बोरी यूरिया

**निचलौल।** एसएसबी झुलनीपुर की टीम ने बुधवार की भोर में बार्डर के शितलापुर गॉव के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदी 60 बोरी यूरिया पकड़ी है। इसके साथ सचिन निवासी ग्राम मेघौली कला भी पकड़ा गया है।

एसएसबी ने पकड़ी गई यूरिया लदी ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज कर निचलौल कस्टम को सौंप दिया है। इसी दिन दूसरी बरामदगी कस्टम अधीक्षक आर के तिवारी की टीम ने किया है। टीम ने सिरौली पम्प के पास एक बाइक पर तीन बोरी यूरिया लादकर एक व्यक्ति को नेपाल की तरफ जाते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम संदीप निवासी ग्राम अशोकवां पिपरा थाना बरगदवां बताया है। कस्टम टीम ने पकड़ी गई बाइक व यूरिया को सीज कर दिया है।

# चार दुकानों का लाइसेंस निलंबित, तीन पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** प्रशासन ने बुधवार को निचलौल और नौतनवा में खाद की दुकानों में मिली अनियमितता पर कार्रवाई की। चार दुकानों के लाइसेंस निरस्त किए गए और तीन पर मुकदमा दर्ज कराया गया।

यह कार्रवाई निचलौल और नौतनवा के उपजिलाधिकारी और जिला कृषि अधिकारी की टीम ने की। निचलौल में खाद की चार दुकानों का लाइसेंस निलंबित करने के साथ चार दुकानों को सील किया गया। खाद लदी पिकअप और दो ट्रैक्टर-ट्राली मिलने पर दो नामजद और एक अज्ञात आरोपित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया।

खरीफ की फसल की बोआई को देखते हुए अभियान के तहत बुधवार को निचलौल में जांच की गई। जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर निचलौल के शिव ट्रेडर्स, पवन ट्रेडर्स, फर्टिलाइजर व हरी ट्रेडर्स का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा सना खाद भंडार सिरौली और एमके फर्टिलाइजर निचलौल को सील कर दिया गया। इसी क्रम में नौतनवा में यादव खाद भंडार और बनैलिया खाद भंडार करमहवा के स्टाक रजिस्टर में गड़बड़ी मिलने पर दुकान को सीज कर दिया गया । जिला कृषि अधिकारी विरेंद्र कुमार ने बताया कि निचलौल से एक पिकअप और दो ट्रैक्टर ट्रालियों से नेपाल की तरफ खाद ले जाने की तैयारी के मामले में झुलनीपुर निवासी सेराजुद्दीन और निचलौल कस्बा निवासी मुकेश कुमार के अलावा एक अज्ञात आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## 63 बोरी यूरिया के साथ दो गिरफ्तार

निचलौल : क्षेत्र के दो जगहों से एसएसबी और कस्टम विभाग की टीम ने बुधवार को 63 बोरी यूरिया बरामद की और दो लोगों को गिरफ्तार किया। कस्टम अधीक्षक रविन्द्र तिवारी ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर तैनात शीतलापुर और झुलनीपुर बीओपी की संयुक्त टीम ने ट्रैक्टर-ट्राली पर लदी 60 बोरी अवैध यूरिया की खेप बरामद की। ट्रैक्टर चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम सचिन निवासी मेघौली कला बताया। इसी क्रम में बाइक पर तीन बोरी यूरिया खाद नेपाल ले जा रहे युवक को सिरौली के निकट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित ने पूछताछ में अपना नाम संदीप गुप्ता निवासी अशोकवा पिपरा बताया।

# मिशन शक्ति के तहत लोगों को किया गया जागरूक

**सिसवा बाजार:** मिशन शक्ति के तहत पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देशन में एंटी रोमियो टीम की इंचार्ज मधु सिंह और महिला कांस्टेबल नीतू वर्मा की टीम ने स्थानीय थानाक्षेत्र की ग्राम पंचायत सोहट में चौपाल लगाकर उपस्थित महिलाओं और युवतियों को जागरूक किया। विपरीत परिस्थितियों में अपने को कैसे सुरक्षित करें, इस पर विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में एंटी रोमियो टीम ने स्थानीय कस्बे के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और बैंकों के आसपास भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों सहित अन्य जगहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना हेलमेट गाड़ी चलाने और घूम रहे मनचलों को चेतावनी भी दी गई। (जासं.)

# थाना परिसर में आगुंतक कक्ष का हुआ लोकार्पण



निचलौल थाना में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करते एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्रा ● जागरण

**जागरण संवाददाता, निचलौल :** जनसहयोग से निचलौल थाना परिसर में बने आगंतुक कक्ष व थाना प्रभारी कक्ष का लोकार्पण बुधवार को उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने किया।

थाना प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह ने बताया कि थाना में आने वाले आगंतुकों व अपनी समस्या लेकर आये पीड़ितों के बैठने की व्यवस्था नहीं थी। खासकर महिलाओं को ज्यादा समस्या होती थी। इसी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक से अनुमति लेकर क्षेत्र के व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों व आमजन से सहयोग लेकर आगंतुक कक्ष व प्रभारी निरीक्षक कक्ष का निर्माण कराया गया है। जिसका लोकार्पण उपजिलाधिकारी सत्यप्रकाश मिश्रा व क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे ने किया। अब थाना पर आने वाले लोगों को बैठने, पानी पीने व शौचालय की व्यवस्था आगंतुक कक्ष में मिलेगी। साथ ही थाना कार्यालय से अलग प्रभारी कक्ष में पीड़ित अपनी शिकायत कर सकेंगे।

# 189 वाहनों का चालान

**जासं, महराजगंज :** बुधवार को पुलिस ने यातायात नियम के उल्लंघन के मामले में 189 वाहनों का चालान किया। 35 वाहन संचालकों से 11600 रुपये का जुर्माना भी वसूल किया।

# अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** जुमे की नमाज के पूर्व बुधवार को जिले के सभी थानों पर पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु व गण्यमान्य जन उपस्थित रहे। सदर कोतवाली में सदर उपजिलाधिकारी मो. जसीम व सीओ अजय सिंह चौहान ने लोगों से सौहार्द बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी लोग संयम से काम लें और इंटरनेट मीडिया के अफवाहों पर बिल्कुल भी ध्यान मत दें। अफवाह फैलाने व माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों की निगरानी पुलिस की साइबर सेल द्वारा भी की जा रही है। इसके अलावा अगर किसी भी प्रकार की अफवाह किसी अन्य माध्यम से फैलाई जाती है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। सदर कोतवाल रवि कुमार राय, उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह मौजूद रहे। नौतनवा संवाददाता के अनुसार एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें हिंदू-मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरुओं, संभ्रात लोग, ग्राम प्रधानों व सभासदों ने अपनी अपनी बात रखी। सोनौली कोतवाल मनोज कुमार राय, राजाराम जायसवाल, पुजारी जितेंद्र त्रिपाठी, मौलाना जुल्फिकार, शमीम अशर्फी, ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह, संजय मद्धेशिया, सभासद बृजेश मणि त्रिपाठी, संजय पाठक, गुड्डू अंसारी, रिखी राम थापा उपस्थित रहे। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार उपजिलाधिकारी राम सजीव मौर्य के नेतृत्व में कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र, अमित कुमार राय, जमाल अहमद, फारुख, महबूब, शोहरत अली, मोहम्मद नसीम, जावेद आलम मौजूद रहे।



नौतनवा थाना में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा● जागरण

**जुमे की नमाज को लेकर जिले के सभी थानों में हुई पीस कमेटी की बैठक, इंटरनेट मीडिया की अफवाह पर न दें ध्यान**

# एनडीपीएस एक्ट के मामले में 14 माह की सजा

**महराजगंज :** अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कमलेश्वर पांडेय ने वर्ष 2021 के एनडीपीएस एक्ट के मामले में दोषी पाए जाने पर बृजमनगंज थाना क्षेत्र के गोलसागर निवासी सुमित कन्नौजिया को 14 माह की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा पांच हजार रुपये के अर्थदंड की भी सजा सुनाई गई है। अर्थदंड न जमा करने पर दोषी को 15 दिनों की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस राघवेंद्र उपाध्याय ने बताया कि घटना 26 अप्रैल 2021 की है। पुरंदरपुर थाने में तैनात निरीक्षक आशुतोष सिंह ने रानीपुर चौराहे से सुमित कन्नौजिया को एक किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। (जासं.)

# थाना प्रभारी कक्ष का हुआ उद्घाटन

**निचलौल।** थाना परिसर में बुधवार को जनसहयोग से निर्मित आगंतुक और थाना प्रभारी कक्ष का पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया। क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे, इंस्पेक्टर रामाज्ञा सिंह आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे। संवाद

# 63 बोरी यूरिया बरामद

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के दो स्थानों से एसएसबी और कस्टम ने बुधवार को 63 बोरी यूरिया खाद की खेप बरामद की। जबकि मौके से दो लोगों को टीम द्वारा पकड़ लिया गया है। कस्टम अधीक्षक रविन्द्र तिवारी ने बताया कि बाइक से तीन बोरी यूरिया नेपाल ले जा रहे युवक को सिरौली ने निकट पकड़ा गया। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम संदीप गुप्ता निवासी अशोकवा पिपरा बताया। खाद जब्त कर संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। शीतलापुर और झुलनीपुर बीओपी की संयुक्त टीम द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदी 60 बोरी अवैध यूरिया की खेप बरामद की गई। चालक ने अपना नाम सचिन निवासी मेघौली कला बताया है। संवाद

# नारी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**ठूठीबारी।** कोतवाली पुलिस द्वारा गांव-गांव में चौपाल लगाकर मिशन शक्ति के तहत नारी सशक्तीकरण, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के प्रति लोगों को जागरूक किया। बुधवार को ग्राम सभा ठूठीबारी के टोला धरमौली में चौपाल का आयोजन किया गया। टीम द्वारा महिला उत्पीड़न, छेड़खानी अथवा घरेलू हिंसा से संबंधित जरूरी बातों की जानकारी दी गई। इस मौके पर ओम प्रकाश पांडेय, इंदर प्रसाद यादव, अरुण थापा, वेद प्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे। संवाद

# विवेचकों को प्रशिक्षण में दी जानकारी

## साक्ष्य संकलन में वैज्ञानिक विधियों के प्रयोग के बारे में बताया गया



पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित पुलिस कर्मी। संवाद

**महराजगंज।** विवेचना में वैज्ञानिक तरीकों/साक्ष्यों का प्रयोग करने के लिए बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में विवेचकों को आनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि विवेचकों को विवेचना के दौरान वैज्ञानिक तरीकों के इस्तेमाल व साक्ष्य संकलन में वैज्ञानिक विधियों के प्रयोग के बारे में जानकारी मिली है।

पूछताछ की तकनीकी एवं लाई डिटेक्टर टेस्ट (पॉलीग्राफ) का विवेचना में प्रयोग एवं महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। संवाद

# मादक पदार्थ रखने में एक साल का सश्रम कारावास

**महराजगंज।** अपर सत्र न्यायाधीश (त्वरित न्यायालय) कमलेश्वर पांडेय ने एनडीपीएस एक्ट के मामले की सुनवाई करते हुए अभियुक्त सुमित कन्नौजिया को एक साल दो माह सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है।

पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा भी दी गई है। अर्थदंड अदा न करने की दशा में अभियुक्त को 15 दिन अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार सुमित कन्नौजिया निवासी गोलसागर थाना बृजमनगंज को 26 अप्रैल 2021 को रानीपुर चौराहे पर गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था।

इस मामले में केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्य एवं गवाहों के बयान के आधार पर अभियुक्त का दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने यह सजा सुनाई है। संवाद

# पीस कमेटी की बैठकों में अमन व भाईचारा बनाए रखने की अपील

## दुनिया का कोई भी धर्म हमें आपसी बैर की सीख नहीं देता : एसडीएम



नौतनवां थाने में पीस कमेटी की बैठक करते एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा एवं सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**नौतनवां/परतावल।** नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत बुधवार दोपहर नौतनवां थाना परिसर और परतावल ब्लॉक सभागार में में पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान लोगों को अमनचैन और भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई।

एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा ने कहा कि किसी के बहकावे में आकर आपस में मतभेद रखना देश और आने वाली पीढ़ियों के लिए सही नहीं है। यदि कोई आपको उकसाने का प्रयास करता है, तो आपका पहला कर्तव्य है कि अपनी समझदारी का परिचय दें। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई भी धर्म हमें आपसी बैर की सीख नहीं देता है।

सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि नौतनवां की एकता और अखंडता प्रदेश के लिए मिसाल है, इसे कायम रखें। समाज के बीच से ही कुछ लोगों को पुलिस मित्र के रूप में चिह्नित कर पहचान पत्र जारी किया जाएगा, ताकि वह नगर की शांति व्यवस्था में सहयोग प्रदान कर सकें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय, सोनौली थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय, चौकी प्रभारी अड्डा बाजार हरि किशोर मिश्र, उपनिरीक्षक सत्यदेव, सभासद बृजेश मणि त्रिपाठी, राजाराम जायसवाल, शमीम कुरैशी, मकसूद आदि मौजूद रहे। उधर, शांति व्यवस्था के संबंध में परतावल ब्लॉक सभागार में बुधवार को धर्मगुरुओं तथा संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें सभी समुदाय के लोगों से भाईचारा व सौहार्द से रहने की अपील की गई। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर मो. जसीम, सीओ सदर अजय सिंह चौहान, अधिशासी अधिकारी देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, थानाध्यक्ष आनन्द कुमार गुप्ता, काशीनाथ सिंह आदि मौजूद रहे।

# BASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-06-2022

बुधवार की भोर में नगर थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़

# पशु तस्कर को लगी गोली सिपाही घायल

- कुशीनगर जिले के पटेहरवा थाना क्षेत्र के तीनों आरोपी गिरफ्तार
- घायल बदमाश और सिपाही जिला अस्पताल में भर्ती

बस्ती, निज संवाददाता। नगर थाना पुलिस और एंटी व्हीकल थेफ्ट की संयुक्त टीम से बुधवार को भोर में हुई मुठभेड़ में एक पशु तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में एक सिपाही की बांह को छूते हुए गोली निकल गई। मौके से घायल तस्कर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं।

मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी और प्रभारी एंटी व्हीकल थेफ्ट गजेंद्र सिंह ने थाना क्षेत्र में भोर में करीब तीन बजे बक्सर व भौसिंहपुर के बीच जाने वाले मार्ग के पास गोतस्करों की तलाश में बगीचे में दबिश दी। पिकप में पशुओं को लाद रहे बदमाश पुलिस को देख फायर करने लगे। एक गोली कां. इशांत की बांह को छूते हुए निकल गई और दूसरी गोली थानाध्यक्ष नगर के बुलेट-प्रूफ जैकेट पर लगी।

पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त शमशुलहुदा उर्फ शमशुदोहा निवासी पिपराकनक थाना पटेहरवा के पैर में गोली लगी जिससे वह मौके पर गिर गया। शेष तीन आरोपी भागने लगे जिसमें से दो को दौड़ाकर पकड़ लिया गया। तीसरा अंधेरे का लाभ उठाते हुए खेत रास्ते फरार गया। शेष अन्य दो आरोपियों की पहचान अदालत और मैनुद्दीन निवासी ग्राम लटवा मुरलीधर थाना तरयासुजान कुशीनगर के रुप में हुई। तलाशी के दौरान तीन तमंचा, कारतूस और पिकप में लदा चार पशु बरामद हुआ।

# अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी गए जेल

बभनान। अपहरण व दुष्कर्म के आरोपियों को पकड़कर गौर पुलिस ने जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक गौर ब्रजेंद्र पटेल ने बताया दुष्कर्म के केस में वांछित बलराम यादव निवासी बेलवा राजा, गौर व चंदन कुमार दुबे निवासी ममरखा दुबे टोला, मलाही, पूर्वी चंपारण बिहार फरार चल रहे थे। अपहरण के केस में वांछित कृष्णा व किशन निवासी वार्ड नंबर 2 पटेल नगर, बलदेव का पुरवा बभनान थाना गौर के बारे में मुखबिर से सूचना मिली थी।

# मामलों के निस्तारण को एसआईटी गठित

बस्ती। डीएम प्रियंका निरंजन ने क्रिटिकल शिकायती संदर्भों के त्वरित निस्तारण के लिए जनपद स्तर पर एक स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम का गठत किया है। इस टीम में अपर उप जिलाधिकारी आनन्द श्रीनेत, डिप्टी कलेक्टर शैलेष कुमार, तहसीलदार सदर इन्द्रमणि त्रिपाठी, नायब तहसीलदार सदर कृष्ण कान्त मिश्र, सहायक भूलेख अधिकारी राघवेन्द्र पाण्डेय, राजस्व निरीक्षक राम कुमार लाल, लेखपाल जमील अहमद, दयानन्द लाल श्रीवास्तव को तैनात किया गया है।

# हरियाणा से बिहार जा रही 60 लाख की शराब बरामद



बुधवार को पुरानी बस्ती पुलिस ने बरामद की अंग्रेजी शराब। ● हिन्दुस्तान

बस्ती, निज संवाददाता। हरियाणा से बिहार होते हुए अरुणाचल जा रहे एक संदिग्ध डीसीएम को पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने बुधवार को हाइवे पर रोक लिया। तलाशी के दौरान ट्रक में से 60.34 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पता चला कि अरुणाचल प्रदेश ले जाने के बहाने शराब की डिलीवर बिहार में देनी थी। मौके से चालक फरार हो गया। पुलिस ने माल जब्त करते हुए अज्ञात वाहन स्वामी और चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव बुधवार को भोर में हाइवे पर गश्त कर रहे थे। मुखबिर ने सूचना दिया कि तस्करी कर अवैध शराब डीसीएम से जा रही है। पुलिस ने हाइवे पर चैनपुरवा ओवरब्रिज के पास संदिग्ध डीसीएम को रोका। तलाशी के दौरान डीसीएम में लदी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जिसकी संख्या गिनती से 11,256 शीशी है। इसमें सैकड़ों संख्या में शीशी टूटी-फूटी मिली।

- अरुणाचल प्रदेश ले जाने के बहाने शराब की डिलीवरी बिहार में देनी थी
- अज्ञात वाहन स्वामी और चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

इस अवैध शराब को चोकर की बोरियों में छिपाकर रखा गया था, जिससे किसी को संदेह न हो। गिनती के दौरान 750 एमएल की 1560, 375 एमएल की 3116, 180 एमएल की 6480 शीशी थी। 11 बोरी चोकर के बीच शराब भरी पेटियों को रखा गया था। अज्ञात वाहन स्वामी व चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चालक फरार हो गया है। बरामदगी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती आलोक श्रीवास्तव, एसआई राधारमन यादव, एसआई जितेन्द्र सिंह, हेकां. सन्तोष सिंह, संजीत श्रीवास्तव, रामभगत यादव, कां. पवन यादव, सचिन कुमार मौजूद रहे।

# अवैध खनन करने के आरोप में केस

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने भरतपुर गांव में जेसीबी से अवैध खुदाई के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में राजस्व निरीक्षक सांऊघाट विनय कुमार तिवारी ने बताया कि भरतपुर गांव में जेसीबी लगाकर खनन किया गया। यह खान व खनिज अधिनियम के विरूद्ध है। पुलिस ने एक जेसीबी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।



बुधवार को मुठभेड़ में घायल बदमाश से जिला अस्पताल में पूछताछ करते पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार श्रीवासतव। ● हिन्दुस्तान

## गांव के सीवान में युवक का शव मिला

नगर बाजार। नगर थाना क्षेत्र के बक्सर गांव निवासी युवक का शव गांव के सीवान में मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। गांव निवासी अशोक कुमार शर्मा (24) बुधवार को किसी काम से घर से बाहर निकला था। कुछ समय बाद ग्रामीणों ने गांव के बाहर सड़क के पास खेत में उसका शव पड़ा हुआ पाया। ग्रामीणों ने सूचना घर वालों को दी।



बस्ती सदर तहसील में भाकियू अंबावत गुट के पदाधिकारियों ने दिया धरना।

# भाकियू ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

बस्ती। भारतीय किसान यूनियन अंबावत गुट ने 14 सूत्रीय मांगों को लेकर सदर तहसील परिसर में धरना दिया। छह सूत्रीय ज्ञापन पीएम व सीएम को तो आठ सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम के नाम पर दिया। नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। धरना व ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष डॉ. पतिराज निषाद, मनीराम, राम नरेश, संघमित्रा, हरिभजन, रामछैल, रामकपीश यादव, भगवानदीन मौजूद रहे।

# पैमाइश संबंधी विवादों का जल्द होगा निस्तारण:डीएम

- जिले में 928 पैमाइश के मामले न्यायालयों में हैं लंबित
- 32 कानूनगो की तैनाती के बाद भी पैमाइश में पीछे होने पर डीएम नाराज

बस्ती, निज संवाददाता। भूमि पैमाइश से संबंधित धारा 24 के मामलों के निस्तारण के लिए एक माह का अभियान चलाने के लिए डीएम प्रियंका निरंजन ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि कानूनगो की टीम बनाकर क्षेत्र में भेजें। पैमाइश के लिए गांव में जाने का रोस्टर जारी कर दें। पैमाइश से पहले गांव में डुग्गी, मुनादी करा दें ताकि दोनों पक्ष के लोग उपस्थित रहें।

डीएम ने बताया कि तहसील सदर तथा हर्रैया में 13-13 और रूधौली एवं भानपुर में 3-3 कानूनगो कार्यरत है। पूरे जिले में इस तरह के लगभग 928 मामले लम्बित है। एसडीएम अपने तहसील क्षेत्र के सभी तालाब, खेल का मैदान एवं चारागाह की सूची संबंधित बीडीओ को उपलब्ध करा दें। वह सुनिश्चित करेंगे कि इन पर कोई अवैध अतिक्रमण न हो, सत्यापन के दौरान अवैध अतिक्रमण पाया जाता है, तो तत्काल उसे हटवाने की कार्रवाई करें। उन्होंने भानपुर तहसील में कनेथू बुजुर्ग में 60 हेक्टेयर के तालाब के सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास के दृष्टि से एक समिति का गठन किया है। बैठक का संचालन एडीएम अभय कुमार मिश्र ने किया। डीएफओ नवीन कुमार शाक्य, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम हर्रैया अमृत पाल कौर, एसडीएम सदर सूरज कुमार यादव, गुलाब चन्द्र, जीके झॉ, डिप्टी कलेक्टर आनन्द श्रीनेत, अतुल आनन्द, शैलेष दूबे, सुधांशु, तहसीलदार तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**रामजानकी मार्ग के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस जारी:** रामजानकी मार्ग के चौड़ीकरण के लिए अवैध अतिक्रमण तथा बिजली के खम्भे हटवाने के संबंध में बुलायी गयी बैठक में कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर के न आने पर डीएम ने असंतोष व्यक्त किया और कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। प्रोजेक्ट मैनेजर की तरफ से लगाई गयी रिपोर्ट में अतिक्रमण हटवाने में प्रशासन का सहयोग नहीं मिला लिखा गया है। इस पर भी उन्हें स्पष्टीकरण देना होगा। डीएम ने पूछा है कि उन्होंने प्रशासन से कब-कब सहयोग मांगा है। मार्ग में आ रहे एक बड़े पीपल के पेड़ को हटवाने के लिए डीएफओ को समुचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया। बिजली के खम्भे हटवाने के लिए अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया।

# 25 एसआई का तबादला दो चौकी इंचार्ज बने

बस्ती। पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को जिले के 25 उपनिरीक्षकों का तबादला करते हुए नगर थाने के एसआई अमित कुमार को चौकी इंचार्ज अस्पताल चौराहा व रुधौली थाने के एसआई संतोष कुमार सिंह को चौकी हनुमानगंज रुधौली का प्रभारी बनाया गया है। आठ दरोगा को एसएसआई बनाकर विभिन्न थानों पर भेजा गया है।

# चार मामलों में मारपीट का केस

बस्ती। हर्रैया पुलिस ने भूमि विवाद में रियाज निवासी त्रिलोकपुर की तहरीर पर इलियास, मेराज, सिराज पर केस दर्ज किया है। हर्रैया पुलिस ने बसदेवा कुंवर निवासी गंगाराम की तहरीर पर विशाल, रोहित, अवधेश, लकी पप्पू, दीपक पर केस दर्ज किया। छावनी पुलिस ने अनिल की तहरीर पर साहब राम वर्मा, विक्रांत सिंह पर केस दर्ज किया। पुरानी बस्ती पुलिस ने विनोद की तहरीर पर रवि, राज, सागर, अनीष पर दर्ज किया है।

# पति-पत्नी व बेटी पर दर्ज होगा धोखाधड़ी का केस

**आदेश**

**बस्ती, निज संवाददाता।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश यादव की अदालत ने धोखाधड़ी व कूट रचना के मामले में पति-पत्नी व उनकी बेटी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को सुसंगत धाराओं में केस पंजीकृत कर के 15 दिन के अंदर अवगत कराने का निर्देश दिया।

कलवारी थाना क्षेत्र के बभनियांव बुजुर्ग निवासी अशोक सिंह ने एसएन दुबे एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय में अर्जी देकर कहा कि बभनियांव बुजुर्ग के रामआज्ञा सिंह के संतान में केवल एक पुत्री थी। उनके चचेरे भाई बेनी उर्फ त्रिवेणी सिंह तथा गोमती सिंह का विवाह ही नहीं हुआ था। रामआज्ञा की देखभाल अशोक करते थे। इससे प्रसन्न होकर उन्होंने अपनी संपत्ति का हिबानामा अशोक के पक्ष में कर दिया था। त्रिवेणी व गोमती, रामआज्ञा के सगे चाचा के लड़के थे, उनकी मृत्यु के बाद सम्पूर्ण संपत्ति के हकदार अशोक थे। अशोक ने ही रामआज्ञा के निर्देशानुसार त्रिवेणी व गोमती का अंतिम संस्कार श्रद्धा पूर्वक किया था। आरोपी बृजमोहन अज्ञात स्थान से आकर बभनियाव बुजुर्ग में रहने लगा था। उसकी पत्नी मनोरमा व पुत्री आकांक्षा उर्फ खुशी ने मिलकर साजिश कर एक बार बृजमोहन को त्रिवेणी सिंह का पुत्र बनाकर वरासत करा लिया और त्रिवेणी की संपत्ति बृजमोहन के नाम कर दी गई। फिर इन्हीं कानूनगो व लेखपाल की मेहरबानी से गोमती सिंह की मृत्यु के बाद उनकी संपत्ति भी उनका पुत्र दर्शाते हुए बृजमोहन के नाम पर्यवेक्षक कानून 11 के तहत कर दी गई। उसमें से कुछ संपत्ति नहर विभाग को बृजमोहन ने बेच भी दिया है। पुलिस ने भी मामले को नजरअंदाज कर दिया।

# प्रधान व उनके पति पर हमला, केस

रुधौली। रुधौली थानांतर्गत ग्राम पंचायत बरवा की महिला प्रधान फूलमती ने तहरीर दी कि हारे प्रधान प्रत्याशी सुनील ने चुनावी रंजिश को लेकर उन्हें व उनके पति को मारापीटा। वह घायल हो गई। पति रामगुलाम का सर फट गया। नाती मिथिलेश को भी पीटा। पुलिस ने सुनील, मुनील, वीरेंद्र पर केस दर्ज किया है।

# शांति व्यवस्था के लिए तैनात हुए मजिस्ट्रेट

## सतर्कता



शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने ड्रोन कैमरों से आपत्तिजनक सामानों की तलाश की।

**बस्ती, निज संवाददाता।** कानपुर हिंसा व शुक्रवार की नमाज को लेकर हो रही घटनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सभी थाना क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट की तैनाती किया है। पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के अल्पसंख्यक इलाकों की पेट्रोलिंग की। इस दौरान ड्रोन कैमरों का प्रयोग कर यह देखा कि किसी छत पर ईंट-पत्थर या कोई संवेदनशील सामान तो नहीं रखा है।

डीएम प्रियंका निरंजन ने एसडीएम सदर सूरज यादव को कोतवाली, तहसीलदार सदर इंद्रमणि तिवारी को पुरानी बस्ती, तहसीलदार भानपुर केसरीनंदन तिवारी को वाल्टरगंज, नायब तहसीलदार सदर प्रियंका त्रिपाठी को कलवारी, एसडीएम अतुल आनंद को कप्तानगंज, एसडीएम शैलेष कुमार दूबे को नगर, बीडीओ दुबौलिया वर्षा वंग को दुबौलिया, एसडीएम रुधौली गुलाब चंद्र को रुधौली, एसडीएम भानपुर गिरीश झा को सोनहा, नायब तहसीलदार केके मिश्रा को मुंडेरवा, बीडीओ बनकटी धनेश यादव को लालगंज, एसडीएम हर्रैया अमृत पाल कौर को हर्रैया, तहसीलदार हर्रैया सत्येन्द्र सिंह को छावनी, बीडीओ परसरामपुर को थाना परसुरामपुर, नायब तहसीलदार हर्रैया निखिलेश कुमार वर्मा को पैकोलिया, बीडीओ गौर केदारनाथ कुशवाहा को गौर का मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

सभी को हिदायत दिया आपत्तिजनक सामान छत पर इकट्ठा न करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# धोखाधड़ी व कूटरचना के मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश

- लेखपाल और कानूनगो का अजब-गजब कारनामा
- एक व्यक्ति को दो पिता का पुत्र मानकर किया वरासत

**जासं, बस्ती:** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश यादव ने धोखाधड़ी व कूट रचना के मामले में दो महिला सहित एक पुरुष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने प्रभारी कोतवाली को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर के 15 दिन के अंदर अवगत कराने का निर्देश दिया है।

कलवारी थाना क्षेत्र के बभनियांव बुजुर्ग निवासी अशोक कुमार सिंह ने एसएन दुबे एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय में अर्जी देकर कहा कि बभनियांव बुजुर्ग के रामअज्ञा सिंह के केवल एक पुत्री थी व उनके चचेरे भाई बेनी उर्फ त्रिवेणी सिंह तथा गोमती सिंह का विवाह ही नहीं हुआ था। रामअज्ञा की सेवा देखभाल अशोक कुमार सिंह किया करते थे। इससे प्रसन्न होकर के उन्होंने अपनी संपत्ति का हिब्बानामा अशोक के पक्ष में कर दिया था। त्रिवेणी सिंह व गोमती रामअज्ञा के सगे चाचा के लड़के थे, उनकी मृत्यु के बाद सम्पूर्ण संपत्ति के हकदार अशोक सिंह थे। अशोक सिंह ने ही रामअज्ञा के निर्देशानुसार त्रिवेणी व गोमती का अंतिम संस्कार श्रद्धापूर्वक किया था। बृजमोहन अज्ञात स्थान से आकर बभनियांव बुजुर्ग में रहने लगा था। उसकी पत्नी मनोरमा सिंह व पुत्री आकांक्षा उर्फ खुशी सिंह हैं। इन लोगों ने मिलकर साजिश किया, सरकारी कर्मचारियों को मिलाकर लेखपाल व कानूनगो की मदद से एक बार बृजमोहन को त्रिवेणी सिंह का पुत्र बनाकर वरासत किया गया फिर त्रिवेणी की संपत्ति बृजमोहन के नाम कर दी गयी। फिर इन्हीं कानूनगो व लेखपाल की मिलीभगत से गोमती सिंह की मृत्यु के बाद उनकी संपत्ति भी उनका पुत्र दर्शाते हुए बृजमोहन के नाम पर्यवेक्षक कानून 11 के तहत उसके हक में कर दिया गया। उसमें से कुछ संपत्ति नहर विभाग को बृजमोहन ने बेच भी दिया है। जब अशोक को इसकी जानकारी हुई तो उसने शिकायत किया, जिससे नाराज होकर बृजमोहन मनोरमा व आकांक्षा ने अशोक को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दिया। पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया वहां से भी पीड़ित को न्याय नहीं मिला, तब न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराने के लिए अर्जी दिया। शिकायत कर्ता ने सरकारी कर्मचारियों का नाम अर्जी में नहीं डाला है। विवेचना से इनकी भूमिका भी साफ हो जाएगी। सीजेएम ने केस दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना करने का आदेश दिया है।

# जुमे की नमाज के लिए लगाए गए मजिस्ट्रेट

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** जुमा की नमाज के बाद पिछले दिनों कई शहरों में हुए बवाल को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट है। जुमे की नमाज को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। इनको अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कोतवाली व पुरानी बस्ती पुलिस की ओर से लगातार संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र में उप जिलाधिकारी सदर सूरज यादव, पुरानी बस्ती में तहसीलदार सदर इंद्रमणि तिवारी, वाल्टरगंज में तहसीलदार भानपुर केसरी नंदन त्रिपाठी, कलवारी में नायब तहसीलदार सदर प्रियंका त्रिपाठी, कप्तानगंज में उप जिला मजिस्ट्रेट बस्ती अतुल आनंद, नगर में उप जिला मजिस्ट्रेट बस्ती शैलेश कुमार दूबे, दुबौलिया में खंड विकास अधिकारी वर्षा बंग, रुधौली में उप जिला मजिस्ट्रेट गुलाब चंद्र द्वितीय, सोनहा में उप जिला मजिस्ट्रेट भानपुर गिरीश कुमार झा, मुंडेरवा में नायब तहसीलदार सदर कृष्ण कुमार मिश्र, लालगंज में खंड विकास अधिकारी बनकटी धनेश यादव, हरैया में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृत पाल कौर, छावनी में तहसीलदार हरैया सत्येंद्र सिंह, परशुरामपुर खंड विकास अधिकारी परशुरामपुर विवेक मणि त्रिपाठी, पैकोलिया में नायब तहसीलदार हरैया निखिलेश कुमार वर्मा, गौर में बीडीओ गौर केदारनाथ कुशवाहा को लगाया गया है। सभी स्थानों पर तैनात मजिस्ट्रेटों को अपने - अपने क्षेत्र में पड़ने वाले समस्त थाना, बाजारों, चौराहों आदि पर निरंतर भ्रमणशील रहकर स्थिति पर सतर्क दृष्टि रखते हुए हर दशा में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करानी होगी।



पुरानी बस्ती में ड्रोन कैमरे से निगरानी करती पुलिस ● जागरण

**संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम: साऊंघाट, बस्ती :** पुरानी बस्ती पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों मस्जिदों के निकट और चौराहों पर पैदल मार्च किया। शुक्रवार को होने वाली जुमे की नमाज के समय मस्जिद के आसपास लोगों को भीड़ न लगाने की अपील की। पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव और दक्षिण दरवाजा चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने लोगों से कहा कि वे किसी के बहकावे में न आएं। अफवाहों पर ध्यान न दें। इंटरनेट मीडिया पर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी न करें। अति संवेदनशील क्षेत्र दक्षिण दरवाजा, अमोली, परसा जाफर, और सबदेइया कला में विशेष रुप से सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।

# पुलिस से हुई मुठभेड़ में पशु तस्कर घायल

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** नगर पुलिस और एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम के साथ हुई मुठभेड़ में एक पशु तस्कर घायल हो गया। पशु तस्करों की ओर से की गई फायरिंग में एक सिपाही की बांह को छूते हुए गोली निकल गई। मौके से तीन पशु तस्कर गिरफ्तार किए गए। इनके पास तीन देसी तमंचा, पिकअप और उस पर लदे चार गोवंशीय पशु बरामद किए गए। घायल पशु तस्कर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी ने अस्पताल पहुंचकर घायल से पूछताछ की।

थानाध्यक्ष नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी व प्रभारी एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम गजेंद्र सिंह की संयुक्त टीम ने एक सूचना के आधार पर बुधवार की भोर में नगर थाना क्षेत्र के बक्सर व भौसिंहपुर गांव के बीच जाने वाले मार्ग के पास बगीचे में पहुंची। उस समय पशु तस्कर बगीचे में गोवंशीय पशुओं को एक पिकअप में लाद रहे थे।

पुलिस टीम को देखते ही पशु तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी। उनकी एक गोली आरक्षी इशांत के दाहिने बांह को छूते हुए निकल गई। एक गोली थानाध्यक्ष नगर के बुलेट-प्रूफ जैकेट पर लगी। पुलिस द्वारा किए गए जवाबी फायरिंग में एक पशु तस्कर शमशुल हुदा उर्फ शमशुदोहा के बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी, जिससे वह मौके पर गिर गया। अन्य तीन पशु तस्कर भागने का प्रयास करने लगे जिसमें से दो को पुलिसकर्मियों को दौड़ा कर पकड़ लिया गया। एक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला।



मुठभेड़ में घायल से पूछताछ करते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव • जागरण

- बगीचे में गोवंशीय पशुओं को एक पिकअप में लाद रहे थे पशु तस्कर
- पैर में गोली लगने के बाद भागने लगे तस्कर, पुलिस ने दो को पकड़ लिया

पकड़े गए पशु तस्करों में शमशुल हुदा उर्फ शमशुदोहा निवासी पिपरा कनक थाना पटरेहवा जनपद कुशीनगर, अदालत व मैनुद्दीन निवासीगण लटवा मुरलीधर थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार पशु तस्करों ने तीन राउंड फायरिंग की। इतना ही उनकी ओर से की गई फायरिंग में दो गोली मिस भी हो गई।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार सभी पशु तस्करों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। इनके ऊपर शीघ्र ही गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। तस्करों द्वारा अर्जित अवैध संपत्तियों को भी कुर्क किया जाएगा।

## गो तस्कर पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा

**जासं, पैकोलिया, बस्ती :** आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त गो तस्करी के मामले में वांछित चल रहे मोहम्मद शकील निवासी लोआम थाना दरभंगा सदर जिला दरभंगा बिहार के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित के खिलाफ न्यायालय द्वारा 82 की नोटिस भी चस्पा की जा चुकी है। इसके बाद भी अब तक वह न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि न्यायालय के द्वारा गैर जमानतीय वारंट जारी होने और कुर्की की नोटिस के बावजूद आरोपित न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर रहा है। उसके विरुद्ध पैकोलिया थाने में गैंगस्टर एक्ट की कारवाई की गई है।

# किशोरी के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, बभनान बस्ती:** नगर पंचायत बभनान से एक किशोरी के अपहरण करने के मामले में आरोपित को गौर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही अपहृता भी बरामद कर ली गई है। उसके मेडिकल के लिए भेजा गया है।

आरोपित कृष्णा उर्फ किशन कुमार को बभनान के विजय नगर तिराहे पर से गिरफ्तार किया है। 27 मई को एक व्यक्ति ने गौर पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री 25 मई से गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि बभनान निवासी किशन ने उसका अपहरण किया है। जब इस बात का उलाहना देने पर अपशब्द कहते हुए आरोपित के परिवार वालों ने जानमाल की धमकी दी थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी।

# पुलिस ने पकड़ी 40 लाख रुपये की शराब

## मौके से भागा चालक, चंडीगढ़ हरियाणा निर्मित है ब्लू स्ट्रोक ब्रांड की बरामद अंग्रेजी शराब

**जासं, साउंघाट, बस्ती :** पुरानी बस्ती पुलिस के हाथ बुधवार की भोर में एक बड़ी कामयाबी लगी। हाईवे पर थाना क्षेत्र के चैनपुरवा ओवरब्रिज के अंडरपास से डीसीएम में लदी अवैध अंग्रेजी शराब की एक बड़ी खेप पुलिस ने बरामद की। पुलिस के अनुसार कुल 234 गत्तों में 11256 बोतल ब्लू स्ट्रोक ब्रांड की शराब बरामद की गई तो चंडीगढ़ हरियाणा की निर्मित बताई गई है। इसकी कीमत 40 लाख रुपये आंकी गई है। हालांकि चालक व खलासी के भाग जाने से पुलिस यह नहीं पता लगा सकी कि शराब की खेप कहां जा रही थी। आशंका जताई जा रही है कि इसे बिहार ले जाया जा रहा था।



पुरानी बस्ती थाना में पकड़ी गई शराब, ट्रक तथा पुलिस टीम • जागरण

थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार की भोर में वह पुलिस टीम के साथ हाईवे पर भ्रमणशील थे। इसी बीच चार बजे के करीब अंडरपास रास्ते से आ रही एक डीसीएम को देखकर संदेह हुआ। पुलिस को देख डीसीएम चालक गोरखपुर की तरफ गाड़ी लेकर भागने लगा। पुलिस उस तक पहुंचती उससे पहले ही चालक व खलासी गाड़ी रोक भाग निकले। पुलिस ने जब डीसीएम की तलाशी ली तो उसमें चोकर के बोरों के बीच में शराब के गत्ते मिले। गत्ता खोलकर देखा गया तो चंडीगढ़ हरियाणा निर्मित 11256 बोतल ब्लू स्ट्रोक ब्रांड की शराब बरामद हुई। इनमें 750 एमएल के 1560 बोतल , 375 एमएल के 3216 बोतल, 180 एमएल के 6480 बोतल शामिल थे। थानाध्यक्ष के अनुसार बरामद शराब की कीमत 40 लाख रुपये आंकी गई है।

### इस टीम ने पकड़ी शराब की खेप

शराब की खेप पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा हड़िया चौकी इंचार्ज राधारमण यादव, दक्षिण दरवाजा चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह, हेड कास्टेबल राम भगत यादव, संतोष सिंह, कास्टेबल पवन यादव, ऋषिकेश, संजीत शामिल रहे।

# अवैध रूप से मिट्टी का खनन पर मुकदमा

**पुरानी बस्ती:** थाना क्षेत्र के भरतपुर गांव में अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर रहे एक जेसीबी के चालक नाम पता अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। राजस्व निरीक्षक विनय कुमार त्रिपाठी ने पुरानी बस्ती पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि भरतपुर गांव में जेसीबी से मिट्टी की अवैध खोदाई की जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 4/21 खान एवं खनिज व लोक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# प्रेमी से शादी के लिए रची थी खुद के अपहरण की साजिश

**जासं, परशुरामपुर, बस्ती :** परशुरामपुर थाना क्षेत्र के अमौली बाजार में युवती के अपहरण की घटना का सच सामने आ गया है। इस घटना की साजिश खुद युवती ने अपने प्रेमी के संग मिलकर रची थी। वह अपने प्रेमी से विवाह करना चाहती थी। इसीलिए उसने यह साजिश रची और वह अपने प्रेमी से शादी करने में सफल भी हो गई। इस संबंध में उसने एक वीडियो भी वायरल की।

घटना 11 जून की है। अमौली बाजार निवासी एक सब्जी विक्रेता की 20 वर्षीय बेटी घर के सामने सड़क पार लगे इंडिया मार्क हैंडपंप से पानी भर कर लौट रही थी। सुबह 6.30 बजे के आसपास कार सवार कुछ लोग पहुंचे सोनी को गाड़ी में बैठा कर फरार हो गए। परिवारीजनों को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने घटना की सूचना परशुरामपुर पुलिस को दी। सीओ हरैया शेषमणि उपाध्याय ने मौके पर पहुंचकर एसओजी व सर्विलांस सेल की टीम को अपहर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए लगाया। कई स्थानों के सीसीटीवी फुटेज संकलित किए गए। जिससे कि कार को ट्रेस किया जा सके। पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा भी तत्काल दर्ज कर लिया गया। पुलिस की छानबीन में अपहरण का पूरा मामला संदिग्ध पाया गया।

पुलिस की माने तो युवती अपने ही किसी रिश्तेदार से प्रेम करती थी, लंबे समय से दोनों में प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन घरवालों को जब इस बात की जानकारी हुई तो उन्हें यह सब कुछ नागवार लगा। युवती रिश्तेदार के साथ ही शादी करना चाह रही थी। इसके लिए उसने योजना बनाई और वह प्रेमी के साथ 11 जून की सुबह घर के सामने से कार में बैठ कर चली गई।

एक दिन बाद युवती ने खुद एक वीडियो जारी कर घटना की सच्चाई से लोगों को अवगत कराया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही ने बताया तथ्यों के आधार पर कार्यवाही की जा रही है।

# भौखरी गांव में जुआ खेलते चार जुआरी धराए

**पैकोलिया, बस्ती :** उपनिरीक्षक सतीश कुमार मिश्र और उनकी टीम ने बुधवार को भौखरी गांव के निकट के कर्बला वाले बाग में चार लोगों को जुआ खेलते पकड़ा। इनमें सुरेश, रमजान, नाटे उर्फ श्रीचन्द निवासीगण धोबहा थाना गौर व महेंद्र निवासी जैतापुर थाना गौर शामिल हैं। इनके पास से 525 रुपये व तास के 52 पत्ते बरामद किए गए हैं। आरोपितों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है। (जासं)

# सामाजिक सौहार्द के लिए मांगा सहयोग

**जागरण संवाददाता सिकंदरपुर, बस्ती :** परशुरामपुर थाना क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर बुधवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हरैया अमृतपाल कौर ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाएं रखने की अपील भी की। इसके साथ ही चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और ग्राम प्रधानों व संभ्रांत लोगों से शांति बनाए रखने के लिए अपील की।

क्षेत्र के हैदराबाद व सिकंदरपुर कस्बे में ड्रोन कैमरे की मदद से सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए सिकंदरपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में चौपाल कार्यक्रम हुआ। ग्राम प्रधानों व क्षेत्र के सभ्रांत लोगों से क्षेत्र में शांति बनाएं रखने के लिये अपील की। इसके अलावा ग्रामीणों की समस्याओं को भी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सुना। उन्होंने कहा कहा कि आपस में भाईचारा बरकरार रखें। बताया कि उपद्रवी किसी भी स्थिति में बख्शे नहीं जाएंगे,जो भी सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करेगा,उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोगों से कहा कि ऐसे लोगों को चिह्नित करें और यदि उन पर संदेह हो तो प्रशासन को सूचित करें। जिससे किसी भी अप्रत्याशित घटना-दुर्घटना से बचा जा सके। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही, चौकी इंचार्ज अजय सिंह, चौकी इंचार्ज पवन मिश्रा रहे।

# संदिग्धावस्था में युवक की मौत, खेत में मिला शव



ग्राम बक्सर में युवक की मौत के मामले की जांच करती पुलिस। संवाद

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर थाना क्षेत्र के बक्सर के सिवान में 24 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गांव के बाहर खेत में उसका शव पाया गया। सूचना पाकर पहुंचे परिवार के लोग शव को घर ले आए। इसी बीच पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार बक्सर निवासी अशोक कुमार शर्मा पुत्र रामदीन गांव के बाहर खेत के तरफ किसी काम से गया था। काफी देर बाद भी वापस नहीं लौटा। इसी बीच गांव के कुछ लोगों ने खेत में अशोक का शव देखकर शोर मचाया। थाना प्रभारी नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के बारे में कुछ कहा जा सकता है। संवाद

# बग्घी में ठोकर मारने वाले कार चालक पर केस

**नगर बाजार(बस्ती)।** नगर थाना क्षेत्र के फुटहिया फ्लाईओवर पर दस जून को बग्घी में टक्कर मारने वाले अज्ञात चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। नगर पुलिस को दिए तहरीर में रिजवान अली निवासी दकिया जुमा जनपद मुरादाबाद, हाल मुकाम दक्षिण दरवाजा (इंडियन कान्वेंट स्कूल) के पीछे थाना पुरानी बस्ती ने आरोप लगाया कि दस जून को वह अपने छोटे भाई के साथ हरैंया से अपनी बग्गी के साथ शादी की बुकिंग से लौट रहा था। फुटहिया के पास तेज रफ्तार कार ने बग्गी में ठोकर मार दिया था। जिससे बग्गी क्षतिग्रस्त हो गई व रिजवान का भाई व घोड़ा भी घायल हो गया था। थाना प्रभारी नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि कार संख्या के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# तीन पशु तस्कर गिरफ्तार, एक को लगी गोली

## नगर थाना क्षेत्र के बक्सर, भौसिंहपुर के पास हुई मुठभेड़, कुशीनगर के थे तस्कर

संवाद न्यूज एजेंसी

**नगर बाजार/बस्ती।** नगर थाना क्षेत्र के बक्सर और भौसिंहपुर के पास स्थित बाग में बुधवार तड़के थाना नगर पुलिस व एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम की संयुक्त टीम की कुशीनगर के पशु तस्करों के साथ मुठभेड़ हो गई।

बाग में पिकअप पर पशुओं को लादते समय पहुंची पुलिस को देखकर तस्करों ने पुलिस पर फायर कर दिया। गोली एक सिपाही के हाथ को छूते हुए निकल गई। जबकि दूसरी गोली एसओ नगर धर्मेंद्र तिवारी के बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। जवाबी फायरिंग में एक पशु तस्कर शमशुलहुदा को गोली लगी और वह गिर गया। उसके तीन अन्य साथी भागने लगे। जिनमें दो को पुलिस टीम ने घेरकर पकड़ लिया, मगर एक तस्कर भागने में सफल रहा। उनके पास से दो तमंचा कारतूस, पिकअप और चार गोवंशीय पशु बरामद किए गए। गिरफ्तार तस्करों में शमशुलहुदा उर्फ शमशुदोहा निवासी ग्राम पिपराकनक थाना पटरेहवा जनपद कुशीनगर, अदालत निवासी ग्राम लटवा मुरलीधर थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर और मैनुद्दीन निवासी ग्राम लटवा मुरलीधर थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर शामिल हैं। घायल तस्कर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ की जा रही है। मुठभेड़ करने वाली टीम में थानाध्यक्ष नगर धर्मेंद्र तिवारी, प्रभारी प्रभारी एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम गजेंद्र सिंह, एसआई श्रवण कुमार यादव, हरिराय, हेड कांस्टेबल राकेश यादव, अजय दुबे, राम सुरेश यादव, कांस्टेबल महेन्द्र एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम, इशांत कुमार, धर्मवीर सिंह, ऋषिकेश पाठक, अमित कुमार यादव थाना नगर शामिल थे।



गिरफ्तार गौ तस्कर से पूछताछ करते एसपी आशीष श्रीवास्तव। संवाद

# शांति-व्यवस्था को लेकर पुरानी बस्ती में हुई बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** थाना पुरानी बस्ती अंतर्गत चौकी दक्षिण दरवाजा पर सभी धर्मों के लोगों के साथ बुधवार को बैठक की गई। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से अपील की गई।

किसी भी प्रकार का सांप्रदायिक तनाव न होने पाए, इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। लोगों से आसपास के एरिया में कैमरा लगाने की भी अपील की गई। कोई भी भ्रामक सूचना मिलने पर तत्काल थाना पुरानी बस्ती, उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के लिए बताया गया। विशेषकर युवकों पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता के बारे में बताया गया। ड्रोन कैमरे के माध्यम से थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर निगरानी की गई। छतों पर भी ड्रोन कैमरे से देखा गया कि कहीं कोई आपत्तिजनक चीज न हो। चौकी दक्षिण दरवाजा से करुआ बाबा तक मार्ग में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों तथा



पुरानी बस्ती में ड्रोन से निगरानी करते पुलिसकर्मी। संवाद

## ड्रोन कैमरों से की गई छतों की निगरानी

आसपास के मकानों की छतों पर निगरानी की गई। कस्बे में लोगों को इकट्ठा कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। सोशल नेटवर्किंग साइट पर आपत्तिजनक व भड़काऊ पोस्ट शेयर करने से बचने तथा भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों पर नजर रखने के लिए कहा गया। थाने की फोर्स दंगा नियंत्रण उपकरण व बॉडी प्रोटेक्टर डंडा हेलमेट के साथ पैदल गश्त किया गया। थाने पर उपलब्ध सभी संसाधनों को चेक किया गया ताकि आवश्यकता पड़ने पर उसका उपयोग किया जा सके। इस दौरान थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती आलोक कुमार श्रीवास्तव, चौकी इंचार्ज दक्षिण दरवाजा जितेंद्र सिंह, एसआई विंध्याचल प्रसाद थाने की फोर्स व तमाम सभासद मौलवी व



विक्रमजोत पुलिस चौकी पर आरक्षी भवन का उद्घाटन करते आईजी। संवाद

# विक्रमजोत पुलिस चौकी पर आरक्षी भवन का हुआ जीर्णोद्धार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**विक्रमजोत।** छावनी क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी विक्रमजोत के आवासीय परिसर का मरम्मत और रंगाई पुताई कार्य के बाद मंगलवार देर शाम बस्ती के पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोदक ने मंत्रोच्चार के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया।

शिलापट का अनावरण करते हुए चौकी परिसर में पौधरोपण किया। चौकी का आवासीय भवन वर्षों से जर्जर पड़ा था। जिसकी मरम्मत की जरूरत को देखते हुए चौकी इंचार्ज योगेंद्र कुमार ने जनसहयोग और पुलिस कर्मियों के सहयोग से मरम्मत कार्य कराया। पुरानी चौकी का प्लास्टर फर्श, पेंटिंग, मरम्मत व बाउंड्रीवाल का निर्माण कराकर जीर्णोद्धार कराया गया। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी थाना क्षेत्र के हलका इंचार्ज के पास भी अपना आवास हो और वह हमेशा अपने हलके में मौजूद रहें। अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय, थानाध्यक्ष छावनी उमाशंकर त्रिपाठी, एसएसआई श्याम मोहन त्रिपाठी तथा थाना व चौकी के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज करने का आदेश

**बस्ती।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश यादव ने धोखाधड़ी व कूटरचना के मामले में दो महिला सहित एक पुरुष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने प्रभारी कोतवाली को सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके 15 दिन के अंदर अवगत कराने का निर्देश दिया है। मामला कलवारी थाना क्षेत्र के बभनियांव बुजुर्ग का है। संवाद

## शांतिभंग की आशंका में नौ का चालान

**कलवारी।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से नौ लोगों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के नौली निवासी नीरज कुमार व निर्भय कुमार, गायघाट निवासी मुन्नार, राजू, धर्मेंद्र कुमार, केंवचा निवासी राजेंद्र कुमार व संतोष कुमार तथा लालगंज थाना के सिसई गांव निवासी आकृष्ट चौधरी व संदीप चौधरी का शांति भंग की आशंका में चालान किया गया है। संवाद

# दो चौकी इंचार्ज समेत 28 उपनिरीक्षकों को मिली तैनाती

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले में कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए जनपदीय स्थापना बोर्ड के माध्यम से एसपी आशीष श्रीवास्तव ने 28 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। इनमें दो को चौकी इंचार्ज और आठ उपनिरीक्षकों को थानों का एसएसआई बनाया है।

नगर थाने पर तैनात अमित कुमार सिंह को प्रभारी चौकी सदर अस्पताल और रुधौली में तैनात संतोष कुमार सिंह को प्रभारी चौकी हनुमानगंज रुधौली बनाया गया है। अस्पताल चौकी इंचार्ज रहे रिजवान अली को दुबौलिया थाने का एसएसआई बनाया गया है। इसी क्रम में रुधौली थाने पर तैनात रहे सुरपति त्रिपाठी को एसएसआई थाना हरैया, मोहम्मद मुस्तफा व श्याम सुंदर को थाना परशुरामपुर और जगन्नाथ यादव को पुरानी बस्ती थाने पर भेजा गया है। मुंडेरवा थाने पर तैनात रहे देवव्रत शमा को पैकोलिया और अखंड प्रताप को गौर थाने भेजा गया है। एसएसआई छावनी श्याम मोहन त्रिपाठी को एसएसआई परशुरामपुर, राम सुभाष को परशुरामपुर व

## तबादले में आठ थानों के बदले गए एसएसआई

दुर्गविजय सिंह को एसएसआई पैकोलिया और संतोष कुमार दुबे को एसएसआई वाल्टरगंज बनाया गया है। गौर थाने से विजय कांत यादव को कलवारी, कलवारी से दलसिंगार गौतम को कोतवाली, दुबौलिया से मान सिंह को गौर, एसएसआई हरैया कन्हैया पांडेय को एसएसआई मुंडेरवा बनाया गया है।

पुरानी बस्ती में तैनात खुश मोहम्मद को पुलिस लाइंस भेजा गया है। जबकि पुलिस लाइंस से विनोद कुमार शुक्ला को थाना कोतवाली, राम दरस यादव को हरैया, महेंद्र नाथ यादव को डायल यूपी-112, जयनाथ प्रसाद को थाना नगर, करुणाकर तिवारी को पुरानी बस्ती भेजा गया है। मुंडेरवा से अशोक कुमार को एसएसआई छावनी बनाया गया है। उधर, परशुरामपुर से अवधेश पांडेय को एसएसआई लालगंज, पैकोलिया से रमेश यादव को पुरानी बस्ती, गौर से जयविंद यादव को कोतवाली और गौर थाने से कमलेश कुमार गोंड़ को पुरानी बस्ती भेजा गया है।

## गैंगस्टर के तहत निरुद्ध

**पैकोलिया।** आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होकर धन अर्जित करने वाले बिहार प्रांत के एक पशु तस्कर पर पैकोलिया पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष पैकोलिया दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि बिहार के दरभंगा जिले के थाना दरभंगा सदर के लोआम गांव निवासी मोहम्मद शकील के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी है। इसके बावजूद हाजिर न होने पर उसके विरुद्ध कुर्की की नोटिस जारी की गई। आरोपी तब भी न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ। ऐसे में उसके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कारवाई की गई है। संवाद

## चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मालीटोला स्थित संकटा प्रसाद श्रीवास्तव के घर में चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में आदर्श कुमार श्रीवास्तव ने तहरीर देकर बताया कि 14 जून को परिवार के साथ वह लखनऊ चले गए थे। लौटकर आए तो घर का सामान अस्त व्यस्त मिला। चोरों ने घर में रखे करीब ढाई लाख रुपये नकदी के अलावा सोने, चांदी व डायमंड के जेवरात व घरेलू सामान चोरी कर लिया। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। संवाद

# पशु तस्करों के अड्डे पर छापा

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुंह व पैर बांधकर रखे गए पांच पशुओं को बरामद किया है। पुलिस को देखकर भाग रहे एक युवक को भी पुलिस ने मौके पर ही पकड़ लिया। उसके पास से एक चाकू भी बरामद किया है। उसके चार अन्य साथी फरार हो गए।

थाना प्रभारी नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिला कि नगर क्षेत्र के ग्राम पिपरा गौतम के पास स्थित बाग में पशु तस्कर मौजूद हैं। वहां कुछ पशुओं को बांध कर रखा गया है। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक शशि शेखर सिंह व कांस्टेबल राम सिंह ने दबिश दी। वहीं पास में ही पांच लोग भी मौजूद मिले, जो पुलिस को देखते ही भागने लगे। उनमें एक युवक को पुलिस ने मौके पर ही पकड़ लिया। उसने अपना नाम मेराज निवासी शाफियाबाद थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर बताया। पूछताछ में उसने फरार हुए लोगों के बारे में बताया कि उनमें नगर थाना क्षेत्र के खुटहन निवासी दिलीप उर्फ करिया शामिल था। बाकी का नाम नही बता पाया। पुलिस ने दो ज्ञात व तीन अज्ञात के विरुद्ध गोवंशीय निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-06-2022

# आग से बचाव के तरीके बताए गए

**उस्का बाजार (एसएनबी)।** उसका बाजार ब्लाक सभागार में बुधवार को अगिशमन विभाग ने आग से बचाव के तरीके के बारे में बताया। जिला अग्निशमन अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने सिलेंडर में आग लगाकर दिखाया कि किस तरह आग को बुझाया जाए और आग में फंसे व्यक्ति को बचाने के लिए कौन-कौन से तरीके अपनाए जाएं। इमारतों में आग लगने के दौरान फंसने की स्थिति में क्या करना चाहिए। बताया कि सिलेंडर में जब आग लगती है तो सिलेंडर तुरंत नहीं फटता। इसीलिए ऐसी स्थिति में किसी गीले कपड़ा डालकर आग बुझाई जा सकती है, या फिर रेगुलेटर बंद किया जा सकता है, लेकिन जल्दबाजी में कोई काम नहीं करना चाहिए। स्थिति को भांप कर ही कदम उठाना चाहिए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी संजय कुमार, एसआई नसीरुद्दीन खान, ग्राम विकास अधिकारी तिका पांडेय, अल्का वर्मा, सनंदन यादव, प्रधान रुआब अली, मुख्य आरक्षी पवन कुमार, आरक्षी रामसिंगार, अनिरुद्ध, चंद्रभान, वरुण आदि मौजूद रहे।

# शांति कमेटी की बैठक

बानगंगा (एसएनबी)। नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल द्वारा कतिथ रूप से पैगंबर मोहम्मद साहब के ऊपर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद शांति व्यवस्था बरकरार रखने के सम्बन्ध में चिल्हिया थाना परिसर में उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ उत्कर्ष श्रीवास्तव व पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ हरिश्चन्द्र की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई।

उपजिलाधिकारी व सीओ शोहरतगढ़ ने बैठक में मौजूद सम्भ्रांत नागरिकों से अपील की कि किसी भी धर्म के खिलाफ किसी तरह का कोई भी पोस्ट सोशल मिडिया पर भेजे तो पुलिस को तत्काल सूचित करें। ताकि शांति पूर्ण माहौल में जुमे की नमाज को सफल बनाया जा सके। सीओ शोहरतगढ़ हरिश्चन्द्र ने कहा कि किसी भी धर्म के खिलाफ सोशल मीडिया या कहीं पर भी किसी तरह का आपत्तिजनक शब्द या भाषा के प्रयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम शोहरतगढ़ उत्कर्ष श्रीवास्तव, सीओ शोहरतगढ़ हरिश्चन्द्र, चिल्हिया थानाध्यक्ष राजेश कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक नन्दा प्रसाद, उपनिरीक्षक परवेज, रविन्द्र यादव, जितेंद्र यादव, ललित, ग्राम प्रधान चिल्हिया इबरार अली, करीम, मोहम्मद सईद, फजलुर्रहमान, मनोज कुमार मिश्रा, संतोष यादव, अखिलेश तिवारी, वंशीधर जायसवाल, शिवशंकर, विजय कुमार यादव, धीरेन्द्र, रामकवल आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के थरौली वार्ड के हाइडिल तिराहा से लेकर सत्कार पैलेस वाली गली तक रोड के दोनों तरफ बुधवार को अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन का बुलडोजर चला। उप जिला अधिकारी सदर प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में प्रातः आठ बजे से तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन राजस्व व पुलिस के टीम के साथ हाईडिल तिराहा पर पहुँचे वहाँ पाँच बुलजोजर खड़ी थी नगर पालिका परिषद के कर्मचारी द्वारा सैकड़ो अतिक्रमण कारियो का बुलडोजर से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करा दिया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर प्रदीप कुमार यादव थाना अध्यक्ष तहसीलदार सिंह, उप निरीक्षक चंदन कुमार सहित पर्याप्त फोर्स उपस्थित रहा। राजस्व टीम में नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, राजस्व निरीक्षक सदर शीतल प्रसाद द्विवेदी, क्षेत्रीय लेखपाल प्रियंका सिंह, अनूप यादव, रामकरन गुप्ता, शशांक सौरभ आनंद, रणधीर राना,बैजनाथ चौधरी, अमित कुमार, बिंदुसार मौर्य, शिव शंकर यादव, देवेंद्र त्रिपाठी,दुर्गेश पांडे आदि उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि कोई भी अवैध अतिक्रमण किया तो उसके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण हर हाल में हटाया जाएगा शासन की मंशा के रूप कार्य किया जा रहा है।

# इनामी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भवानीगंज (एसएनबी)।** अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में भवानीगंज पुलिस ने एक इनामी अपराधी को गिरिफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार भवानीगंज थाने में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 117/2021 धारा 419, 420, 467, 471 भा.दं.वि.क. 101डी, 102,103,104 व्यापार चिन्ह अधिनियम व 207 एम.व.एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त संजय मौर्या पुत्र तुलसीराम मौर्या निवासी गौरा बुजुर्ग थाना खोडारे जनपद गोंडा पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा 12000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त को 15 जून दिन बुद्धवार को समय 10:30 बजे नवडीहवा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय/जेल भेजा दिया गया है।

# साइबर सेल की टीम ने पीड़ित के खाते में वापस कराया 30 हजार

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** ठगी के शिकार हुए युवक का साइबर सेल की टीम ने महज 48 घण्टे के अंदर खाते में 30 हजार रुपया वापस कराने में सफलता हासिल किया है। ठगों के चंगुल से खाते में पैसा वापस आते ही पीड़ित प्रभजोत सिंह काफ खुश दिखे, उन्होंने इसके लिए साइबर टीम व पुलिस अधीक्षक को धन्यबाद दिया। तीन दिन पहले बांसी कस्बे के रहने वाले प्रभजोत सिंह के मोबाइल पर फोन आया कि आपके नम्बर पर ओटीपी गया है, बता दीजिए, बिना कुछ सोचे समझे प्रभजोत ने ओटीपी बता दिया और ओटीपी बताते ही साइबर ठग ने 30 हजार रुपया निकाल लिया, खाते से पैसा निकलते ही प्रभजोत सिंह ने इसकी सूचना तत्काल साइबर टीम को दिया। सूचना पाते ही साइबर सेल टीम के प्रभारी उप निरीक्षक पंकज कुमार पांडेय तत्काल हरकत में आ गए और 48 घण्टे के अंदर ठगी के शिकार हुए प्रभजोत सिंह के खाते में 30 हजार रुपया ट्रांसफर कराने में सफलता हासिल किया। धनराशि खाते में वापस कराने वाली पुलिस टीम में साइबर सेल प्रभारी पंकज पाण्डेय, आरक्षी अतुल चौबे, आरक्षी आशुतोष कुमार, आरक्षी आशुतोष जायसवाल, आरक्षी अजय यादव, आरक्षी राहुल मौर्य, आरक्षी शिवम मौर्य शामिल रहे।

# अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन सख्त, दी चेतावनी

**पथरा बाजार (एसएनबी)।** प्रदेश सरकार द्वारा मुख्य मार्गो पर किए गए अतिक्रमणों के चलते हो रही घटनाओं पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए किए गए अतिक्रमणों को अतिक्रमण हटाओ अभियान चला कर अतिक्रमण मुक्त कराये जाने का निर्देश दिया गया है। उक्त क्रम में प्रशासन द्वारा क्षेत्र के सड़कों से अतिक्रमण हटाये जाने का सिलसिला जारी है। बुधवार को उपजिलाधिकारी बांसी प्रमोद कुमार तहसील क्षेत्र के बांसी-डुमरियागंज मार्ग स्थित कस्बा पथरा बाजार में सड़क किनारे मौजूद दुकानदारों को थानाध्यक्ष पथरा बाजार बलजीत राव की मौजूदगी में तत्काल एक निश्चित दूरी तक अवैध कब्जा हटाने की सख्त हिदायत दिया और कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो शीघ्र ही बुलडोजर से ढहा दिया जाएगा। हालांकि पूर्व में तहसीलदार बांसी अरुण कुमार वर्मा ने भी पथरा बाजार थाना परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचने पर मुकामी कस्बा वासियों को दो दिनों में सड़क किनारे पटरी पर किए गए अतिक्रमण को स्वतः हटा लेने का निर्देश देते हुए कहा था कि ऐसा नहीं किया गया तो प्रशासन स्वयं खाली करा देगा। फिर भी उनके चेतावनी को कस्बा वासियों ने नजरंदाज कर दिया था। देखना होगा कि अबकी बार उपजिलाधिकारी बांसी प्रमोद कुमार की चेतावनी का कितना असर होता है।



भवानीगंज थाने की पुलिस ने बुधवार को 12 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# पुलिस ने 12 हजार के इनामी को दबोचा

सिद्धार्थनगर। भवानीगंज पुलिस ने बुधवार को पिछले साल से ही फरार चल रहे 12 हजार के इनामिया को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित गोंडा जिला का निवासी है। केस दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। उस पर 12 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। आरोपित को बुधवार की दोपहर नावडीह गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# चौकी प्रभारी कुर्थिया बने अमित कुमार

सिद्धार्थनगर। एसपी डॉ.यशवीर सिंह ने प्रभारी सर्विलांस सेल अमित कुमार का तबादला एसआई सिद्धार्थनगर थाना पर 14 जून को किया गया था उसे निरस्त कर दिया है। अब उन्हें खेसरहा थाना क्षेत्र के कुर्थिया चौकी का प्रभारी बनाया गया है।



भवानीगंज थाने की पुलिस महिलाओं को महिला सशक्तीकरण अभियान के तहत जागरूक करती हुई ● हिन्दुस्तान

# पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

भड़रिया बाजार। भवानीगंज थाना की पुलिस ने महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत बुधवार को भवानीगंज गांव में महिलाओं को सुरक्षा संबंधी विषय की जानकारी देते हुए जागरूक किया। साथ ही कोई भी समस्या होने पर पुलिस को सूचना देने को कहा।बीट पुलिस अधिकारी दिव्या सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को पुलिसिया नियम कानून से रूबरू कराया।

# जनसेवा केंद्र संचालकों के साथ पुलिस ने की बैठक

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर थाने पर बुधवार को जनसेवा केंद्र संचालकों के साथ पुलिस ने बैठक कर साइबर क्राइम रोकने पर चर्चा की। इसमें कहा गया कि काम में सजगता व पारदर्शिता रहने से लोग दिक्कतों का शिकार होने से बचेंगे। एसओ तहसीलदार सिंह ने ग्राहक सेवा केन्द्र संचालकों से कहा कि पैसे के लेन देन के संबंधी रजिस्टर बनाएं। जन सेवा केन्द्र का रजिष्ट्रेशन करा लें।

# खाते से निकले रुपये पुलिस ने वापस कराए

सिद्धार्थनगर। बांसी कस्बा के एक व्यक्ति के खाता से पे फोन के जरिए 30 हजार उड़ाने का मामला प्रकाश में आने के बाद साइबर सेल ने 48 घंटे में वापस दिला दिया। पीड़ित के खाता में बुधवार को पैसा ट्रांसफर हो गया।

प्रभारी साइबर सेल पंकज पांडेय ने बताया कि बांसी कस्बा के प्रभजोत सिंह के खाता से सोमवार को पे फोन के जरिया 30 हजार निकाल लिया गया था। जिस नंबर से पैसा निकाला गया था उससे संपर्क करने की कोशिश को बात नहीं हो सकी। पीड़ित ने तत्काल सूचना साइबर सेल को दी। सूचना मिलने के बाद साइबर सेल हरकत में आ गया था। लगातार कोशिश का नतीजा रहा कि पीड़ित के खात में फराड कर निकाला गया तीस हजार रुपया बुधवार को वापस आ गया। पैसों की वापसी के बाद पीड़ित ने राहत की सांस ली और साइबर सेल को धन्यवाद दिया।

# चाकू के साथ एक को पुलिस ने दबोचा

लोटन। लोटन पुलिस ने कस्बे के पेट्रोल पंप के पास एक युवक को चाकू के साथ दबोच लिया। पूछाताछ में उसकी पहचान मोहाना थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव के जनकपुर टोला निवासी प्रदीप के रूप में हुई। आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

### गोरखपुर रोड पर बुलडोजर से हटाए गए अवैध कब्जे, ज्यादातर नर्सिंग होम और दवा की दुकानें आईं जद में

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, हड़कंप

**अभियान**

- हाइडिल तिराहे से आगे बिना भेदभाव के चला बुलडोजर
- एसडीएम व सीओ सदर अतिक्रमण हटाने के दौरान रहे मौजूद

**15** फीट तक कब्जा कर रखा था, प्रशासन ने कराया ध्वस्त

**55** फीट के अंदर जितने कब्जे थे प्रशासन ने सबको हटाया



शहर के गोरखपुर रोड पर हाइडिल तिराहे से आगे बुधवार को अवैध कब्जा हटाता बुलडोजर। जद में आए नर्सिंग होम और कई मकान। • हिन्दुस्तान



अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान मौजूद रहे एसडीएम प्रदीप कुमार यादव व सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव। • हिन्दुस्तान

सिद्धार्थनगर, निज संवाददता। बुधवार को शहर के हाइडिल तिराहा से आगे गोरखपुर रोड पर अतिक्रमण हटाने का नंबर था। अवैध कब्जों पर बुलडोजर ने न सत्तापक्ष को बख्शा और न विपक्ष को ही। बगैर भेदभाव के एक किनारे से अतिक्रमण पर बुलडोजर का प्रहार शुरू कर दिया। इससे सैकड़ों अवैध कब्जे हट गए। अवैध कब्जा धारकों में अधिकांश नर्सिंग होम, क्लीनिक व मेडिकल वाले शामिल रहे।

एसडीएम प्रदीप कुमार यादव व सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में बुधवार सुबह से हाइडिल तिराहा से अतिक्रमण हटाने का सिलसिला शुरू हुआ तो शाम तक जारी रहा। अतिक्रमण की जद में चाहे सत्तापक्ष का प्रभावशाली आया हो या फिर विपक्ष का किसी को नहीं बख्शा गया। सत्ता पक्ष के एक प्रभावशाली व्यक्ति ने अपने मकान के आगे करीब 15 फीट तक कब्जा कर रखा था उसे पल भर में प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। कई बड़े नर्सिंग होम ने भी आगे बढ़ कर कब्जा कर रखा था उसे भी ध्वस्त कर दिया गया। डॉक्टरों की क्लीनिक व मेडिकल स्टोर वालों ने भी अतिक्रमण कर रखा था उसे हटाया गया। एक नर्सिंग होम का दो मंजिला हिस्सा हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। चेतावनी दी गई है कि अगर नहीं हटा तो बुलडोजर लगाकर गिरा देंगे। हाइडिल तिराहा से आगे हटाए गए अतिक्रमण में गरीब कम संपन्न अधिक लोग शिकार हुए जिन्होंने अपना प्रभाव दिखाते हुए काफी आगे तक कब्जा कर रखा था। इस दौरान तहसीलदार ऋषि रमन, एसओ सदर तहसीलदार सिंह, महिला थाना इंचार्ज मीरा चौहान मौजूद रहीं।

**बीच सड़क से 55 फीट तक हटा अतिक्रमण:** मुख्य मार्ग के बीच से सड़क के दोनों ओर 55 फीट के अंदर जितने भी अवैध कब्जे थे उस पर प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया। दोबारा कोई कब्जा न करे अतिक्रमण हटाने वाले स्थानों को बुलडोजर से जोत दिया गया और तोड़े गए मलबे को पालिका प्रशासन उठा ले गया।

**पूरे शहर में कहीं नहीं दिखेगा अतिक्रमण:** दो दिन पहले ट्रांसफर होकर आए एसडीएम प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि पूरे शहर में कहीं पर भी अतिक्रमण नहीं दिखेगा। अतिक्रमण को बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग खुद से अतिक्रमण हटा लेंगे वह अपना सामान सुरक्षित कर सकेंगे लेकिन अगर प्रशासन ने हटाया तो वह नहीं छोड़ेगा।

# 50 घरों का टूटा चबूतरा, हटाई गईं दुकानें

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बुधवार को प्रशासन का बुलडोजर उस्का रोड पर गरजा। नगर पालिका हाइडिल तिराहा से लेकर बेलहिया चौराहा से अंदर जाने वाले गली तक रोड के दोनों तरफ प्रशासन का बुलडोजर चला। जिससे अवैध अतिक्रमण को तोड़ दिया गया।

उपजिलाअधिकारी सदर प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में सुबह तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन राजस्व व पुलिस के टीम के साथ हाइडिल तिराहा पर पहुंचे वहां पांच बुलडोजर खड़ी थी। कर्मचारी ने अतिक्रमण कर बनाए गए 50 से अधिक मकानों के चबूतरों को तोड़ दिया गया, जिसमें कई मकानों को छज्जे भी तोड़ा गया। 19 लोगों को तीसरी पर नोटिस दी गई, जिन्होंने अतिक्रमण कर अपना मकान बना रखा है। नोटिस के बाद भी अवैध अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन द्वारा अगली कार्यवाही में मकानों को तोड़ा जाएगा। क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार यादव, थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह, उप निरीक्षक चंदन कुमार पर्याप्त पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। राजस्व टीम में नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, राजस्व निरीक्षक सदर शीतल प्रसाद द्विवेदी, क्षेत्रीय लेखपाल प्रियंका सिंह, अनूप यादव, रामकरन गुप्ता, शशांक सौरभ आनंद, रणधीर राना, बैजनाथ चौधरी, अमित कुमार, बिंदुसार मौर्य, शिव शंकर यादव, देवेंद्र त्रिपाठी, दुर्गेश पांडेय आदि उपस्थित रहे। एसडीएम ने कहा कि कोई भी अवैध अतिक्रमण किया तो उसके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।




हाइडिल तिराहा पर अतिक्रमण हटाता बुलडोजर • जागरण

- **अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर**
- **हाइडिल तिराहे से बेलहिया चौराहे तक हुई कार्रवाई**

**ग्रामीणों को अब नहीं करना पड़ेगा पांच किमी लंबा सफर:** सकारपार, बरसात के दिनों में एक दर्जन गांवों के ग्रामीणों दुरूह होने वाला सफर अब एक माह में आसान हो जाएगा। विकास खण्ड खेसरहा के कोमरवा से छोटका बेलबनवा तक दो किमी कच्चे संपर्क मार्ग को पिच कर बांसी -धामी मुख्य मार्ग से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। इसके निर्माण से बरसात की दिनों लोगों को अब दो की बजाय किमी का चक्कर लगाना नहीं पडेगा। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से निर्मित हो रहे इस सो किमी लंबे मार्ग के निर्माण पर एक करोड़ 78 लाख 89 हजार रुपये व्यय होंगे। अभी तक यह मार्ग चकरोड था। जिससे बरसात के दिनों में इस मार्ग से महुई नानकार बनौली, बेलहरा, भगतपुरा सहित एक दर्जन से अधिक गांव का आवागन ठप हो जाता था। लोग बांसी- धानी मुख्य मार्ग पर पहुंचने के लिए पांच किमी अतिरिक्त दूरी तय करते थे। मिट्टी का कार्य पूर्ण हो चुका है। गिट्टी पूरे मार्ग पर फैलाई जा चुकी है। ग्रामीणों में मार्ग निर्माण से काफी खुशी व्याप्त है। वह मार्ग निर्माण में अनियमितता न हो इसकी खुद निगरानी कर रहे हैं। कार्य प्रगति पर है।

# साइबर सेल ने वापस कराए 30 हजार रुपये

**जासं, सिद्धार्थनगर:** गलती से दूसरे के खाते में भेजा गया पैसा साइबर सेल ने 48 घंटे में वापस करा दिया। बांसी कस्बा निवासी प्रभजोत सिंह ने फोन पे के माध्यम से एक खाते में 30 हजार रुपये भेजा। गलती से यह धन वह जिसे देना चाह रहे थे उसमें न जाकर दूसरे के खाते में चला गया। उन्होंने संबंधित व्यक्ति से संपर्क करने की कोशिश की, पर सफलता नहीं मिली। उन्होंने साइबर सेल में इस आशय की शिकायत दर्ज करायी। सेल के प्रभारी पंकज कुमार पांडेय ने तत्काल बैंक और फोन पे के अधिकारियों से वार्ता कर पैसे को दूसरे के खाते में जाने से रोकवा दिया। इसके पश्चात कंपनी ने पैसा पीड़ित को लौटा दिया। पीड़ित ने पुलिस टीम की ओर से तत्परता से किए गए कार्रवाई की सराहना की। सेल में तैनात अतुल चौबे, दिलीप चतुर्वेदी, आशुतोष जायसवाल, अजय यादव, राहुल मौर्या, शिवम मौर्या ने अहम भूमिका निभाई।

**चाकू के साथ एक गिरफ्तार**

**लोटन:** कस्बा के मोहाना रोड पर पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति को पुलिस ने चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम मधुबनी टोला जनकपुर निवासी प्रदीप नट है।

# रामनगर घाट पर खनन माफिया सक्रिय, अफसर मौन



रामनगर घाट पर बालू खनन करता बुलडोजर ● जागरण

**जासं, ककरहवा, सिद्धार्थनगर:** मोहाना थाना क्षेत्र के रामनगर घाट पर अवैध तरीके से जेसीबी द्वारा बालू की खनन धड़ल्ले से दिन-रात की जा रही है। सब कुछ जानते हुए भी जिम्मेदार मौन बने बैठे हुए हैं। मौके से कुछ दूरी पर पुलिस भी तैनात रहती है, लेकिन गाड़ियों को देखकर सिपाही भी कन्नी काट लेते हैं। थाना क्षेत्र से बहने वाली कूड़ा नदी के बूड़ा-हरिबंशपुर मार्ग के रामनगर घाट पर बालू निकालने का परमिट लगभग छह माह पूर्व जारी हुआ है। जहां खनन चल रहा है, वहां से करीब तीन सौ मीटर दूर का पट्टा है।

बालू निकासी का परमिट पाने वाले जिम्मेदार नियमों को ताक पर रख बालू खनन रहा रहे हैं। बालू की निकासी कर नदी को गहरा कर दिया जा रहा है। जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है। करीब पांच सौ ट्राली बालू की निकासी हो रही है, जो पड़ोस के जनपद महराजगंज के लिए भी भेजी जाती है। इसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने कई बार जन सुनवाई पोर्टल सहित जिम्मेदार अधिकारियों से कर चुके हैं। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नही हो सकी है।

अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने कहा कि सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि अवैध खनन रोकनें। कई स्थानों पर परमिट लेकर कुछ लोग खनन कराते हैं। कागजात न दिखाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी। तहसीलदार राम ऋषि रमन ने कहा कि वह खुद ही मौके पर जांच करेंगे कि अवैध खनन कहां हो रहा है।

## एक नजर में

# 12 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

भवानीगंज : पुलिस टीम ने फरार चल रहे गोंडा जनपद के थाना खोड़ारे निवासी गौरा बुजुर्ग संजय मौर्य को नवडीहवा के पास सुबह उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह कहीं भागने के फिराक में था। वह विभिन्न धाराओं में वांछित था और एसपी ने गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया था।

# महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**पकड़ी बाजार।** मिश्रौलिया थाने की पुलिस ने बुधवार को मिठौआ पंचायत भवन पर जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं को सुरक्षा एवं उनके अधिकार में बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## हेल्पलाइन नंबर की दी गई जानकारी

आरक्षी प्रांसी सिंह ने बताया कि महिला सुरक्षा के लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। इसमें 1090, 112, 108, 101 हैं। महिलाओं को जागरूक होना बहुत जरूरी है।

पढ़ी-लिखी महिला अपना जीवन एवं अपने परिवार का जीवन बेहतर बना सकती हैं। महिलाओं को भी समाज में पूरा अधिकार है वह अपने स्वयं निर्णय ले सकती हैं। थाना अध्यक्ष घनश्याम सिंह ने कहा कि महिलाएं ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं, उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आपकी मदद के लिए है। किसी भी समस्या होने पर पुलिस से संपर्क करें। संवाद

# आग से बचाव की दी गई जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**उसका बाजार।** विकास खंड सभागार में बुधवार को आग लगने, कुआं, नदी, तालाब में डूबने पर बचाव के तरीके की जानकारी ग्राम प्रधानों और प्रत्येक ग्राम पंचायत के दो वालंटियर को दी गई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत के हाईस्कूल उत्तीर्ण दो युवाओं, जिनकी अधिकतम आयु 27 वर्ष से कम है, ऐसे युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आग लगने की स्थिति में हड़बड़ाहट में कोई काम नहीं करना चाहिए, गीले कपड़े, बालू, पानी की बाल्टी के साथ आग पर काबू करने की कोशिश करनी चाहिए। कुएं, तालाब, नदी में डूबने वाले को तुरंत रस्सी या लंबी लकड़ी का सहारा देकर बाहर निकालने की कोशिश करनी चाहिए।



उसका बाजार में आग से बचाव का उपाय बताते अग्निशमन अधिकारी। संवाद

## ब्लॉक सभागार में कार्यक्रम का आयोजन

प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को गांव में होने वाली आपदा से निपटने के लिए लोगों को जागरूक करने का लक्ष्य दिया गया है। इस मौके पर बीडीओ संजय कुमार, एसआई नसीरुद्दीन खान, सनंदन यादव, मनोज कुमार, अखिलेश यादव, कृतिका पांडेय, अल्का वर्मा, रुआब अली आदि थे।

# इनामी बदमाश भेजा गया जेल

**डुमरियागंज (सिद्धार्थनगर)।** भवानीगंज थाने की पुलिस ने बुधवार को वांछित चल रहे 12 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। न्यायालय से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को भवानीगंज थानाध्यक्ष महेश सिंह फोर्स के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर नवाडीहवा के पास से वांछित चल रहे इनामी बदमाश संजय मौर्या को गिरफ्तार किया गया।

पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज है। आरोपी संजय मौर्या निवासी ग्राम गौरा बुजुर्ग थाना खोडारे जनपद गोंडा की गिरफ्तारी के लिए 12 हजार पुरस्कार घोषित गया था। संवाद

# मकानों एवं दुकानों पर चला बुलडोजर

## पुलिस की मौजूदगी में शहर के हाईडिल तिराहा से हुसैनगंज तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** शहर के अंदर एक सप्ताह पूर्व शुरू हुआ अतिक्रमण हटाओ अभियान बुधवार को हाईडिल तिराहे से गोरखपुर मार्ग पर भी जारी रहा। प्रशासनिक अधिकारियों एवं भारी पुलिस बल के साथ सुबह से शुरू हुआ अभियान हुसैनगंज तक पहुंच समाप्त हुआ। अब तक शहर के ढाई सौ से अधिक मकानों एवं दुकानों पर बुलडोजर चल चुका है।

शहर के अंदर सड़क चौड़ीकरण किए जाने के लिए हायडिल तिराहे से सिद्धार्थ चौक होते हुए बांसी स्टैंड पेट्रोल पंप के पास तक सड़क के दोनों तरफ से अतिक्रमण हटाने का अभियान एक सप्ताह से चल रहा है। इसी क्रम में तहसील गेट के सामने भी अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ी की गई। अब तक ढाई सौ अधिक मकानों एवं दुकानों के सामने के अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर खाली कराया गया। इससे लोगों में शहर के अंदर लगने वाले जाम से निजात मिलने की उम्मीद जगी है।



शहर के बेलहिया चौराहे पर अतिक्रमण हटवाते एसडीएम प्रदीप यादव, सीओ व अन्य। संवाद

बुधवार को हायडिल तिराहे से आगे बढ़ते हुए थरौली, बेलहिया एवं हुसेनगंज तक सड़क किनारे अतिक्रमण हटाया गया।

एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव और सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में चले अभियान के दौरान मकानों के बाउंड्रीवाल व गेट, दुकानों के आगे के छाजन, रेलिंग आदि को बुलडोजर से तोड़कर ध्वस्त कर दिया गया।

### दोबारा अतिक्रमण पर दर्ज होगा केस

उप जिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि अतिक्रमण हटाए जाने के बाद अगर कोई दोबारा अतिक्रमण किया तो उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण हर हाल में हटाया जाएगा। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जा रहा है।

इस बीच कुछ लोगों ने अपना पक्ष रखते हुए हस्तक्षेप का प्रयास किया, लेकिन कार्रवाई नहीं रुकी। इस दौरान तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन, थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह, उप निरीक्षक चंदन कुमार, नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, राजस्व निरीक्षक सदर शीतल प्रसाद द्विवेदी, लेखपाल प्रियंका सिंह, अनूप यादव, रामकरन गुप्ता, शशांक, रणधीर राना, बैजनाथ चौधरी, अमित कुमार, बिंदुसार मौर्य, शिव शंकर यादव, देवेंद्र त्रिपाठी, दुर्गेश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### दो दिन में अतिक्रमण हटाने के निर्देश

पथरा। उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार तथा थानाध्यक्ष बलजीत राव ने पथरा बाजार में सड़क की दोनों तरफ पटरी पर अतिक्रमण को दो दिन के भीतर हटाने का निर्देश दिया है। बाजार में सड़क के किनारे अतिक्रमण के चलते राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण नहीं हटाने वालों के मकान, दुकान पर बुलडोजर चलाया जाएगा। संवाद

### कई दिग्गजों के मकान भी चपेट में

शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान सत्ताधारी पार्टी के दिग्गजों समेत कई बड़े व्यापारी और तथाकथित रसूखदार लोगों के मकानों एवं दुकानों से भी अतिक्रमण हटाया गया।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-06-2022

# जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नाथनगर (एसएनबी)**। बुधवार को महुली थाने पर साइवर फ्राड जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मियों ने लोगों को साइवर फ्राड के विषय में विस्तार से समझाया और इससे बचने के तमाम उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वरिष्ठ उपनिरीक्षक दयानाथ राम ने कहा कि आज के समय में साइवर अपराध चरम पर है। आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। उन्होंने बताया कि साइवर अपराधी अक्सर लोगों को बैंक, गूगल पे,पेटीएम आदि के क़ेवाईसी को निलंबित करने का मैसेज भेज देते हैं जिसमें उपभोक्ता उलझ जाता है इसके बाद जालसाज लिंक भेज कर फ्राड करने के लिए आवश्यक सामाग्री उपभोक्ता से आसानी से प्राप्त कर लेते हैं। इस प्रकार के मैसेज से बचना चाहिए। एसआई नत्थू प्रसाद ने भी जानकारी दी। इस अवसर पर चौकी इंचार्ज शनिचरा बाबू रमेश कुमार यादव, हेड कांटेबल उमेश कुमार यादव, शैलेन्द्र उपाध्याय,मोहम्मद आरिफ, हेड कांस्टेबल कम्प्यूटर आपरेटर विवेक सिंह,कां.चन्द्रदेव कन्नौजिया, महिला कां.सरिता, सुष्मिता आदि सहित क्षेत्र के तमाम समाजसेवी,छात्र,गृहिणी महिलाएं और खाता धारक उपभोक्ता मौजूद रहे।



लोगों को संबोधित करते वरिष्ठ उपनिरीक्षकं दयानाथ राम।

# चोरी का सामान बरामद, एक गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** कोतवाली खलीलाबाद ग्राम चंगेरा-मंगेरा गांव में घर के बाहर सो रहे लोगों के मोबाइल व नगदी चोरी के मामले में पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के 03 अदद एण्ड्राएड मोबाइल, 01 अदद मोटर साइकिल व नकद 2100 ₹ बरामद किया है। ज्ञात हो कि 12.06.2022 की रात्रि विजयनाथ पुत्र रामगोपाल निवासी चंगेरा मंगेरा थाना कोतवाली खलीलाबाद के घर चोरी की गयी थी जिसके संबंध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी चौकी कांटे श्याम मोहन ने हे.कां. रामरतन तिवारी, अरुण कुमार प्रजापति व कां. अजय कुमार सिंह के साथ ग्राम बुद्धा खुर्द पुलिया से दो अभियुक्तों हनुमान कुमार शर्मा पुत्र लालमन शर्मा निवासी बेलवनिया थाना कोतवाली तथा मोनू कुमार पुत्र महेश निवासी बहिलापार थाना कोतवाली खलीलाबाद को 03 अदद एण्ड्रायड मोबाइल व नकद 21 सौ ₹ के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि मैं अपने भौतिक एवं दुनियावी लाभ के लिए जनपद व सीमावर्ती जनपदों के विभिन्न स्थानों से मौका देखकर घरों/दुकानों से चोरी करता हूं तथा सही ग्राहक मिलने पर सामान को बेचकर मिली हुयी कीमत से अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। 12 जून की रात्रि में चंगेरा मंगेरा थाना कोतवाली खलीलाबाद में घर के बाहर सो रहे लोगों का चुराया था जिसे आज बेचने के लिए खलीलाबाद जा रहा था किन्तु आप लोगों पकड़ लिया गया।

# गो-आश्रय केन्द्र से पशुओं की तस्करी ,पुलिस से शिकायत

नाथनगर (एसएनबी)। नाथनगर ब्लाक क्षेत्र के कठैचा गांव स्थित गो-आश्रय केन्द्र से पशुओं को तस्करी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में एक व्यक्ति ने महुली पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर मामले की जांच कर गो-आश्रय केन्द्र के संचालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरिहरपुर के सूर्यनगर निवासी गंगासागर गुप्ता पुत्र स्व.वासुदेव गुप्ता अपने दो बैल जिनकी उम्र 5 से 7 वर्ष थी उसे भरण-पोषण के लिए लेकर गो-आश्रय केन्द्र कठैचा बीते 17 मई 2022 को पहुंचे थे जहां गो-आश्रय केन्द्र के संचालक विजय कन्नौजिया द्वारा 500 रुपए लेकर दोनों बैल को गो-आश्रय केन्द्र पर रख लिया। एक सप्ताह बाद जब गंगासागर गो-आश्रय केन्द्र पर अपने दोनों गोवंशीय पशुओं का हाल जानने के लिए पहुंचे तो वहां उसकी दुर्दशा देख उनकी आंखों में आंसू आ गया। गंगासागर ने अपने दोनों गोवंशीय पशुओं को घर ले जाने का प्रयास किया तो गो-आश्रय केन्द्र के संचालक विजय कन्नौजिया पशुओं को वापस देने की एवज में 5000 रुपए की मांग करने लगा। पास रुपया न होने की वजह से गंगासागर वापस घर लौट गए और दो दिन बाद 2000 रुपए लेकर गो-आश्रय केन्द्र पहुंचे और अपने पशुओं को मांगा तो केन्द्र के संचालक ने बताया कि उनके पशु गो-आश्रय केन्द्र से फरार हो गए। केन्द्र पर अपने पशुओं को न पाकर दुखी गंगासागर ने बताया कि उक्त गो-आश्रय केन्द्र पर रखे गए पशु भूखे-प्यासे रहते हैं उन्हें चारा तक नहीं दिया जाता है। इसी प्रकार नाथनगर निवासी प्रवीण मद्धेशिया पुत्र अयोध्या मद्धेशिया ने भी गो-आश्रय केन्द्र कठैचा के संचालक पर पशुओं की तस्करी करने का आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी एक गाय बछड़ा को जन्म देकर बीमार हो गई तो गाय को डाक्टरों की सलाह पर उक्त गो-आश्रय केन्द्र पर लेकर गया जहां संचालक ने 1000 रुपए लेकर उनकी गाय को गो-आश्रय केन्द्र पर रख लिया। प्रवीण मद्धेशिया ने बताया कि जब अपनी गाय का हाल जानने गो-आश्रय केन्द्र कठैचा पहुंचा तो केन्द्र के संचालक विजय कन्नौजिया ने बताया कि उनकी गाय मर चुकी है। गाय के मौत की खबर पाकर प्रवीण मद्धेशिया आक्रोशित हो गए और संचालक से उनकी तीखी झड़प भी हो गई। थाना क्षेत्र के हरिहरपुर ग्राम पंचायत के सूर्यनगर निवासी गंगासागर गुप्ता थकहार कर महुली थाने पहुंचे और गो-आश्रय केन्द्र कठैचा के संचालक विजय कन्नौजिया व राजकुमार के उपर केन्द्र पर रखे जाने वाले गोवंशीय पशुओं को भूखे-प्यासे मारने के साथ ही केन्द्र से गोवंशीय पशुओं की तस्करी करते हुए पशुओं को कसाइयों के हाथ बिक्री करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित तहरीर देकर संचालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि गो-आश्रय केन्द्र की जांच की जाएगी और आरोप सत्य पाए जाने पर संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम व एसपी ने किया फ्लैग मार्च

सेमरियावां (एसएनबी)। बुधवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के नेतृत्व में पुलिस बल ने सेमरियावां चौराहे पर फ्लैग मार्च किया। जिलाधिकारी ने भ्रामक खबरें सोशल मीडिया पर पोस्ट या शेयर न करने की क्षेत्रवासियों से अपील की। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, क्षेत्रधिकारी सदर अंशुमान मिश्र,, उप जिलाधिकारी सदर, थानाध्यक्ष सर्वेश राय सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# जागरूकता से ही रोकी जा सकेगी साइबर ठगी

**सतर्कता**

- महुली थाने पर आयोजित हुआ साइबर फ्राड जागरूकता कार्यक्रम
- साइबर फ्राड से बचाव के उपायों के बारे में दी गई जानकारी

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली थाने पर बुधवार को साइबर फ्राड जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस कर्मियों ने लोगों को साइबर फ्राड करने के तरीके व उससे बचाव करने उपायों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान समाजसेवी, छात्र, गृहणी महिलाएं और खाता धारक मौजूद रहे।

एसएसआई दयानन्द राम ने बताया कि आज के समय साइबर अपराध चरम पर है। आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को मैसेज भेज कर बैंक, गूगल-पे, पेटीएम, आदि खाता व केवाईसी को निलंबित करने का मैसेज भेजते है। इसके बाद जालसाज लिंक भेजकर फ्राड करते हैं। एसआई नत्थू प्रसाद ने इस मामले में जानकारी जानकारी देते हुए बताया कि व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर क्यूआर कोड के जरिये बैंक खाता हैक कर लेते है। इन साइबर ठगों से बचने का एक हमारे पास एक मात्र उपाय यह है कि हम इसके प्रति जागरूक रहें। इस मौके पर उमेश यादव, शैलेन्द्र उपाध्याय, मो. आरिफ खान आदि मौजूद रहे।



महुली थाने पर बुधवार को साइबर फ्राड से बचने के तरीके बताकर लोगों को जागरूक करते एसएसआई दयानन्द राम। • हिन्दुस्तान

# कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े दो शातिर चोर

**03 मोबाइल बरामद हुए आरोपियों के पास से**

- **चंगेरा-मंगेरा में हुई चोरी की घटना का हुआ खुलासा**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने बुधवार को दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही चंगेरा-मंगेरा गांव में हुई चोरी की घटना का अनावरण हो गया। चोरों के पास से चोरी की मोबाइल सहित अन्य सामान भी बरामद हुआ है। पुलिस ने उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से जेल रवाना कर दिया गया।

क्षेत्र के ग्राम चंगेरा-मंगेरा गांव में 12 जून की रात्रि को घर के बाहर सो रहे लोगों के मोबाइल व नगदी चोरी की घटना हुई। इस घटना पर वादी विजयनाथ पुत्र रामगोपाल ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। कोतवाल विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि मुकदमा दर्ज करने के बाद से पुलिस जांच में जुटी थी।

जांच के दौरान कांटे चौकी प्रभारी श्याम मोहन को सूचना मिली कि बूधा खुर्द पुलिया के पास शातिर चोर हैं। घटना की रणनीति बना रहे हैं। तत्काल पुलिस ने छापेमारी की। मौके से हनुमान कुमार शर्मा पुत्र लालमन शर्मा निवासी बेलवनिया, मोनू कुमार पुत्र महेश निवासी बाहिलपार को गिरफ्तार किया। इनके पास से तीन एंड्रायड मोबाइल फोन, 2100 रुपए नगद बरामद हुआ। कोतवाल ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने भौतिक लाभ के लिए जनपद व जनपद की सीमा पर घरों-दुकानों से चोरी करते हैं। सही ग्राहक मिलने पर सामान बेचकर मिली हुई कीमत से अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। अभियुक्तों ने बताया कि 12 जून की रात्रि में चंगेरा-मंगेरा कोतवाली में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# धर्मगुरु अफवाहों से बचने की दें सलाह

**अपील**

- **डीएम व एसपी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की**
- **नमाज में एकत्र भीड़ पर नजर रखने को कहा**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत राजस्व व पुलिस अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में बैठक की। सभी को सुरक्षा के बाबत आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने धर्मगुरुओं से एकल वार्ता, गोष्ठी कर लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने के लिए निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व सब सेक्टर मजिस्ट्रेटों को जुमा की नमाज के दौरान भीड़ इकट्ठा न होने देने के लिए निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना प्रभारियों को पीए सिस्टम के माध्यम से लोगों को जनपद में धारा-144 लागू होने के संबन्ध में अवगत कराने का निर्देश दिया। बिना वजह के एक जगह पर पांच व्यक्तियों से अधिक इकट्ठा न होने दें। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने साम्प्रदायिक भावना भड़काने वाले, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने व छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लेने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ-साथ डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग कर उनका सहयोग लेने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी व समस्त क्षेत्राधिकारी सहित समस्त थानों के थाना प्रभारी उपस्थित रहे।



सेमरियावां बाजार में बुधवार को पैदल मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था की अपील करतीं डीएम दिव्या मित्तल, एसपी सोनम कुमार, एडीएम मनोज सिंह।

# डीएम-एसपी ने किया पैदल मार्च

लोहरौली। सेमरियावां बाजार में बुधवार शाम 6 बजे डीएम, एसपी व अन्य अधिकारियों ने पैदल मार्च किया। पैदल मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। शांति और सौहार्द के लिए कई दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, एसपी सोनम कुमार व अन्य अधिकारी सहित जनपद के सभी थानों के थानाध्यक्ष चौराहे पर पहुंचे।

### महुली थाना क्षेत्र के शनिचरा पूर्वी का मामला

# दबंग ने घर में घुसकर प्रधान को पीटा, केस

- रुपये के लेनदेन को लेकर चल रहा था विवाद
- केस दर्ज कर पुलिस ने शुरू की मामले की छानबीन

**नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** महुली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शनिचरा पूर्वी के प्रधान के घर पर एक दबंग युवक चढ़ गया। घर में घुसकर ग्राम प्रधान की जमकर पिटाई कर दी। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही युवक के खिलाफ घर में घुसकर मारने-पीटने, जानमाल धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शनिचरा पूर्वी के प्रधान शिवलाल गौड़ ने पुलिस तहरीर में बताया है।

मंगलवार की सुबह नौ बजे गांव निवासी धर्मेंद्र उनके घर पर चढ़ गया। पैसे के लेनदेन को लेकर उन्हें गाली देने लगा। इस पर जब एतराज किया तो घर में घुसकर उन्हें मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्राम प्रधान के अनुसार उन्हें काफी चोट लगी। ग्रामीणों के पहुंचने पर वह युवक भाग खड़ा हुआ। ग्राम प्रधान शिव लाल गौड़ के अनुसार उनकी पिटाई करने वाले धर्मेंद्र सिंह पर पूर्व में कई मुकदमे हैं। वह अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। कुछ माह पूर्व धर्मेंद्र सिंह अवैध हथियार के साथ गोरखपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा था। जेल भी गया था।

उन्होंने धर्मेंद्र पर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने प्रधान शिवलाल की तहरीर पर धर्मेंद्र सिंह पुत्र मथुरा सिंह के खिलाफ घर में घुसकर मारने-पीटने, गाली गलौज करने और जानमाल धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है।

## पति और सास पर दर्ज करवाया मुकदमा

**नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** महुली क्षेत्र के ग्राम मझौवा एकडंगा की रहने वाली महिला ने थाने में तहरीर देकर पति और सास के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

पुलिस को दी गई तहरीर में मझौवा एकडंगा निवासी कुसुम पत्नी संदीप ने बताया कि उसका पति शराब पीने का आदती है। नशे की हालत में हमेशा उसकी पिटाई करता रहता है। बुधवार को पति संदीप पुत्र मायाराम नशे की हालत में घर पहुंचा और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। जब उसने एतराज किया तो उसकी पिटाई कर दी। कुसुम के अनुसार पति के इस कृत्य में उसकी सास दशरथा देवी भी साथ देती है। पुलिस तहरीर के आधार पर उपरोक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# उपद्रव करने का प्रयास किया तो होगी कार्रवाई

## सेमरियावां कस्बे में डीएम-एसपी ने पैदल मार्च करके लोगों को दिया संदेश



सेमरियावां कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती डीएम दिव्या मित्तल, एसपी सोनम कुमार● जागरण

जागरण संवाददाता, सेमरियावां, संतकबीर नगर : उपद्रव करने का प्रयास करने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कानून का पालन करना सभी का कर्तव्य है। इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने वाले लोगों पर भी पुलिस की नजर है।

बुधवार की शाम जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार समेत पुलिस कर्मियों के साथ सेमरियावां कस्बे में पैदल मार्च किया। चौराहों पर रुककर डीएम ने कहा कि लोगों को भड़काने का प्रयास करने वाले लोगों की पुलिस और प्रशासन के स्तर से निगरानी की जा रही है। न्यायपालिका सर्वोपरि है, सभी को इस पर विश्वास रखकर कार्य करना होगा। एसपी सोनम कुमार ने कहा कि जिले के इंटरनेट मानीटरिंग इकाई द्वारा सभी के पोस्ट पर नजर रखी जा रही है।

- पुलिस कर्मियों को सक्रिय रहकर इंटरनेट मीडिया पर नजर रखने का निर्देश
- व्यक्ति कोई भी हो वह कानून से ऊपर नहीं : पुलिस अधीक्षक

व्यक्ति, कोई भी हो वह कानून से ऊपर नहीं हो सकता है। उन्होंने सभी को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा। इस मौके पर एडीएम मनोज कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र, थानाध्यक्ष दुधारा सर्वेश राय, विनोद कुमार यादव, शशिकांत, बृजमोहन अमरनाथ, वीरेंद्र कुमार समेत अनेक पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### सब सेक्टर मजिस्ट्रेट जुमे की नमाज में भीड़ इकट्ठा न होने दें

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : डीएम दिव्या मित्तल ने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। सभी सेक्टर व सब सेक्टर मजिस्ट्रेट जुमे की नमाज के दौरान भीड़ इकट्ठा न होने दें। वहीं एसपी सोनम कुमार ने कहा कि सांप्रदायिक भावना भड़काने वालों व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देने के साथ ही इंटरनेट मीडिया की निगरानी करें। डीएम व एसपी ने बुधवार को देर शाम के समय कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के लिए राजस्व व पुलिस अधिकारियों के साथ हुई बैठक में यह बातें कही। एसपी ने कहा कि सभी थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी लोगों को जनपद में धारा 144 लागू होने के बारे में जानकारी दें। बिना वजह एक जगह पर पांच से अधिक व्यक्तियों के मिलने पर सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह, एएसपी संतोष कुमार सिंह, सभी एसडीएम, सीओ व थानाध्यक्ष के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

- एसपी ने कहा, सांप्रदायिक भावना भड़काने वालों के विरुद्ध की जाएगी कड़ी कार्रवाई
- डीएम व एसपी ने कलेक्ट्रेट सभागार में की बैठक, दिया निर्देश

# शांतिभंग की आशंका में 13 लोग गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में बुधवार को 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दुधारा पुलिस ने दो, धनघटा पुलिस ने छह, महुली पुलिस ने दो तथा बेलहरकला पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग मामूली बात को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस गांवों में पहुंची। (जासं)

# किशोरी को भगाने के मामले में तीन आरोपितों पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर :** खलीलाबाद के एक गांव निवासी किशोरी को बहला फुसला कर भगाने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी के पिता ने आरोप लगाया है कि इस मामले में आरोपित के घर पूछताछ करने पर जानमाल की धमकी दी जा रही है।

किशोरी के पिता ने बताया कि उनकी नाबालिग बेटी को गांव के रोहित ने बहला-फुसला कर कहीं भगा ले गया है। काफी खोजबीन के बाद भी बेटी का पता नहीं चला। बेटी के बारे में पूछे जाने पर रोहित के पिता सर्वजीत और मां माया देवी गाली देते हुए जानमाल की धमकी देती हैं। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर माता-पिता और बेटे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## चार पर एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा

**जासं, धनघटा:** मड़पौना में मंगलवार की रात दो परिवारों के कहासुनी व विवाद को निपटाने गए प्रधान पति व उनके तीन सहयोगियों को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने चार के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में प्रधान पति कुलदीप ने लिखा है कि गांव के दो परिवारों में कहासुनी का विवाद हो रहा था। वह मामले का समाधान करवाने गए थे। चंद्रशेखर यादव, अभिषेक यादव, सूरत व हीरा ने जाति सूचक गालियां देते हुए उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

# फरार चल रहे चार वारंटियों को भेजा जेल

संतकबीर नगर : पुलिस ने बुधवार को फरार चल रहे चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने पुरानी तहसील निवासी जितेंद्र व मोतीनगर मोहल्ला निवासी कर्मवीर को उनके घर से गिरफ्तार किया है। जबकि दुधारा पुलिस ने सुरदहिया गांव निवासी रामललित व पारस को गिरफ्तार किया है।

# पुलिस ने दो चोर किया गिरफ्तार मोबाइल, बाइक व नकदी बरामद

- चंगेरा-मंगेरा गांव से तीन दिन पहले चोरों ने उड़ाया था मोबाइल व नकदी
- बस्ती-कांटे मार्ग पर पुलिस की जांच में पकड़े गए दोनों चोर

जागरण संवाददाता, कांटे, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद की कांटे चौकी के पुलिस कर्मियों ने बुधवार को दोपहर के करीब दो बजे बस्ती-कांटे मार्ग पर कठिनइयां पुल के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका। इनके पास से चोरी किये गए तीन मोबाइल, दो हजार एक सौ रुपया नकद बरामद किया। पूछताछ में इन दोनों चोरों ने बताया कि वे चोरी की मोबाइल को बेंचने के लिए खलीलाबाद जा रहे थे। पुलिस ने इनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

कांटे पुलिस चौकी के प्रभारी श्याम मोहन ने बताया कि 12 जून को चंगेरा-मंगेरा गांव से इन चोरों ने तीन मोबाइल और नकदी चुराई थी। इस मामले में कोतवाली खलीलाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। बुधवार को वह सहयोगी पुलिस कर्मी रामरतन तिवारी, अजय कुमार प्रजापति के साथ भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान बेलवनिया गांव निवासी 24 वर्षीय हनुमान कुमार शर्मा व बाहिलपार गांव निवासी 20 वर्षीय सोनू कुमार आदि दोनों चोर पुलिस की गिरफ्त में आये। इन्होंने पांच हजार रुपये की एक और चोरी की घटना की थी। आपस में ढाई-ढाई हजार रुपये बांट लिए थे। इन्हें जेल भेज दिया गया।

# प्रधान को मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, मोलनापुर, संतकबीर नगर :** महुली थाना के ग्राम पंचायत शनिचरा पूर्वी के प्रधान ने गांव के एक व्यक्ति के विरुद्ध बुधवार को थाने में तहरीर दी है। इसमें उन्होंने गांव के एक व्यक्ति पर पीटने का आरोप लगाया है। इस पर मुकामी पुलिस ने आरोपित व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच में जुटी है।

शनिचरा पूर्वी के प्रधान शिवलाल गौड़ ने थाने में दी गई तहरीर में यह उल्लेख किया है कि उनके गांव के धर्मेंद्र सिंह ने बीते मंगलवार को सुबह नौ बजे पैसे के लेन-देन को लेकर उनके घर पर चढ़ आए। मुझे पीटने लगे। इससे उन्हें काफी चोट लगी। ये दो माह पहले अवैध हथियार के साथ गोरखपुर जनपद के गीडा में पकड़े गए थे। हाल ही में जेल से छूट कर आए हैं। इनके ऊपर महुली थाने में कई मुकदमा दर्ज है। वह कभी भी उनके साथ कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके उचित कार्रवाई की जा रही है।

# 61 वाहन चालकों से 59 हजार रुपये समन शुल्क वसूले

जासं, संतकबीर नगर : जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से बुधवार को विभिन्न जगहों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर जरूरी कागजात न दिखा सकने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 61 वाहन चालकों से 59 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की।

# बूधा कला मोड़ के पास चेकिंग में दो चोर दबोचे

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के बूधा कला मोड़ के पास बुधवार को चेकिंग में पुलिस ने दो युवकों को चोरी के तीन मोबाइल फोन और 2,100 रुपये नकदी के साथ पकड़ा। पूछताछ में पकड़े गए युवकों ने एक महीने पूर्व कोतवाली क्षेत्र के चंगेरा-मंगेरा से तीनों मोबाइल चोरी करने की बात स्वीकार की।

कांटे चौकी इंचार्ज श्याम मोहन ने बताया कि बूधा कला मोड़ के पास सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान एक बाइक से दो युवक गुजरे, जिन्हें रोकने की कोशिश की गई तो वे भागने लगे। घेरेबंदी करके उन्हें पकड़ा गया। तलाशी में उनके पास से चोरी के तीन मोबाइल फोन व 2,100 रुपये नकदी बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए युवकों की पहचान हनुमान कुमार शर्मा निवासी बेलवनिया व मोनू कुमार निवासी बहिलापार कोतवाली के रूप में हुई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि बरामद तीनों मोबाइल फोन 12 मई को चंगेरा-मंगेरा गांव निवासी विजयनाथ और सुभाष के पास से सोने के दौरान चोरी की थी। इसके अलावा 5000 रुपये नकदी भी चुराई थी। बरामद 21,00 रुपये चोरी का है। पुलिस की पूछताछ में कुछ अन्य घटनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

# पति-सास के खिलाफ दर्ज कराया केस

धनघटा। महुली क्षेत्र के मझौवा एकडंगा की रहने वाली महिला ने बुधवार को पति और सास के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया। पुलिस छानबीन में जुटी है।

मझौवा एकडंगा निवासी कुसुम पत्नी संदीप का आरोप है कि उसके पति शराब पीने के आदी हैं। नशे की हालत में हमेशा उसकी पिटाई करते रहते हैं। बुधवार को पति संदीप नशे की हालत में घर पहुंचे और उसे अपशब्द कहने लगे। जब उसने एतराज किया तो उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि पति के इस कृत्य में उसकी सास दशरथा देवी भी साथ देती हैं। एसओ रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पति संदीप और सास दशरथ देवी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया गया। संवाद

# साइबर क्राइम से बचाव के लिए किया जागरूक

धनघटा। महुली थाना परिसर में बुधवार को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके बताए गए।

एसएसआई दयानंद राम ने बताया कि साइबर अपराध बढ़ रहा है। आए दिन नए-नए तरीकों से साइबर अपराधी लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को मैसेज भेज कर, गूगल-पे, पेटीएम, आदि खाता के केवाईसी आदि के बारे में बता कर ठगी का शिकार बनाते हैं। जालसाज लिंक भेजकर फ्रॉड करते हैं। एसआई नरेंद्र प्रसाद ने बताया कि व्हाट्सएप पर लिंक भेज क्यूआर कोड के जरिए बैंक खाता हैक कर लेते हैं। संवाद

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 16-06-2022

# छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

गोण्डा। महिला से छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के जिला अस्पताल का है। पीड़िता अपने भाई का इलाज जिला अस्पताल में करवा रही है।

आरोप है कि मंगलवार रात एक युवक ने महिला के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर ले आए। मामले की जांच की जा रही है।

# भूमि विवाद में वकील से मारपीट एसपी को सौंपा आरोपी

- साथी संग मारपीट होने पर अधिवक्ताओं में रोष
- एसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

गोण्डा, विधि संवाददाता। भूमि विवाद को लेकर साथी से मारपीट होने पर आक्रोशित अधिवक्ताओं ने आरोपी को पुलिस अधीक्षक के हवाले कर दिया। जिससे मामला बिगड़ते बिगड़ते शांत हो गया। एसपी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर, अधिवक्ता का भी पुलिस ने मेडिकल कराया है। वहीं आरोपी पक्ष का कहा कि संबंधित अधिवक्ता द्वारा धोखाधड़ी से जमीन बैनामा करा ली गई है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि चंद्र त्रिपाठी व महामंत्री रितेश यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरीशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि बुधवार को दोपहर कुछ लोग अधिवक्ता राजकुमार सैनी से भूमि विवाद को लेकर मारपीट करने लगे। देखते ही देखते बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौके पर पहुंच गए और आरोपियों की धरपकड़ के लिए उद्वेलित हो गये। लेकिन वरिष्ठ वकीलों की सूझबूझ के कारण मामला शांत हुआ।

आक्रोशित अधिवक्ताओं ने आरोपियों को पकड़कर पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश कर दिया। अधिवक्ताओं के आक्रोश को देखते हुए एसपी संतोष कुमार मिश्र ने अधिवक्ता का मेडिकल जांच कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ। नगर कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि अधिवक्ता के तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# प्रधान के खिलाफ दर्ज कराई छेड़छाड़ की रिपोर्ट

वजीरगंज, संवाददाता। ग्राम पंचायत में साफ सफाई के लिए तैनात महिला कर्मचारी ने गांव के ही प्रधान के विरुद्ध छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। महिला सफाईकर्मी ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाया है कि उसे पंचायत भवन में बुलाकर उसके साथ अश्लील बातें व छेड़खानी की गई।

वहीं ग्राम प्रधान का कहना है कि सामुदायिक शौचालय काफी दिनों से गंदा था। साफ-सफाई करने को लेकर महिला सफाईकर्मी को फटकारा और मानदेय पर रोक लगाने की चेतावनी दी गई थी। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी प्रधान के खिलाफ छेड़छाड़ करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## बालिका के साथ युवक ने की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

वजीरगंज। एक नाबालिक बालिका के साथ छेड़छाड़ मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक बालिका शौच के लिए खेत गई थी। पहले से घात लगाए बैठे अधेड़ युवक ने बालिका को जबरदस्ती पकड़ लिया। वह चिल्ल-गुहार लगाती आरोपी युवक ने उसके मुंह को कपड़े से बांध दिया था। बालिका घटनास्थल से भाग कर अपने घर पहुंच कर परिजनों को अपनी आपबीती बताई। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया बताया कि आरोपी खलील निवासी जगदीशपुर कटरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मंडेनाला पुल के निकट हटाया गया अतिक्रमण

# अतिक्रमण हटाने को जेसीबी गरजी

- देखते-देखते पक्की दुकानें-प्रतिष्ठान हुई मलबे में ढेर
- पुलिस बल के साथ पालिका व राजस्व टीमें लगीं रहीं

**गोण्डा, संवाददाता।** कचहरी रोड पर मंडेनाला पुल के निकट बुधवार को अतिक्रमण अभियान चलाया गया। दोपहर के बाद जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचे अफसरों ने किसी की बात नहीं सुनीं। हालांकि छोटे दुकानदारों ने चिह्नित स्थानों तक अतिक्रमण खुद ही हटा लिये। बाकी हिस्से को जेसीबी ने ध्वस्त कर दिया। वहीं देखते-देखते दर्जन भर से अधिक कई पक्की दुकानों व प्रतिष्ठानों के अतिक्रमित हिस्से को जेसीबी ने मलबे में ढेर कर दिया। इस दौरान फोर्स के साथ नगर पालिका, राजस्व व पीडब्ल्यूडी की टीमें लगी रहीं।

मंडेनाला पुल और अम्बेडकर चौराहे के बीच में नगर पालिका की ओर से यहां 13 लोगों को नोटिस देकर अतिक्रमण खुद हटाने के लिए दो दिनों का अल्टीमेटम दिया गया था। इस दौरान पीड़ितों की ओर से कोर्ट में जाने और वहां से खारिज होने पर तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश के बाबत अधिकारियों ने बताया सोमवार को अतिक्रमण हटाने के बाद पीड़ितों के अनुरोध पर दो दिन की मोहलत दी गई थी। बुधवार को दोपहर बाद अफसरों की टीम जेसीबी के साथ पहुंची तो आसपास के दुकानदारों व प्रतिष्ठान मालिकों में हड़कम्प मच गया। भारी संख्या में पुलिस दल में मौजूदगी में पक्के निर्माण को गिराना शुरु किया। बताया जा रहा है कि पीड़ित बुधवार को और एक दिन की मोहलत मांगे लेकिन अधिकारियों ने सुना नहीं। चिह्नित हिस्से तक जेसीबी ने तोड़कर गिरा दिया। कुछ हिस्से जो बचे भी उसे पीड़ितों से खुद गिराने के निर्देश दिए। एएसडीएम कुलदीप सिंह, सदर तहसीलदार राजीव मोहन सक्सेना, एसडीएम आकाश सिंह, पालिका के ईओ संजय मिश्रा, कोतवाल पंकज कुमार सिंह, पीडब्ल्यूडी के जेई प्रमोद आचार्य, अमीन शिवाकांत दूबे, राजस्व विभाग के कानूनगो नन्द कुमार सिंह आदि रहे।

**महिला अस्पताल गेट पर लगी दुकानों की होगी जांचः** डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार ने महिला अस्पताल से सटी दुकानों की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला महिला अस्पताल अस्पताल की बाउंड्रीवाल व मुख्य प्रवेश द्वार से सटाकर 50 से अधिक दुकानें निर्मित हैं।

# महिला सफाई कर्मी से ग्राम प्रधान ने की छेड़खानी, मुकदमा

संसू, बालेश्वरगंज (गोंडा) : सामुदायिक शौचालय पर तैनात सफाई कर्मी से छेड़खानी का मामला सामने आया है। महिला सफाई कर्मी की तहरीर पर गांव के प्रधान पर मुकदमा किया गया है। दूसरी तरफ शौच के लिए गई एक किशोरी से छेड़खानी कर उसका कपड़ा उतार कर अभद्रता की गई।

वजीरगंज थाना के एक ग्राम पंचायत स्थित सामुदायिक शौचालय पर तैनात एक समूह की महिला सफाईकर्मी है। महिला ने कहा कि उसकी नियुक्ति लगभग दो साल पहले शौचालय सफाईकर्मी के लिए हुई थी। तभी से वह अपना काम सुचारू ढंग से करती रही है। कहा ग्राम प्रधान आए दिन अश्लील बातें करते रहते हैं। विरोध करने पर अभद्रता करते हैं। रात में भी फोन कर अश्लील बातें करते हैं। महिला सफाई कर्मी ने कहा कि मई में उसका वेतन आया तो प्रधान उसके घर पहुंच गए और वेतन की आधी धनराशि मांगने लगे। मना करने पर मारने की धमकी दे रहे हैं। महिला ने कहा कि उसका पति दिव्यांग है। इसका प्रधान लाभ उठाना चाहते हैं। प्रधान उससे हमेशा छेड़खानी कर मारने की धमकी देते हैं।

दूसरी तरफ वजीरगंज के डुमरियाडीह चौकी के एक गांव निवासी किशोरी शौच के लिए घर से बाहर गई थी। एक व्यक्ति ने उसके साथ छेड़छाड़ कर उसके सारे कपड़े उतार दिए। किशोरी ने इसकी जानकारी स्वजन को दी। थानाध्यक्ष वजीरगंज चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि महिला सफाईकर्मी की तहरीर पर ग्राम प्रधान के खिलाफ छेड़छाड़ व धमकी देने का मुकदमा लिखा गया है।

# जुमे की नमाज पर सौहार्द बनाए रखने में जुटा प्रशासन

संसू, गोंडा : शुक्रवार (जुमे) की नमाज को लेकर जिले में अलर्ट जारी किया गया है। सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए डीएम डा. उज्ज्वल कुमार व एसपी संतोष कुमार मिश्र धर्म गुरुओं के साथ बैठकें व वार्ता कर सौहार्द की रंगोली सजाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं थाने से लेकर गांव मुहल्ले तक बैठकों का दौर जारी है। मंडल मुख्यालय से लेकर कस्बे तक पुलिस कर्मी पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिला रहें हैं। इतना ही नहीं पुलिस लाईस से लेकर थानों में पुलिस कर्मी दंगाइयों से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास कर रहे हैं।



शहर में पैदल मार्च करते जिलाधिकारी डा. उज्ज्वल कुमार (बीच में) और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र दाएं ● जागरण

शुक्रवार की नमाज को लेकर पूरे जिले शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी हर बिंदु पर नजर बनाए हुए हैं। जिले भर में संचालित मदरसों के मौलवी व सभी धर्म गुरुओं के संग पुलिस अधिकारी बैठक कर रहें हैं। वहीं जिले भर के ग्राम प्रधानों व अन्य गणमान्य से भी वार्ता कर जिले में अमन चैन कायम रखने की अपील कर रहें हैं। इंटरनेट मीडिया की निगरानी के लिए भी टीमें लगाई गईं हैं। इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट व अभद्र टिप्पणी करने के मामले में 319 आरोपितों पर कार्रवाई भी की जा चुकी है। एसपी ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है। धर्म गुरुओं के साथ बैठक कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा रहा है। ड्रोन कैमरे से भी निगरानी कराई जा रही है। खुफिया एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया गया है।

## वांछित गिरफ्तार

आर्यनगर : चार वर्ष पूर्व मारपीट के मामले में वांछित कौड़िया के परसिया रानी फूलपुर गांव निवासी रामकृपाल को थानाध्यक्ष मदनलाल गौतम ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि आरोपित को न्यायालय भेज दिया गया है। (संसू)

# हंगामे के बीच ढहाए गए अवैध कब्जे

## अतिक्रमण हटाओ अभियान | आंबेडकर चौराहे के पास | प्रशासन व पालिका ने की कार्रवाई

संसू, गोंडाः बुधवार की शाम को आंबेडकर चौराहे के समीप जिला प्रशासन व नगर पालिका परिषद ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। तीन कांपलेक्स की छतों के आगे के हिस्से को ढहा दिया गया। इसको लेकर खूब हंगामा हुआ। बाद में अधिकारियों ने लोगों के लिखित आवेदन पर अतिक्रमण हटाने के लिए एक माह का समय दिया है।

नगर पालिका परिषद ने आंबेडकर चौराहे के पास 13 अवैध कब्जे चिन्हित किए थे। आरोप था कि उन्होंने सरकारी जमीन पर कब्जा करके अवैध निर्माण किया है। इन्हें नोटिस दी गई थी। इसके बाद आठ जून को लाल निशान लगाया गया था। बाद में सोमवार को प्रशासन की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। स्थानीय लोगों के निवेदन पर 24 घंटे की मोहलत दी गई थी। बुधवार की शाम को करीब पांच बजे एसडीएम कुलदीप सिंह, तहसीलदार राजीव मोहन सक्सेना व ईओ नगर पालिका संजय मिश्र टीम के साथ पहुंच गए।

पहले से चिन्हित तीन दुकानों की छतों के ढहाने का काम शुरू होते ही हंगामा मच गया। अतिक्रमण की जद में आए लोग प्रशासन की कारगुजारी पर सवाल उठा रहे थे। इन सबके बीच करीब डेढ़ घंटे तक प्रशासन ने अभियान चलाया। बाद में अतिक्रमण हटाने के लिए एक माह की मोहलत दी गई है। ईओ ने बताया कि न्यायालय में प्रकरण जाने के कारण यह निर्णय लिया गया है।

**उठाए सवालः** कैसरगंज सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह का कहना है कि बिना तथ्यात्मक पड़ताल के ही सरसरी तौर पर की जा रही कार्रवाई वाजिब नहीं है।

नजूल की जमीन का जो दायरा अधिकारी बता रहे हैं, वह न्याय संगत नहीं है। पहले उसकी सही तरीके से पैमाइश कराई जाय, इसके बाद कोई कार्रवाई की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री का कहना है कि किसी गरीब का घर न उजाड़ा जाय लेकिन, यहां पर उसकी अनदेखी की जा रही है। सरकार की मंशा के अनुकूल यह कार्रवाई उचित नहीं है।

**दुकानों की होगी जांचः** डीएम डा. उज्ज्वल कुमार ने जिला महिला अस्पताल के तीन तरफ दुकानें बनाए जाने के मामले की जांच के आदेश दिए हैं। अस्पताल की चहारदीवारी से लेकर मुख्य प्रवेश द्वार से सटकर बनी 50 दुकानों के बारे में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति को एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है।





आंबेडकर चौराहे पर अवैध निर्माण को ढहाए जाने के दौरान लगी भीड़ व अपनी दुकान टूटती देख बिलखता उमा शंकर ● जागरण

### कर्नलगंज में भी चलेगा अतिक्रमण पर बुलडोजर

संसू, कर्नलगंज (गोंडा) : कर्नलगंज में सरकारी जमीनों पर हुए अतिक्रमण पर बुलडोजर गरजेगा। एसडीएम हीरालाल ने दुकानों पर नोटिस चस्पा करवा कर पीएसी व भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण खाली कराने का आदेश दिया है। 10 जून को अतिक्रमण हटाने के दौरान विवाद हो गया था। इसमें एक अधिवक्ता चोटिल हो गए थे। पुलिस व राजस्व विभाग को मिलाकर छह सदस्यीय टीम गठित की गई है। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका व राजस्व निरीक्षक चौरी, लेखपाल सुजीत कुमार भारती, रमेश चन्द्र की अगुवाई में टीम बनाई गई है। इन सभी को अतिक्रमण हटवाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# फिर ढहाई गईं दुकानें हटवाया अतिक्रमण

**गोंडा।** अतिक्रमण और नजूल पर कब्जों को हटाने का अभियान गुरुवार को फिर चला। मजिस्ट्रेट की निगरानी में चले बुलडोजर ने दुकानें ढहाई और नजूल की जमीन पर बने भवनों को हटाया गया। एएसडीएम कुलदीप सिंह ने कहा कि नजूल पर बने कब्जे हटाने का निर्देश है। अभियान आंबेडकर चौराहे तक सीमित रहा। अतिक्रमण हटाने में देरी पर मजिस्ट्रेट ने नाराजगी जताई और बुलडोजर चलवा दिया।

आंबेडकर चौराहे पर 47 दुकानों को पहले चिह्नित किया गया था। पहली बार में एक साइड की 13 दुकानें को हटाने की कार्रवाई बीते दिनों शुरू हुई। दो दिन का समय देकर एक बार फिर बुलडोजर के साथ अधिकारी पहुंच गए। लोग अपनी दुकानें हटवा रहे थे, लेकिन हो रही देरी से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हो गई। अधिकारियों ने किसी एक न सुनी, सिर्फ बुलडोजर ही गरजता रहा। (संवाद)

# किशोरी से छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

**वजीरगंज।** क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने पर तहरीर देकर कहा है कि उसकी 13 वर्षीय बेटी खेत में शौच को गई थी। गांव के युवक ने बेटी से अश्लील हरकत की। बेटी के शोर मचाने पर आरोपी ने बेटी कपड़े फाड़ दिए। बेटी ने रोते हुए घर पहुंचकर पूरी बात बताया। आरोपी ने जान माल की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उसका पति मुंबई में मेहनत मजदूरी करता है। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर छेड़खानी, धमकी व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# मारपीट में दो के खिलाफ मुकदमा

**परसपुर (गोंडा)।** बच्चों-बच्चों के विवाद को लेकर देर रात चाची व भतीजा के साथ अभद्रता कर लाठी-डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया गया। भतीजे ने दो व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट में ग्राम चरहुवां मरजाद पुरवा निवासी ननकू कश्यप ने कहा कि बच्चों के विवाद पर दो आरोपियों ने मंगलवार की देररात अभद्रता कर लाठी-डंडा से मारने लगे। शोर करने पर उसकी चाची कमला देवी पत्नी श्रीराम कश्यप बचाने आयीं तो उनको भी मारने पीटने लगे। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि रमेश कश्यप व रिषभ कश्यप के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# बाल श्रम से पांच बच्चों को कराया मुक्त

गोंडा। श्रम विभाग विशेष किशोर पुलिस इकाई एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट व चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम ने बालश्रम उन्मूलन अभियान में कार्रवाई की। शहर के जानकी नगर स्थित एक बेकरी पर छापा मारकर तीन बालक व चौकबाजार से दो बालकों को कार्य से मुक्त कराया गया। सभी बालकों का चिकित्सकीय परीक्षण व कोरोना टेस्ट कराकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। बच्चों से कार्य करा रहे दुकानदारों के विरूद्ध कार्रवाई की संस्तुति की गई है। संयुक्त टीम में श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप विशेष किशोर पुलिस इकाई प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्रा टीआरपी (नया सवेरा), चंद्रेश यादव, सहाब अहमद, एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से उपनिरीक्षक आनंद प्रकाश मिश्रा, हेड कांस्टेबल बबीता सिंह, महिला आरक्षी सरिता, कांस्टेबल अरविंद कुमार, कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे। (संवाद)

# ऑपरेशन मुस्कान में लापता महिला मिली

खरगूपुर (गोंडा)। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने गुमशुदा महिला को बरामद कर उसके ससुर के सुपुर्द कर दिया। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला अपने परिवार से नाराज होकर घर से बिना बताए दो जून को कहीं चली गई थी। महिला के ससुर ने थाना खरगूपुर में चार जून को गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराया था। महिला की सकुशल बरामदगी के लिए उपनिरीक्षक चंद्रभूषण पांडेय, राजकिशोर की टीम ने गुमशुदा को उसके मायके कोंचा कासिमपुर कोतवाली करनैलगंज से मंगलवार को बरामद किया। उन्होंने बताया कि महिला को उसकी सहमति से उसके ससुर को सुपुर्द किया गया। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-06-2022

# सरकारी जमीन से नहीं हटा कब्जा

सादुल्लाह नगर। थाना सादुल्लाह नगर के राजस्व ग्राम पतकपुर में शमशान भूमि, प्राथमिक पाठशाला, गांव का मुख्य मार्ग आदि सार्वजनिक जमीनों पर दबंगों का अवैध कब्जा है। लोगों ने कई बार इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की। बावजूद इसकेसरकारी जमीनों को कब्जे से मुक्त नहीं कराया जा सका।

राजस्व कर्मियों की उदासीनता के चलते शासन द्वारा चलाया जा रहा एंटी भूमाफिया अभियान का असर पतकपुर में नहीं दिख रहा है। ग्रामीण राधेश्याम ने बताया कि पतकपुर स्थित प्राथमिक पाठशाला गाटा संख्या 103, शमशान भूमि गाटा संख्या 234, गांव का मुख्य मार्ग गाटा संख्या 256 व 257आदि पर गांव के दबंगों ने कब्जा जमा रखा है।

# मोबाइल छीनने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## कार्रवाई

बलरामपुर, संवाददाता। थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त टीम ने राहगीरों का मोबाइल छीनने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास छीने गए 10 स्मार्टफोन व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। धरपकड़ व बरामदगी बुधवार को सुबह साढ़े 10 बजे सुआंव नाला पुल के पास हुई है।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना के मुताबिक नगर क्षेत्र में मोबाइल छिनैती की घटनाएं बढ़ी थी। बाइक सवारों ने मोबाइल छीनने की गई घटना को अंजाम दिया था। अपराधियों को पकड़ने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव व सीओ वरुण मिश्रा को लगाया गया था। साथ ही कोतवाली नगर व एसओजी टीम को भी घटना अनावरण की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। एसपी के मुताबिक एसओजी श्याम लाल यादव, अपराधिक विनय कुमार यादव, उप निरीक्षक राणा प्रताप, सिपाही शशि कुमार यादव, राज विमल यादव, देवेंद्र कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, रोहित शुक्ला व श्याम नारायण मिश्रा बुधवार को गश्त पर निकले थे। मुखबिर से पता चला कि राहगीरों से मोबाइल फोन छीनने वाले तीन लोग सुआंव नाला पुल पर मौजूद हैं। पुलिस ने बिना समय गवाएं उन्हें पकड़ लिया। उन्होंने अपना नाम पता कोतवाली देहात अंतर्गत फरेंदा गांव निवासी रुपेश यादव, जैकी यादव व गोरेगांव वेस्ट मुंबई निवासी हरीश पांडेय बताया। तलाशी लेने पर उनके पास 10 मोबाइल फोन बरामद हुआ। सभी ने स्वीकार किया कि उन्होंने मोबाइल फोन राहगीरों से छीने हैं। एसपी के मुताबिक रुपेश यादव मुंबई में दो बार हत्या मारपीट के प्रकरण में जेल जा चुका है। वह मुंबई में रहकर अपराध करता था। बाद में बलरामपुर जिले में लौट कर अपराध करने लगा। घटनाओं के अनावरण पर एसपी ने कोतवाली नगर व एसओजी टीम को बधाई दी है।

# अभियुक्त गिरफ्तार

हर्रैया सतघरवा। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगान के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना हर्रैया प्रमोद कुमार सिंह संयुक्त टीम ने बुधवार को नफर वांछित अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र मंशाराम निवासी ग्राम हरिहरपुर थाना हर्रैया को परसपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# पाक्सो अभियुक्त गिरफ्तार

**बलरामपुर :** हर्रैया थाना की पुलिस ने पाक्सो अभियुक्त संदीप कुमार निवासी हरिहरपुर को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि अभियुक्त को परसरपुर से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वह दो साल से फरार था, जिस पर 10 हजार रुपये इनाम घोषित था। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रामकृपाल वर्मा, हेड कांस्टेबल किशुन प्रसाद, कांस्टेबल उमेश पासवान, पूजा चौधरी शामिल रहीं। (संसू)

# मिशन शक्ति का कराया बोध

**बलरामपुर :** जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति के प्रति जागरूक किया। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव के निर्देशन में महिला पुलिसकर्मियों ने वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी। (संसू)

# मोबाइल छीनने वाले बाइक गैंग का राजफाश, तीन गिरफ्तार



पकड़े गए मोबाइल छीनने वाले मोटरसाइकिल गैंग के आरोपितों के साथ पुलिस टीम व घटना की जानकारी देते एसपी राजेश कुमार सक्सेना बाएं ● फोटो पुलिस मीडिया सेल

**संसू, बलरामपुर :** नगर कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले बाइक गैंग का राजफाश किया है। पुलिस टीम ने गिरोह के सदस्य देहात कोतवाली के फरेंदा गांव निवासी रूपेश यादव, जैकी यादव व गोरेगांव वेस्ट मुंबई के हरीश पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों के पास से 10 स्मार्टफोन व एक बाइक बरामद की गई है। रूपेश मुंबई का शातिर अपराधी रह चुका है। जबकि अन्य का आपराधिक इतिहास पुलिस खंगाल रही है।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि पुलिस टीम कई दिन से मोबाइल छीनने वाले बदमाशों की तलाश कर रही थी। अभियुक्त रूपेश यादव मुंबई में दो बार हत्या व मारपीट के मामले में जेल जा चुका है। तीनों अभियुक्तों ने नगर व देहात कोतवाली में मोबाइल लूट की घटनाओं को अंजाम दिया है। नगर कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने अभियुक्तों को सुआंव नाला पुल के पास घेरकर दबोचा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में स्पेशल विपंस एंड टैक्टिस (स्वाट) प्रभारी निरीक्षक श्यामलाल यादव, नगर कोतवाली के अपराध निरीक्षक विनय कुमार यादव, सर्विलांस सेल के उपनिरीक्षक गुरुसेन सिंह, राणा प्रताप, मुख्य आरक्षी शशि कुमार यादव, देवेंद्र सिंह, आरक्षी राज विमल यादव, अखिलेश कुमार, रोहित शुक्ल व श्याम नारायण मिश्र शामिल रहे।

# आरोपित गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा :** पुलिस ने दो वर्ष से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि हरिहरपुर गांव निवासी आरोपित संदीप कुमार के विरुद्ध कई मुकदमे दर्ज हैं। (संसू)

# मुकदमों का बोझ कम करने को पुलिस अधीक्षक ने कसे पेच

**संवादसूत्र, ललिया (बलरामपुर) :** ललिया सर्किल क्षेत्र के थाना महराजगंज तराई, हरैंया में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने निरीक्षक व बीट उपनिरीक्षकों के साथ ललिया थाना में बैठक की। कहा कि अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ने विवेचनाओं के निस्तारण, रंजिशों के चिन्हांकन, गैंगस्टर एक्ट, आपरेशन शिकंजा, आपरेशन तमंचा के बारे में पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया है। थानों में दर्ज मुकदमों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना कर निस्तारण करें। मुकदमों की प्रगति, शासन के स्कूल चलो अभियान, पुरुष बंदीगृह, असलहों की सफाई, भोजनालय, बैरक , परिसर की साफ सफाई, महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी ली। थाना निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी, महराजगंज थाना निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, हरैया थाना निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह मौजूद रहे।

# ठगी का शिकार होने पर तत्काल पुलिस को दें सूचना

**बलरामपुर।** ठगी का शिकार होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। फोन पर अपनी गोपनीय जानकारी कतई साझा न करें। पैसे के ऑनलाइन लेन-देन में काफी सतर्कता बरतें। सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। सोशल मीडिया पर फर्जी लोन लेने के चक्कर में न पड़ें।

यह बातें बुधवार को एसपी राजेश कुमार सक्सेना के निर्देश पर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को संबोधित करते हुए सीओ वरूण मिश्रा ने कही। बताया कि जिले के सभी थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क कर्मियों की तरफ से साइबर जागरूकता अभियान चलाकर चलाया जा रहा है। पुलिस टीम प्रतिष्ठित संस्थाओं, दुकानों व गली-मोहल्लों में जाकर व्यापारियों, किसानों व आम जनमानस को साइबर क्राइम के संबंध में जागरूक कर रही है।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर साइबर क्राइम जागरूकता के संबंध में पंपलेट चस्पा किया जा रहा है। लोगों को ठगी का शिकार होने पर साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 155260 व 1930 पर सूचना देने की बात बताई जा रही है। संवाद

# अराजकता फैलाई तो होगी कड़ी कार्रवाई

**बलरामपुर।** शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के बुधवार की शाम ललिया एवं महराजगंज तराई थाने की पुलिस ने धर्मगुरुओं के साथ बैठक की। बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। अराजकतत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना के निर्देशन एवं एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी ललिया राधा रमण सिंह ने जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धर्मगुरुओं के साथ बैठक की। महराजगंज तराई के कौवापुर क्षेत्र में मस्जिद के मौलवियों व मन्दिर के पुजारियों सहित अन्य संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ शांति समिति की बैठक की गई।

बैठक में मोहल्लों, वार्डों व गांवों के संभ्रान्त व्यक्तियों को अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी देते हुए पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। युवाओं को हिंसक प्रदर्शनों में सम्मिलित न होने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए परिवारीजन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिम्मेदार नागरिक की जिम्मेदारी का एहसास करा सोशल मीडिया पर अनावश्यक टिप्पणी, पोस्ट एवं शेयर न करने के बारे में अवगत कराया गया। (संवाद)

# तीन मोबाइल चोर गिरफ्तार

## बाइक पर सवार होकर घटना को देते थे अंजाम, महाराष्ट्र में भी कर चुके वारदात

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** बाइक पर सवार होकर लोगों से मोबाइल छीनकर भागने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने धर दबोचा है। इनके पास से 10 स्मार्ट फोन व घटना में प्रयुक्त किए जाने वाली बाइक बरामद की गई है। यह गिरोह यूपी व महाराष्ट्र में घटना को अंजाम देता था।

बुधवार को राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि कुछ बाइक सवार सूनसान जगहों पर लोगों का स्मार्ट फोन छीनकर फरार हो रहे हैं। खुलासे के लिए स्वाट टीम, सर्विलांस टीम तथा नगर कोतवाली की पुलिस को लगाया गया था। मुखबिर की सूचना पर सुबह 10.30 बजे सुआंव नाला पुल के पास तीन संदिग्ध लोगों को पकड़ा गया। पूछताछ में तीनों ने मोबाइल छीनने की घटना स्वीकार कर ली। इनकी पहचान रूपेश यादव व जैकी यादव ग्राम फरेंदा कोतवाली देहात बलरामपुर और



बलरामपुर में चोरी की घटना का खुलासा करते एसपी राजेश कुमार सक्सेना। -संवाद

हरीश पांडेय निवासी गोरेगांव वेस्ट मुंबई महाराष्ट्र के रूप में हुई है। तीनों के पास से 10 स्मार्ट फोन भी बरामद किए गए हैं। बाइक भी बरामद की गई है। रूपेश यादव पूर्व में मुंबई में दो बार हत्या व मारपीट के मामले में जेल जा चुका है, बाकी दोनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास के संबंध में छानबीन की जा रही है।

# अपराध नियंत्रण के लिए संदिग्धों की हो निगरानी

## ललिया सर्किल के थानों का निरीक्षण कर एसपी ने दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**ललिया (बलरामपुर)।** पुलिस अधीक्षक ने बीते दिन ललिया सर्किल के थानों का निरीक्षण कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने थानों के विवेचकों, हेड कांस्टेबल, बीट आरक्षी व महिला आरक्षी को अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि अपराधियों पर नियंत्रण के लिए संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी की जाए।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने थाने में मौजूद पुलिस अधिकारियों को विवेचनाओं के निस्तारण, रंजिशों के चिन्हांकन, गैंगस्टर के तहत कार्रवाई, ऑपरेशन शिकंजा, ऑपरेशन तमंचा व त्रिनेत्र अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। क्षेत्र में शांति, सुरक्षा व कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अराजक तत्वों से निपटने के लिए मोहल्ला कमेटी व सांप्रदायिक व्यक्तियों की निगरानी का निर्देश दिया। स्कूल चलो अभियान, एंटी रोमियो व मिशन शक्ति के बारे में जन जागरूकता अभियान चलाने की



ललिया थाने में रजिस्टर चेक करते एसपी। संवाद

बात कही। एसपी ने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की प्रगति की समीक्षा करते हुए विवेचकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान एसपी ने थानों के अभिलेखों का अवलोकन करते हुए उनके उचित रखरखाव के संबंध में भी निर्देश दिया। उन्होंने मालखाना, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क एवं थाने में साफ-सफाई का भी जायजा लिया। थाने पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों से बातचीत करते हुए एसपी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### अराजक तत्वों की खैर नहीं

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला कोतवाली परिसर में बैठक करके अराजक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी गई। युवाओं को हिंसक प्रदर्शन में शामिल न होने की सख्त हिदायत दी गई है। निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न करने का निर्देश भी दिया गया है। उतरौला एसडीएम संतोष कुमार ओझा व सीओ उदयराज सिंह की मौजूदगी में कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक की गई। इसमें एसडीएम व सीओ ने कहा कि मोहल्लों, वार्डों व गांवों के सभी संभ्रात व्यक्तियों को अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी निभानी होगी। कहा कि सोशल मीडिया पर सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाली अनावश्यक टिप्पणी पोस्ट न करें। बैठक में मौजूद सभी सभासदों, ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों व संभ्रात नागरिकों से सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने में मदद करने की अपील की गई। अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। संवाद

### विवेचनाओं के निस्तारण में न बरतें लापरवाही

**महराजगंज तराई (बलरामपुर)।** सीओ ललिया राधारमण सिंह की अध्यक्षता में बीते दिन थाना महराजगंज तराई परिसर में बैठक की गई। इसमें एसआई, हेड कांस्टेबल, बीट व महिला आरक्षी शामिल हुए। सीओ विवेचनाओं के निस्तारण में लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शांति, सुरक्षा व कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। बैठक में विवेचनाओं के निस्तारण, गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई, ऑपरेशन तमंचा व शिकंजा के साथ त्रिनेत्र अभियान की भी समीक्षा की गई। सीओ ने स्कूल चलो अभियान, एंटी रोमियो व मिशन शक्ति कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से संचालित कराने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संवाद

# बैठक में दिया गया निर्देश

**पेहर बाजार।** एसपी राजेश कुमार सक्सेना के निर्देश पर पेहर पुलिस चौकी में थाना रेहरा बाजार के प्रभारी निरीक्षक जयदीप दूबे की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने और अराजक तत्वों पर शिकंजा कसने के संबंध में चर्चा करके रणनीति तैयार की गई। इस दौरान पेहर पुलिस चौकी प्रभारी सद्दाम अली, अजीत सिंह व जीतेंद्र आदि मौजूद रहे। संवाद

# तमंचे के साथ अभियुक्त को दबोचा

**गैड़ास बुजुर्ग।** सादुल्लाहनगर थाने की पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त के धर दबोचा है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने गत मंगलवार को जिगना निवासी जीसान को चेकिंग के दौरान तमंचा व कारतूस के साथ अहिरौला मोड़ बाईपास पर गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# कागजों में सिमटा गड्ढामुक्त अभियान

**हरैया सतघरवा।** बरसात शुरू होने से पहले सड़कों को गड्ढामुक्त करने की सरकार के फरमान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। क्षेत्रवासी नितीशमणि त्रिपाठी, विश्वनाथ जायसवाल, पृथ्वीपाल, राजेंद्र प्रसाद व राजू सोनी आदि ने डीएम को भेजे गए पत्र में कहा है कि बरदौलिया-ललिया मार्ग पर गड्ढों के कारण अक्सर वाहन पलट रहे हैं, जिससे लोग घायल हो रहे हैं। संवाद

# जुआ खेलते पांच धरे गये

**हरैया सतघरवा।** स्थानीय थाने की पुलिस ने जुआ खेलते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। हरैया थाने के एसआई हौसला प्रसाद यादव ने बीते दिन मुखबिर की सूचना पर गुलरिहा हिसामपुर गांव में पांच लोगों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया है। कब्जे से 340 रुपए फड़ पर और तलाशी में 860 रुपए व 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं। गुलरिहा हिसामपुर निवासी राजेंद्र वर्मा, रहीउद्दीन, अशफाक, शफीक व रवि वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# बेटियों व महिलाओं को किया जागरूक

**बलरामपुर।** जिले के सभी 15 कोतवाली व थानों में तैनात एंटी रोमियो टीम ने गांवों व नगरों का भ्रमण कर बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान बेटियों व महिलाओं को सरकारी सेवाओं व हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी गई। एसपी राजेश कुमार सक्सेना के निर्देशन में अभियान चलाया गया। संवाद

BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-06-2022

# शराब की दुकानों के लिए अनिवार्य होगा फूड लाइसेंस

## व्यवस्था

बहराइच। जिले में शराब की दुकानों को फूड सेफ्टी एक्ट के अन्तर्गत रखा जाएगा। इसके लिए शासन ने अब खाद्य एवं औषधि प्रशासन से लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया है। यदि विभाग से 25 जून तक लाइसेंस नहीं लिया तो कार्रवाई शुरू हो जाएगी। विभागीय निर्देशों के अनुसार छापेमारी के दौरान यदि लाइसेंस नहीं मिला तो पांच लाख रुपए के जुर्माने के साक ही छह माह की जेल की सजा काटनी होगी।

शासन की ओर से निर्देश जारी किया गया है कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन से लाइसेंस लेने के बाद ही देशी, अंग्रेजी व बीयर बेच सकेंगे, लेकिन अभी तक जिले के किसी भी शराब कारोबारी ने फूड सेफ्टी विभाग से लाइसेंस नहीं बनवाया है। जिला अभिहित अधिकारी के अनुसार शासन की ओर से 25 जून तक लाइसेंस बनवाने के लिए समय दिया गया गया है। यदि लाइसेंस नहीं बना तो कार्रवाई शुरू कर देंगे। ऐसे में जिले में सरकारी शराब की 360 दुकाने हैं। इतने कम समय में कितने लाइसेंस बनते हैं और कितने पर कार्रवाई होती है यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# मारपीट कर रहे पांच लोग गिरफ्तार

बहराइच। कैसरगंज इलाके के तीन गांवों में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

कैसरगंज एसएचओ दद्दन सिंह को मंगलवार शाम जानकारी मिली कि देवलखा गांव में मारपीट हो रही है। उन्होंने दरोगा राकेश कुमार सिंह, जीआर सरोज, सिपाही राजकुमार गौतम,जीतेन्द्र यादव को दबिश को भेजा। पुलिस ने फखरपुर थाने के इच्छापुर निवासी आलोक, कैसरगंज थाने के देवलखा निवासी रामू को गिरफ्तार किया। इसी पुलिस टीम ने हंसरामपुरवा में मारपीट की सूचना पर दबिश देकर श्यामू व त्रिभुवन को गिरफ्तार किया। कुड़ौनी में दबिश देकर अयूब को गिरफ्तार कर लिया।

# बद्री हत्याकांड में अदालत ने सात साल की सजा सुनाई

बहराइच, संवाददाता। न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्याधीश, ईसी एक्ट के जज मनोज कुमार मिश्रा ने 23 वर्ष पूर्व हुए बद्री हत्याकांड में एक आरोपी पर दोष सिद्ध होने पर सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोषसिद्ध अपराधी पर साढ़े पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जिसे अदा न किए जाने पर दो माह की सजा काटनी होगी।

एडीजीसी क्रिमिनल सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि जरवलरोड थाने के रेवढ़ा गांव निवासी रमेश चंद्र, उसका पिता राम हरख, चाचा बद्री पारा माझा के सीवान से 11 दिसम्बर 1992 की शाम 5:30 बजे चारा काटकर गांव आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में लाठी डंडे से लैस पारा माझा निवासी सुरेश कुमार पुत्र बालक राम, सतनाम व त्रिभुवन ने उससे आगे जा रहे पिता राम हरख व चाचा बद्री पर लाठियों से ताबड़तोड़ वार किए। जब तक वह अन्य लोगों के साथ पहुंचे, तब तक हमलावर फरार हो गए। घायलों को थाने लाए जाने पर तीनों हमलावरों के विरुद्ध मारपीट प्राणघातक हमले में गंभीर चोट की धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

## मारपीट मामले का 23 वर्ष बाद निस्तारण हुआ

बहराइच, संवाददाता। न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्याधीश, ईसी एक्ट के जज मनोज कुमार मिश्रा ने 23 वर्ष पूर्व मारपीट मामले में दोषसिद्ध पिता पुत्र को 20 -20 हजार की जमानत पर छह माह तक सदाचरण बनाए रखने के आदेश देकर निस्तारण किया है। जांच में आचरण गलत मिलने पर कोर्ट में सजा को हाजिर होना पड़ेगा।

# पेट्रोल पंपों पर बोतल में तेल देने पर होगी सख्त कार्रवाई



दरगाह थाने में सभासदों व पेट्रोल पंप कर्मियों संग बैठक करते एएसपी शहर कुंवर ज्ञानंजय सिंह व सीओ नगर विनय द्विवेदी ● जागरण

**संसू, बहराइच** : कानपुर में हुए उपद्रव व आगजनी की घटना के बाद शासन सख्त हो गया है। वहां जिस तरह उपद्रव के दौरान पेट्रोल बम चलाए गए, उनमें पेट्रोलपंपों की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं।

सीसी कैमरों की फुटेज से इस बात का राजफाश हुआ कि अराजकतत्वों ने नजदीक के पेट्रोलपंप से बोतल में तेल लेकर पेट्रोल बम तैयार किया था। शासन के निर्देश पर पुलिस ने पेट्रोलपंप मालिकों पर शिकंजा कसना शुरू किया है। जिले के सभी पेट्रोलपंपों पर नोटिस चस्पा किया गया है कि अब बोतलों में तेल नहीं दिया जाएगा। पंपकर्मियों को इस बात की हिदायत दी गई है कि अगर वे बोतल में तेल देते हैं तो पुलिस कार्रवाई की जद में आएंगे। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक शहर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सीओ नगर विनय कुमार द्विवेदी के साथ दरगाह थाना परिसर में पेट्रोलपंप मैनेजर व सभासदों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी व्यक्ति को बोतल में पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। उन्होंने सभासदों से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। सीओ ने बताया कि कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा। लोगों को यह बात समझनी चाहिए कि कानून व्यवस्था बनाने में सभी की भागीदारी आवश्यक है।

# दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर आठ लोगों पर मुकदमा

**जासं, बहराइच :** ग्राम पंचायत वनकुरी में बुधवार को चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर ईंट-पत्थर चले। घटना में दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ मारपीट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम वनकुरी में बुधवार को एक पक्ष तरन्नुम व दूसरे पक्ष गौस मुहम्मद के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्ष मारपीट पर उतर आए। ईंट-पत्थर चलने के साथ लाठी-डंडे चलने लगे। पुलिस ने दोनों पक्षों के आक्रोशित लोगों को समझाकर शांत कराया। थानाध्यक्ष रुपईडीहा श्रीधर पाठक ने बताया कि तरन्नुम की तहरीर पर एहतशाम, हयात, गौस मुहम्मद व इत्तिफाक के खिलाफ व गौस मुहम्मद की तहरीर पर लईक, मारूफ, नसीम व रहीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने शिविर में की जनसुनवाई



निरीक्षण भवन में गर्भवतियों की गोदभराई करतीं महिला आयोग की सदस्य मनोरमा शुक्ल ● जागरण

**संवाद सूत्र, बहराइच** : उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मनोरमा शुक्ल ने निरीक्षण भवन में मिशन शक्ति फेज-चार के अंतर्गत एक दिवसीय महिला जनसुनवाई एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया। उन्होंने पुष्टाहार विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान एक बच्चे का अन्न प्रासन एवं तीन गर्भवतियों की गोदभराई कराई।

उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 के अंतर्गत चार छात्र-छात्राओं मांशी चौरसिया, निखिल चौरसिया, निधि व तौकीर कलाम खां को लैपटाप का वितरण किया। इस दौरान 12 महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी जेडी यादव सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी, महिला थाना प्रभारी, बाल संरक्षण इकाई, एवं महिला शक्ति केंद्र की टीम, जिला प्रोबेशन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

**12** महिलाओं की समस्याओं के निदान का निर्देश

**04** छात्र-छात्राओं को किया लैपटाप का वितरण

**03** गर्भवतियों की गोदभराई बच्चे का अन्न प्रासन कराया

# गैर इरादतन हत्या में दोषी को सात वर्ष की सजा

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश विशेष ईसी एक्ट मनोज कुमार मिश्र द्वितीय ने गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी ठहराते हुए सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अतिरिक्त 5500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न अदा करने पर उसे 15 दिन अतिरिक्त जेल में रहना पड़ेगा।

**अदालत से**

- चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश विशेष ईसी एक्ट ने सुनाया फैसला
- 5,500 रुपये अर्थदंड न अदा करने पर 15 दिन अतिरिक्त जेल में रहना पड़ेगा

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अपराध सुनील कुमार जायसवाल ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि थाना जरवलरोड के रेवठा निवासी रमेशचंद्र ने थाने में मुकदमा लिखाया कि 11 दिसंबर 1992 को शाम साढ़े पांच बजे जब वह पिता रामहरख व चाचा बद्री प्रसाद के साथ चारा काट कर ला रहा था, तभी पारा माझा निवासी सुरेश कुमार अपने साथियों के साथ हाथों में लाठियां लिए मिले और रोक लिया।

कहा, इधर आओ। देखो हमारे खेत का गन्ना कटा हुआ है और तुम्हारे खेत में रखा है। इस पर मेरे पिता ने कहा कि हमारे देखने से कुछ नहीं होगा। इस पर उन लोगों लाठियों से मारना-पीटना शुरू कर दिया। पिता व चाचा को काफी चोटें आईं। चाचा बेहोश होकर गिर गए। शोर पर गांव के तमाम लोग पहुंचे और बीच-बराव किया।

पिता व चाचा को लेकर गांव वालों की मदद से थाने पर लाए। मेरे पिता रामहरख का हाथ टूट गया था। चाचा बद्री प्रसाद को गंभीर चोटें आईं। उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपित सुरेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और उसके खिलाफ अदालत में आरोपपत्र प्रस्तुत किया। अदालत ने मामले का संज्ञान लेकर बुधवार को सुरेश कुमार को दोषी करार दिया।

# प्रधान, सचिव व रोजगार सेवक ने हड़पी मजदूरी, प्रदर्शन



मिहींपुरवा के झाला गांव में प्रदर्शन करते मनरेगा मजदूर ● जागरण

**संसू, उर्रा (बहराइच):** विकास खंड मिहींपुरवा के ग्रामसभा झाला में मनरेगा श्रमिकों ने मजदूरी न मिलने पर प्रदर्शन किया। मजदूरों ने कहा कि प्रधान मजदूरी मांगने पर कहते थे कि अभी पैसा नहीं आया है। जाब कार्ड अपने घर रख लिया। अब प्रधान व रोजगार सेवक कह रहे हैं कि आप लोगों ने कोई कार्य नहीं किया है।

दरोगा, साहेब, मायादेवी, श्यामलाल, शीला आदि 38 लोगों ने खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि हम लोगों ने गत जून 2021 में सड़क की सफाई का कार्य किया, जिसे ग्राम प्रधान गेंदादेवी, सचिव मनीष सिंह, ग्राम रोजगार सेवक जवाहरलाल कुशवाहा ने दर्शाया ही नहीं, जिससे अब तक मजदूरी नही मिली। बीडीओ रमेंद्र कुशवाहा ने बताया कि जांच करने गए थे। उन लोगों से कार्य कराकर किसी और के नाम धन भेज दिया गया है।

**फर्जी तरीके से मनरेगा का धन निकालने पर दर्ज हुआ था मुकदमा** : सेमरहना निवासी दिनेश ने एक जून 2022 को ग्राम प्रधान झाला, सचिव, रोजगार सेवक और अपने तीन भाइयों के विरुद्ध मोतीपुर थाने में मुकदमा मुकदमा दर्ज कराया था। उनके मुताबिक उनकी भूमि में फर्जीवाड़ा करके तालाब की खोदाई दिखाकर मनरेगा योजना के तहत पैसा निकाल रहे थे, जिसकी विवेचना की जा रही है। ग्राम रोजगार सेवक जवाहरलाल इससे पहले ठगी व जालसाजी के आरोप में जेल जा चुका है।

# मारपीट के मामले में छह माह के परिवीक्षा की सुनाई सजा

**जासं, बहराइच :** चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार मिश्र द्वितीय ने मारपीट के मामले में दो आरोपितों को दोषी करार देते हुए छह माह के परिवीक्षा की सजा सुनाई है।

अपर शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि थाना जरवलरोड के बसंतपुर रेवढ़ा निवासी रामहरख व रमेश के खिलाफ 11 दिसंबर 1992 को सुरेश कुमार के खेत देखने के विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। इसमें अदालत ने धारदार हथियार से हमला करने, गाली-गलौज करने व धमकी देने के मामले में दोनों आरोपितों को बरी कर दिया है, जबकि मारपीट के मामले में उसे दोषी ठहराते हुए परिवीक्षा पर रहने के आदेश दिए। परिवीक्षा अवधि के दौरान छह माह तक सदाचार बनाए रखेंगे। इस दौरान यदि अपराध किया तो दंड भुगतने के लिए न्यायालय में उपस्थित होंगे।

# गैर इरादतन हत्या में दोषी को सात वर्ष की सजा

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश विशेष ईसी एक्ट मनोज कुमार मिश्र द्वितीय ने गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी ठहराते हुए सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अतिरिक्त 5500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न अदा करने पर उसे 15 दिन अतिरिक्त जेल में रहना पड़ेगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अपराध सुनील कुमार जायसवाल ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि थाना जरवलरोड के रेवठा निवासी रमेशचंद्र ने थाने में मुकदमा लिखाया कि 11 दिसंबर 1992 को शाम साढ़े पांच बजे जब वह पिता रामहरख व चाचा बद्री प्रसाद के साथ चारा काट कर ला रहा था, तभी पारा माझा निवासी सुरेश कुमार अपने साथियों के साथ हाथों में लाठियां लिए मिले और रोक लिया।

कहा, इधर आओ। देखो हमारे खेत का गन्ना कटा हुआ है और तुम्हारे खेत में रखा है। इस पर मेरे पिता ने कहा कि हमारे देखने से कुछ नहीं होगा। इस पर उन लोगों लाठियों से मारना-पीटना शुरू कर दिया। पिता व चाचा को काफी चोटें आईं। चाचा बेहोश होकर गिर गए। शोर पर गांव के तमाम लोग पहुंचे और बीच-बराव किया।

## अदालत से

- चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश विशेष ईसी एक्ट ने सुनाया फैसला
- 5,500 रुपये अर्थदंड न अदा करने पर 15 दिन अतिरिक्त जेल में रहना पड़ेगा

पिता व चाचा को लेकर गांव वालों की मदद से थाने पर लाए। मेरे पिता रामहरख का हाथ टूट गया था। चाचा बद्री प्रसाद को गंभीर चोटें आईं। उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपित सुरेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और उसके खिलाफ अदालत में आरोपपत्र प्रस्तुत किया। अदालत ने मामले का संज्ञान लेकर बुधवार को सुरेश कुमार को दोषी करार दिया।

# पति की तलाश में बहराइच पहुंची विवाहिता

रानीपुर (बहराइच)। दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को तलाक की धमकी देते हुए पति उसे महाराष्ट्र के नासिक में छोड़ आया। इसके बाद विवाहिता भटकते हुए पति की तलाश में जनपद के रानीपुर गांव पहुंच गई। विवाहिता ने थाना रानीपुर में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

महाराष्ट्र के नासिक निवासी महिला सबा खान पुत्री खुर्शीद ने रानीपुर थाने में बुधवार को तहरीर दी। इसमें बताया कि उसकी शादी चार वर्ष पूर्व रानीपुर थाना क्षेत्र के बुलहा गांव निवासी अजीज खान उर्फ छोटकऊ से हुई थी। वह नासिक में रहकर काम करता था। शादी के एक वर्ष बाद पति दहेज के लिए महिला पर दबाव बनाने लगा। सबा ने बताया कि उसका पति दहेज में पांच लाख रुपये की मांग कर रहा है जबकि उसके मायकेवाले काफी गरीब हैं। वे दहेज की मांग पूरी नहीं कर पा रहे हैं।

दो माह पूर्व पति ने उसके साथ मारपीट कर तलाक देने व जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह उसे छोड़कर अपने गांव चला आया। सबा ने बताया कि पति की तलाश करते हुए जब वह यहां पहुंची तो उसके परिवारवालों ने धमकाया। सबा ने तहरीर देकर न्याय की मांग की है। रानीपुर थानाध्यक्ष शिवनाथ गुप्ता ने बताया कि युवक फरार है। उसके पिता को बुलाकर पूछताछ की जा रही है। संवाद

# बिना परमिट फर्राटा भर रहीं दो बसें सीज, चालक का चालान

**बहराइच।** एसडीएम नानपारा व एआरटीओ प्रवर्तन की टीम ने मंगलवार की शाम को नानपारा में वाहनों की जांच की। इस दौरान बिना परमिट व अधोमानक वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान दो डबल डेकर बसों को बिना परमिट संचालित होने पर सीज कर दिया गया। एक बस चालक के पास लाइसेंस न होने के कारण उसका चालान कर दिया गया। नानपारा में मंगलवार की शाम डग्गामार वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान लखीमपुर खीरी व मिर्जापुर में पंजीकृत दो डबल डेकर बसों को रोककर जांच की गई। दोनों बसें बिना परमिट के संचालित होती पाई गईं। इस पर दोनों बसों को सीज कर दिया गया। लाइसेंस न होने पर टूरिस्ट बस के चालक का चालान भी किया गया। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-06-2022

# शमशान घाट व नाले पर अवैध कब्जे में बने मकान ढहाये गए

श्रावस्ती। अवैध कब्जों पर प्रशासन का बुलडोजर जमकर चल रहा है। मंगलवार शाम को थाना क्षेत्र सिरसिया में शमशान घाट व नाले की जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए मकानों को बुलडोजर से ढहा दिया गया। यह कार्रवाई एस डीएम के आदेश पर की गई।

सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुनी कला व ग्राम पंचायत घोलिया कला में कुछ लोगों ने शमशान घाट व नाले की जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान खड़े किए गए थे।

# अपराधियों पर करें सख्त कार्रवाई: एसपी

**दिशा निर्देश**

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक ने मल्हीपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, थाना परिसर आदि का भ्रमण कर साफ सफाई का जायजा लिया।वहां मिली खामियों में तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया।

उन्होंने थाना कार्यालय में रजिस्टरों को चेक किया, उनके रख रखाव और कमियों में सुधार के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क का भी जायजा लिया। डेस्क पर नियुक्त कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की नसीहत दी।

# चोरी करते चोर को पकड़ा, दूसरा फरार

जमुनहा। अलग अलग गांवों में चोरी करके भाग रहे लोगों ने घेर लिया। जिसमे एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया गया। वही दूसरा चोर फरार हो गया। पकड़े गये चोर व बरामद सामान को पुलिस को सौंप दिया।

थाना मल्हीपुर के सरहदी गांव सागर गांव निवासी भुल्लन के यहां मंगलवार की रात में चोरों ने धावा बोला था।

# अवैध कब्जा कर बनाए मकानों पर चला बुलडोजर

## नाला व श्मशान घाट की जमीन पर बनाए थे मकान, एसडीएम के निर्देश पर कार्रवाई

संसू, सिरसिया (श्रावस्ती) : सिरसिया क्षेत्र के जमुनीकला व घोलियाकला गांव में नाले व श्मशान घाट की जमीन पर ग्रामीणों की ओर से अवैध कब्जा कर बनाए गए मकानों को राजस्व व पुलिस टीम ने बुलडोजर लगाकर ढहा दिया। यह कार्रवाई एसडीएम के निर्देश पर की गई है।

सिरसिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुनीकला व घोलियाकला में कुछ लोगों ने श्मशान घाट व नाले की जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान खड़े कर लिए थे। इसकी शिकायत ग्रामीणों की ओर से प्रशासन से की गई थी। लोगों की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम प्रवेंद्र कुमार ने अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश राजस्व व पुलिस टीम को दिए थे। मंगलवार की शाम एसडीएम व सिरसिया प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह भारी पुलिस बल व राजस्व टीम के साथ बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचे। राजस्व टीम की ओर से श्मशान घाट व नाले की जमीन की पैमाइश की गई। इसके बाद अवैध कब्जा कर बनाए गए मकानों को बुलडोजर से ढहा दिया गया। एसडीएम ने बताया कि तहसील प्रशासन की ओर से अतिक्रमणकारियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत अतिक्रमण को हटवाया गया है। किसी भी कीमत पर सरकारी जमीन पर कब्जा बर्दास्त नहीं किया जाएगा।



सिरसिया क्षेत्र के जमुनीकला गांव में श्मशान घाट की जमीन पर बने मकान को ढहाता बुलडोजर ● जागरण

# जनता दर्शन में आईं 21 शिकायतें

**श्रावस्ती :** एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बुधवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें आठ भूमि विवाद, छह पारिवारिक विवाद व सात अन्य विवाद से संबंधित शिकायतें थीं। प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। (वि.)

# ग्रामीणों ने एक चोर को दबोचा, दूसरा फरार

**संवाद न्यूज सेवा**

**जमुनहा(श्रावस्ती)।** सागर गांव व श्रीनगर के मजरा चमरपुरवा में चोरी की घटना को अंजाम देकर भाग रहे चोरों को मंगलवार रात ग्रामीणों ने दौड़ा लिया।

इस दौरान एक चोर को पकड़ने में ग्रामीण सफल रहे जबकि दूसरा चोर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मोटर साइकिल छोड़ कर भाग निकलने में सफल रहा। दबोचे गए कब्जे से पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद किया है। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सागर गांव निवासी भुल्लन के पत्नी घर में सोई हुई थी।

इसी बीच पहुंचे चोर ने उसके पैर से पायल व एक मोबाइल पार कर लिया। इसके बाद चोरों ने रमपुरवा श्रीनगर निवासी हनुमान प्रसाद के चारपाई से मोबाइल, चार्जर व पावर बैंक उठा लिया। जहां से लौटते समय चोर श्रीनगर के ही मजरा चमरपुरवा निवासी अंबर लाल के यहां से मोबाइल और म्यूजिक सिस्टम उठाकर भगने लगे। इस बीच हनुमान प्रसाद की पत्नी ने शोर मचाना शुरू कर दिया तो चोर भागने लगे। ग्रामीणों ने दौड़ा कर एक चोर को दबोच लिया जबकि दूसरा चोर अंधेरे का फायदा उठाकर मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया।



**मौके से भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने दबोचा।** -संवाद

# एसपी ने मल्हीपुर थाने का किया निरीक्षण



**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को मल्हीपुर थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित विवेचनाओं को समय से निस्तारित कराने का निर्देश दिया। साथ ही थाना परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए थाना प्रभारियों को कहा। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य बुधवार को मल्हीपुर थाने पहुंचे। उन्होंने कार्यालय के रजिस्टर नंबर आठ, अपराध रजिस्टर, एक्टीव लिस्ट, बीट सूचना रजिस्टर, फ्लाई शीट रजिस्टर, हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव, मालखाना व लावारिस मालों के निस्तारण के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया। उन्होंने सभी बीट प्रभारियों व कर्मचारियों को बीट में जाकर चौपाल लगाने व लोगों की समस्याएं सुनकर उसका निराकरण कराने को कहा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य मौजूद रहे। (संवाद)

# महिलाओं को किया जागरूक



**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला पुलिस मिशन शक्ति अभियान चला रही है। इसी के तहत बुधवार को महिला बीट पुलिस अधिकारी व शक्ति मोबाइल में शामिल महिला आरक्षी संज्ञा भारती, अर्जिता यादव ने सोनवा थाना क्षेत्र कई गांवों में जाकर महिलाओं व किशोरियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्हें बाल विवाह न करने, बाल श्रम सहित महिला संबंधी अपराध जैसे घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न आदि के बारे में जानकारी दी। पुलिस आपातकालीन नंबर व वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चिकित्सीय सहायता के लिए 108 पुलिस कंट्रोल नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के बारे में महिलाओं को बताया गया। (संवाद)

# 105 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से बुधवार को संदिग्ध वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 105 वाहनो का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस द्वारा 1,91,500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया। वहीं क्षेत्राधिकारी भिनगा व इकौना के नेतृत्व में सभी थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा कस्बे में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पैदल गश्त किया। (संवाद)

# शातिभंग के आरोप में चार धरे गये

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से मंगलवार रात चलाए गए अभियान के दौरान अलग अलग स्थानों से 14 लोगों को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध संबंधित पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। (संवाद)

# वांछित अपराधी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली प्रभारी मंगलवार गश्त पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने मुखबिर की सूचना पर बगुरैया मोड़ चौराहा के पास से एक वांछित को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार रमेश उर्फ बाला निवासी नरैना बाबा थाना धौरहरा जिला लखीमपुर खीरी के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)

# बैंक व ग्राहक सेवा केंद्र की पुलिस ने जांची सुरक्षा

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश पर सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने बुधवार को बैंक व ग्राहक सेवा केंद्रों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में लक्ष्मणनगर चौकी पुलिस ने बैंकों की जांच की। पुलिस ने क्षेत्र के बैंक में लगे सीसीटीवी, सायरन व संदिग्ध व्यक्तियों सहित वाहनों की जांच की गई। संवाद